खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump.com

पत्र नहीं मित्र

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

# देशबन्धु

जबलपुर, शनिवार 21 जून 2025 । वर्ष – 69 । अंक – 216 पृष्ठ – 12 । मूल्य – 3.00 रु.



- कबाड़ से जुगाड़ ही उनकी... / छोटे बैंकों के डूबने की... 04
- दो ताकतवर देशों का खौफ या नफा... / ग्यारह वर्ष : उद्देश्यपूर्ण जनादेश, परिवर्तन... 09
- स्विस बैंक में तीन गुना बढ़ा भारतीयों का पैसा / खाद्य तेल की किल्लत का खतरा, कांडला बंदरगाह... 11
- यशस्वी व केएल राहुल... / ड्रा की तरफ बढ़ रहा... 10


## सार संक्षेप

### कौशांबी में आकाशीय बिजली ने बरपाया कहर, चार बच्चों की मौत, पांच झुलसे

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में आसमानी आफत ने कहर बरपाया है। अलग-अलग स्थानों में आकाशीय बिजली गिरने से चार बच्चों की मौत हो गई, जबकि 5 बच्चे झुलस गए। कौशांबी के एएसपी राजेश सिंह ने इसकी पुष्टि की है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कौशांबी जिले के अलग-अलग दो थाना क्षेत्रों में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं हुईं, जिसमें 4 बच्चों की मौत हो गई और 5 बच्चे झुलस गए। दोनों घटनाएं मंझनपुर तहसील क्षेत्र की हैं। पहली घटना सराय थाना क्षेत्र के जुगराजपुर गांव की है, जहां 4 बच्चे खेतों में पशु चरा रहे थे। अचानक मौसम बिगड़ा और बारिश शुरू हो गई। सभी बच्चे घर की ओर लौटने लगे, लेकिन इसी दौरान तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली गिरी। इसकी चपेट में आकर 13 वर्षीय सतीश कुमार और 13 वर्षीय मनी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 8 वर्षीय दिपांजलि और 10 वर्षीय पवन झुलस गए। दोनों का उपचार जिला अस्पताल में जारी है।

दूसरी घटना कौशांबी थाना क्षेत्र के तारा का पुरवा गांव में हुई, जहां पांच बच्चे खेत में पशु चरा रहे थे। बारिश शुरू होते ही वो सभी एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए। तभी तेज चमक और धमाके के साथ बिजली पेड़ पर गिर गई। हादसे में 16 वर्षीय गोविंद निषाद और 15 वर्षीय रूपा देवी की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए।




### बिरादरी की बात

चूहा-सुनती हो-मणिपुर में फिर हिंसा भड़क गई है।

चुहिया- हां प्रिये- बातें दुनिया के मुद्दे सुलझाने की हो रहीं हैं और 'घर' रह-रहकर सुलग उठता है।

## तेज होता जा रहा इजरायल-ईरान युद्ध

# ईरान के परमाणु रिएक्टर पर बरसाए बम

**तेहरान/तेल अवीव,( एजेंसियां )।** इजरायल-ईरान युद्ध निरन्तर तेज होता जा रहा है। इस कड़ी में इजरायल ने ईरान के परमाणु रिएक्टर को निशाना बनाते हुए भारी बम बरसाए जिसमें हर तरफ तबाही का मंजर दिखा। यह हमला अराक हैवी वॉटर रिएक्टर पर किया गया। यह एक तरह का परमाणु रिएक्टर है जो न्यूट्रान मॉडरेड के रूप में काम करता है।

दूसरी ओर जवाबी हमले में ईरान ने तेलअवीव से लेकर हाईफा तक धमाके किए। इस युद्ध में अब रूस खुलकर सामने आ गया है और ईरान प्रमुख खमेनेई के समर्थन में बयान देते हुए अमेरिका को चेताया है कि-खमेनेई को मारना अमेरिका के वश की बात नहीं है। ईरान और इजरायल के बीच जंग के आठवें दिन ईरान ने इजरायल के बीर्शेबा शहर में माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के पास बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। इससे कई कारों में आग लग गई। आस-पास के घरों को भी नुकसान पहुंचा।

>>शेष पृष्ठ 2 पर

### नाटो समिट में उठेगा ईरान का मुद्दा

जर्मन सरकार के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि अगले सप्ताह होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन में ईरान पर चर्चा होने की संभावना है। प्रवक्ता ने इजराइल-ईरान युद्ध में संभावित अमेरिकी सैन्य भागीदारी का जिक्र करते हुए कहा कि हम सहयोगियों की संभावित योजनाओं पर टिप्पणी नहीं करते हैं।

- तेल अवीव से लेकर हाइफा तक धमाके ही धमाके
- इजराइल-इजराइल जंग के आठवें दिन ईरानी मिसाइलों ने मचाया कहर
- कई कारों में लगी आग व आस-पास के घरों को पहुंचा नुकसान

### ईरान ने भारत के लिए अपना एयरस्पेस खोला

इजराइल के साथ हफ्ते भर से जारी जंग के बीच ईरान ने भारत के लिए अपना एयरस्पेस खोल दिया है। ऑपरेशन सिंधु के तहत भारत सरकार अगले दो दिनों के दौरान 3 स्पेशल चार्टर्ड फ्लाइट्स से करीब 1 हजार भारतीय छात्रों को वहां से रेस्क्यू करेगी। छात्रों को लेकर एक फ्लाइट शुक्रवार रात और दो फ्लाइट्स शनिवार दोपहर तक भारत पहुंचेगी। इन फ्लाइट्स की व्यवस्था भारत सरकार ने की है। ये फ्लाइट्स ईरान के मशहद से उड़ान भरेंगी और दिल्ली में उतरेंगी। इससे पहले 110 भारतीय छात्र 19 जून को ईरान से भारत पहुंचे थे। हालांकि, इन्हें लैंड बॉर्डर के रास्ते ईरान से निकाला गया था। क्योंकि 13 जून को इजराइली हमले के बाद से ईरान का एयरस्पेस इंटरनेशनल फ्लाइट्स के लिए बंद था।

# भोपाल के अटल-पथ पर आज लगेंगे योगासन

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय मंत्री उइके होंगे शामिल





### मोदी विशाखापत्तनम में योग दिवस कार्यक्रम में होंगे शामिल



*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विशाखापत्तनम में योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे और उनके संबोधन का भी सजीव प्रसारण होगा उसके पश्चात सामान्य योग प्रोटोकॉल का सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम होगा।*

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 का राज्य स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम शनिवार 21 जून को प्रातः 6 बजे भोपाल के टीटी नगर स्थित अटल पथ पर आयोजित होगा। एक पृथ्वी - एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर यह वृहद आयोजन होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संबोधन भी होगा।

केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उइके राज्य स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे एवं सांसद खजुराहो वीडी शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आयुष सहित

### हर जिले में होंगे कार्यक्रम

विभिन्न विभागीय अधिकारीगण भी उपस्थित रहेंगे। प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून 2025 को प्रदेश के सभी जिलों में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

# एअर इंडिया की नौ उड़ानें रद्द

## हवाई अड्डे पर मेंटेनेंस व ऑपरेशनल कारणों का दिया हवाला

**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** एअर इंडिया ने शुक्रवार को 9 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी हैं। इनमें चार अंतरराष्ट्रीय और पांच घरेलू हैं। एअर इंडिया ने बताया कि एयरपोर्ट पर मेंटेनेंस और ऑपरेशनल वजहों से इन उड़ानों को रद्द किया गया है।

- अहमदाबाद विमान हादसे के बाद 9 दिनों में 84 उड़ानें हुईं रद्द
- हर सप्ताह 38 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें घटाएगा एअर इंडिया

घरेलू उड़ानों में पुणे से दिल्ली जा रही फ्लाइट एआई 874, अहमदाबाद से दिल्ली की फ्लाइट एआई 456, हैदराबाद से मुंबई की फ्लाइट एआई 2872 और चेन्नई से मुंबई की फ्लाइट एआई 571 रद्द हुई हैं। वहीं, अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में दुबई से चेन्नई आ रही फ्लाइट एआई 906, दिल्ली से मेलबर्न जा रही फ्लाइट एआई 308, मेलबर्न से दिल्ली आ रही फ्लाइट एआई 309 और दुबई से हैदराबाद आ रही फ्लाइट एआई 2204 शामिल हैं। वहीं, दिल्ली से पुणे जा रही फ्लाइट से पक्षी टकराया गया, जिसके चलते विमान की रिटर्न जर्नी कैंसिल कर दी गई। इन उड़ानों के रद्द होने से 21 जून से 15 जुलाई तक हवाई सेवाएं प्रभावित होंगी। खासतौर पर अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कमी आएगी।

### मदुरै जा रहा विमान तकनीकी खराबी के कारण वापस चेन्नई लौटा

मदुरै जाने वाली इंडिगो एयरलाइन के विमान में शुक्रवार को बीच हवा में तकनीकी खराबी आ गई। इस वजह से उसे वापस चेन्नई लौटना पड़ा। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि करीब आधे घंटे की उड़ान के बाद इंडिगो एयरलाइंस के विमान के पायलट ने खराबी का पता लगाया और चेन्नई वापस आने और उतरने की अनुमति मांगी। इसके बाद करीब 68 यात्रियों को लेकर जा रहा विमान बाद में सुरक्षित रूप से यहां उतरा। सभी यात्रियों को विमान से उतार लिया गया।



## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

# तलाशी अभियान के दौरान गोलीबारी में महिला की मौत, किसान घायल

**इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में शुक्रवार को फिर से हिंसा भड़क उठी। पहाड़ी इलाकों में तलाशी अभियान के दौरान एक महिला की मौत हो गई और एक किसान को गोली लग गई। यह घटना उस वक्त हुई जब सुरक्षाबलों ने संदिग्ध बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाया।

दरअसल, शुक्रवार दोपहर लगभग 3 बजे फुबाला अवांग मानिंग लेईकाई गांव का एक किसान, निंगथौजम बीरेन सिंह, अपने धान के खेत में काम कर रहा था, तभी किसी अज्ञात हथियारबंद व्यक्ति ने उसे गोली मार दी। गोली उसके बाएं हाथ में लगी। घायल अवस्था में पहले उसे बिष्णुपुर जिला अस्पताल ले जाया गया, फिर बेहतर इलाज के लिए इम्फाल स्थित रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज भेजा गया। डॉक्टरों के अनुसार, अब उसकी हालत स्थिर है।

**सुरक्षाबलों ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया**-घटना के तुरंत बाद सुरक्षाबलों ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। पुलिस के मुताबिक, फुबाला, हेइचांगलोक और लैंगचिंगमनबी गांवों के पश्चिमी हिस्सों में गहन सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इसी तलाशी अभियान के दौरान चुराचांदपुर जिले में गोलीबारी हुई, जिसमें एक महिला की मौत हो गई। मणिपुर पुलिस का कहना है कि जब संयुक्त बलों की टीम पहाड़ी इलाके में घुसी, तो कुछ संदिग्ध भागने लगे और उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की।

## निर्वाचन आयोग ने बदले नियम

# अब 45 दिन तक ही सुरक्षित किए जाएंगे चुनावों के वीडियो फुटेज और तस्वीरें

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** चुनाव आयोग ने चुनावों के वीडियो फुटेज और तस्वीरों को स्क्रिप्ट करने के अपने दिशा-निर्देशों में संशोधन किया है। परिणामों की घोषणा के बाद डेटा को संरक्षित रखने की अवधि को घटाकर अब 45 दिन कर दिया गया है। इसके बाद अगर कोई चुनाव याचिका दायर नहीं की जाती है तो डेटा को नष्ट किया जा सकता है।

चुनाव आयोग ने 30 मई को सभी राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को इस तरह की सामग्री के दुरुपयोग का हवाला देते हुए अपना फैसला सुनाया। आयोग ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कानून द्वारा अनिवार्य नहीं है लेकिन इसका उपयोग इंटरनल मैनेजमेंट टूल के रूप में किया जाता है। यह 6 सितंबर, 2024 को जारी किए गए पूर्व निर्देशों से अलग है, जिसमें चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के वीडियो फुटेज को सेफ रखने के लिए विशिष्ट समयसीमा तीन महीने से एक साल तक निर्धारित की गई थी।

पहले के दिशानिर्देशों के अनुसार, नामांकन-पूर्व अवधि के फुटेज को तीन महीने तक सुरक्षित रखा जाना था जबकि नामांकन चरण, अभियान अवधि, मतदान केंद्रों के अन्दर और बाहर और मतगणना की रिकॉर्डिंग को चरण के आधार पर 6 महीने से एक साल तक की अवधि के लिए सुरक्षित रखा जाना था। उन्होंने कहा कि

*चुनाव आयोग ने सभी सीईओ को भेजे अपने नए निर्देशों में लिखा है, सोशल मीडिया पर गलत सूचना और दुर्भावनापूर्ण बयानबाजी फैलाने के लिए इस सामग्री का हाल ही में दुरुपयोग किया गया है, जिसमें ऐसी सामग्री का जरूरत के बाहर उपयोग किया गया है जिसका कोई कानूनी परिणाम नहीं होगा, जिसके कारण इसकी समीक्षा की गई है।*

### पहले तीन माह से एक वर्ष तक सुरक्षित रखे जाते थे चुनाव फुटेज

अगर चुनाव याचिका दायर की जाती है तो मामले के पूरा होने तक फुटेज को संग्रहीत किया जाएगा।

चुनाव प्रक्रिया के सीसीटीवी फुटेज से संबंधित हाल के महीनों में चुनाव आयोग द्वारा किया गया यह दूसरा महत्वपूर्ण बदलाव है। पिछले साल दिसंबर में सरकार ने चुनाव संचालन नियमों के नियम 93(2)(ए) में संशोधन करके ऐसे फुटेज तक जनता की पहुंच सीमित कर दी थी। नियम के संशोधित संस्करण में अब कहा गया है, इन नियमों में चुनाव से संबंधित निर्दिष्ट सभी अन्य कागजात सार्वजनिक निरीक्षण के लिए खुले होंगे।

## झारखंड जा रही कार की ट्रक से हुई भीषण भिड़ंत

# 9 की जान गई

**पुरुलिया।** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें 9 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह भयानक दुर्घटना पुरुलिया-टाटा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 18 पर हुई, जो कि बलरामपुर थाना क्षेत्र के नामसोल प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित है।

बोलेरो में सवार सभी लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे। यह चार पहिया बोलेरो गाड़ी पुरुलिया से बलरामपुर की ओर जा रही थी, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक से जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और ट्रक भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे धान के खेत में पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि आसपास के लोग और राहगीर भी घबराकर मदद के लिए दौड़ पड़े।

### शादी समारोह से लौट रहे थे और मौत ने जकड़ लिया

जैसे ही हादसे की सूचना मिली, बलरामपुर थाने की पुलिस और स्थानीय लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। घायलों को नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने बताया कि 9 लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

पुलिस के अनुसार, मृतक सभी पुरुलिया के बड़ाबाजार थाना क्षेत्र के अदबाना गांव के निवासी थे और झारखंड के नीमडीह थाना क्षेत्र के तिलाईटांड गांव की ओर जा रहे थे। बोलेरो में कुल 9 लोग सवार थे और सभी की मौत हो गई।

**हादसे की तस्वीरें देखकर कांप उठे लोग**-घटना के बाद जब तस्वीरें सामने आईं, तो लोगों ने बताया कि बोलेरो गाड़ी इतनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थी कि उसे पहचानना भी मुश्किल था। हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक और दहशत का माहौल है।





Excellence in Education, Excellence in Life

A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200


## रिपोर्ट — 2024 के लोकसभा चुनावी खर्च को लेकर खुलासा

# भाजपा ने 1737.68 करोड़ किए खर्च

**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** साल 2024 के लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने कितने रुपए खर्च किए हैं, इसको लेकर रिपोर्ट में जानकारी सामने आई है। भाजपा की ओर से चुनाव आयोग को प्रस्तुत व्यय रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

दरअसल, भाजपा ने साल 2024 के लोकसभा चुनाव में 1,737.68 करोड़ रुपए खर्च किए। पार्टी की ओर से चुनाव आयोग को प्रस्तुत व्यय रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, कुल राशि में से 884.45 करोड़ रुपए सामान्य पार्टी प्रचार पर खर्च किए गए, जबकि 853.23 करोड़ रुपये उम्मीदवार संबंधी खर्चों के लिए आवंटित किए गए। रिपोर्ट में बताया गया है कि लगभग 611.50 करोड़ रुपए मीडिया विज्ञापनों पर खर्च किए गए। इसमें प्रिंटिंग और इलेक्ट्रानिक मीडिया में विज्ञापन, बल्क एसएमएस

### अन्य नेताओं की यात्रा पर 2.53 करोड़ खर्च

अभियान और केबल, वेबसाइट तथा टीवी चैनलों पर प्रचार सामग्री शामिल थी। इसके अलावा पार्टी ने चुनाव प्रचार के लिए पोस्टर, बैनर, होर्डिंग और झंडों पर 55.75 करोड़ की राशि व्यय की। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक बैठक, जुलूस और जनसभाओं पर भाजपा का खर्च 19.84 करोड़ रुपये का रहा। इनमें मंच, ऑडियो सेटअप, बैरिकेड्स और वाहनों की व्यवस्था शामिल है। अभियान से संबंधित यात्रा व्यय में पार्टी के बजट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा खर्च किया गया। गौरतलब है कि साल 2024 के आम चुनाव में बीजेपी के नेतृत्व में एनडीए ने जीत हासिल की। पीएम नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार सत्ता की कमान संभाली। इस चुनाव में जीत हासिल करने के लिए बीजेपी ने धुआंधार प्रचार किया। हालांकि, ध्यान देने वाली बात है कि पिछले दो आम चुनावों के मुकाबले भाजपा को इस साल 2024 के लोकसभा चुनाव में कम सीटें मिलीं। बीजेपी अपने दम पर बहुमत पाने में कामयाब नहीं हो सकती, लेकिन एनडीए को बहुमत मिला।

पार्टी के केंद्रीय मुख्यालय द्वारा अधिकृत स्टार प्रचारकों का यात्रा खर्च 168.92 करोड़ रुपए था, जबकि पार्टी के अन्य नेताओं की यात्रा पर 2.53 करोड़ रुपए खर्च किए गए। आम चुनाव में भाजपा ने लगातार तीसरी बार जीत हासिल की थी। इस जीत के लिए उसने बड़े पैमाने पर संपर्क और प्रचार अभियानों पर जोर दिया, जो उसके खर्च के तरीके से भी स्पष्ट है।

# देश-विदेश

## कनाडा में भारतीय छात्रा की मौत

**नई दिल्ली।** कनाड़ा में वैंकूवर स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने कहा है कि कैलगरी विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली एक भारतीय छात्रा तान्या त्यागी की मौत हो गई है। दूतावास ने छात्रा की मौत का कारण नहीं बताया लेकिन कहा है कि वह अधिकारियों के संपर्क में है और शोक संतप्त परिवार को सभी सहायता प्रदान करेगा। दूतावास ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा हम कैलगरी विश्वविद्यालय की भारतीय छात्रा सुश्री तान्या त्यागी के आकस्मिक निधन से दुखी हैं। वाणिज्य दूतावास अधिकारियों के संपर्क में है और शोक संतप्त परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेगा। हमारी हार्दिक संवेदनाएं और प्रार्थनाएं मृतक के परिवार और दोस्तों के साथ हैं।

# ईरान में मौत का आंकड़ा 7 सौ के पास पहुंचा

**वॉशिंगटन।** वॉशिंगटन स्थित एक ह्यूमन राइट्स ग्रुप ने दावा किया है कि ईरान में मौत का आंकड़ा अब 657 हो चुका है और 2,037 लोग घायल हैं। वहीं, जंग में अब तक इजराइल के 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 600 से ज्यादा लोग घायल हैं। वहीं ईरान के खोरासन रजवी इलाके में सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के प्रतिनिधि अहमद अलामोलहोदा ने शुक्रवार को कहा कि कमांडरों, परमाणु कार्यक्रम अधिकारियों की मौत या सामाजिक नुकसान से ईरानियों को घबराने की जरूरत नहीं है।



उन्होंने शुक्रवार की नमाज़ के दौरान कहा कि दुश्मन मनोवैज्ञानिक और सैन्य हमलों से डर फैलाना चाहता है, लेकिन ईरानी जनता डटी हुई है। खामनेई की हालिया बंकर से दी गई अपील को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि लोग अपना सामान्य जीवन जारी रखें और शहरों को खाली न करें, क्योंकि इससे दुश्मन अपने इरादे में कामयाब हो जाएंगे। ईरान की तरफ से ताजा मिसाइल हमलों से हाइफा में दो लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। उसकी हालत गंभीर है। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक, घायल 16 साल के लड़के का इलाज कर रहा है। 54 साल के घायल व्यक्ति की हालत ठीक है। कई अन्य लोगों को हल्की चोटें लगी हैं।

शुक्रवार को जिनेवा में ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कालास, फ्रांस, जर्मनी और यूनाइटेड किंगडम के विदेश मंत्रियों के साथ लंच मीटिंग की। यह बैठक ईरान-इजराइल युद्ध के बीच तनाव कम करने और कूटनीतिक समाधान तलाशने के मकसद से हुई। हालांकि ईरान पहले ही साफ कर चुका है कि जब तक इजराइली हमले जारी रहेंगे, वह किसी भी तरह की बातचीत नहीं करेगा। फिर भी इस मुलाकात को संभावित शांति प्रयास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। वहीं ईरान ने यूनेस्को से अपील की है कि वह इजराइली हमलों के कारण उसकी सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर पर मंडरा रहे सैन्य खतरों से उसकी रक्षा के लिए तत्काल हस्तक्षेप करे। यूनेस्को महानिदेशक ऑड्री अज़ोले को भेजे गए पत्र में ईरान ने बताया कि उसके पास 40,000 से अधिक राष्ट्रीय रूप से पंजीकृत स्थल और 28 वर्ल्ड हेरिटेज नामांकन हैं, जिनमें 54 ऐतिहासिक कारवां सराय, राष्ट्रीय रेलवे, हायर्केनियन जंगल, क़नात और ऐतिहासिक बाग शामिल हैं।

ईरान ने चेतावनी दी कि यदि यूनेस्को देरी करता है तो ये धरोहरें पूरी तरह से नष्ट हो सकती हैं। इजराइली मीडिया जेरूसलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार रात वॉशिंगटन में इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वांस और डिफेंस सेक्रेटरी पीट हेगसेथ के साथ गुप्त बैठक की।

इस बैठक में ईरान पर संभावित सैन्य कार्रवाई में अमेरिका की भूमिका को लेकर चर्चा हुई। रिपोर्ट में दो सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि इस बैठक में इजराइली डिफेंस मिनिस्टर इसराइल काट्ज़, आईडीएफ चीफ एयाल ज़ामिर और स्ट्रैटेजिक अफेयर्स मिनिस्टर रॉन डर्मर भी शामिल थे। चर्चा के विवरण सार्वजनिक नहीं किए गए हैं।

# बिहार को छह हजार करोड़ की योजनाओं की सौगात



## -सीवान के जसौली में मोदी ने जनसभा को किया संबोधित
## -पटना-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

**पटना/सीवान, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को बिहार को 6000 करोड़ रुपए की योजनाओं की सौगात दी। मोदी बिहार के सीवान पहुंचे। जहां से उन्होंने करीब 10 हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदेश के 51 हजार लोगों को पीएम आवास योजना की पहली किस्त जारी की।

इसके अलावा पीएम मोदी ने वैशाली में नई रेल लाइन और पटना-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री मोदी ने सीवान के जसौली में एक जनसभा को भी संबोधित किया। संबोधन से पहले पीएम मोदी ने भव्य रोड शो भी किया। उनके साथ बिहार के सीएम नीतीश कुमार, दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा मौजूद थे। बता दें, चुनावी साल में 6 महीने के भीतर पीएम का यह चौथा बिहार दौरा है। इससे पहले वे भागलपुर, मधुबनी, पटना और शाहबाद के इलाके में जनसभा कर चुके हैं।

मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत भोजपुरी में की। सबसे पहले पीएम मोदी ने भारत माता की जय बोलते हुए आगे भोजपुरी में कहा कि रउआ सब के प्रणाम करतानी।

पीएम मोदी ने कहा कि सिवान की ये धरती देश को ताकत देने वाली भूमि है। सिवान की धरती ने राजेन्द्र बाबू जैसी संतान दी।

राजेन्द्र बाबू की संविधान निर्माण, देश को दिशा दिखाने में बड़ी भूमिका रही। सिवान ने ब्रजकिशोर जैसे महान समाज सुधारक दिए। उन्होंने महिलाओं के लिए काम किया। मुझे खुशी है ऐसी ही महान आत्माओं के जीवन मिशन को एनडीए की सरकार आगे बढ़ा रही है।

## ओडिशा को भी दी करोड़ों की सौगात

भुवनेश्वर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओडिशा के दौरे पर हैं, इस दौरान उन्होंने राजधानी भुवनेश्वर में रोड शो किया। मोदी ने 18,600 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। जनसभा को संबोधित करते मोदी ने कहा कि आज 20 जून का दिन बहुत विशेष है। आज ओडिशा में पहली भाजपा सरकार ने सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा किया है। यह वर्षगांठ सिर्फ सरकार की नहीं है; यह सुशासन की स्थापना की वर्षगांठ है। यह एक वर्ष जनसेवा और जनविश्वास को समर्पित है। मैं ओडिशा के लोगों को हृदय से बहुत-बहुत बधाई देता हूं। मैं मुख्यमंत्री मोहन माझी और उनकी पूरी टीम को भी बधाई देता हूं।

## बातचीत की कोई गुंजाइश नहीं ?

# इजरायली हमले में ईरान का एक और न्यूक्लियर सांइटिस्ट मारा गया

**तेहरान।** ईरान और इजरायल के बीच में पिछले कई दिनों से भीषण युद्ध जारी है, दोनों ही तरफ से लगातार मिसाइलें दागी जा रही हैं। अब इस बीच इजरायल को एक और बड़ी कामयाबी हाथ लगी है।

इजरायली मीडिया कैन न्यूज के मुताबिक शुक्रवार को इजरायल की सेना ने तेहरान में एक बड़े हमले में ईरान के एक और न्यूक्लियर सांइटिस्ट को मौत के घाट उतार दिया है। इजरायल का दावा है कि उसे हर कीमत पर ईरान को परमाणु संपन्न देश बनने से रोकना है।

**इजरायल की एक और बड़ी कार्रवाई**-अभी के लिए ईरान ने इजरायल के उस हमले पर कुछ नहीं बोला है, सांइटिस्ट की मौत पर भी चुप्पी साधी गई है।

लेकिन इजरायल इसे एक बड़ी सफलता के रूप में देख रहा है, इससे पहले वाली स्ट्राइक में भी इजरायल ने ईरान के वैज्ञानिकों को निशाने पर लिया था। असल में इजरायल को इस जंग से पहले ही ऐसे इनपुट मिले थे कि ईरान परमाणु हथियार बनाने के काफी करीब पहुंच चुका है, उसी वजह से उस पर हमला हुआ और अब एक और वैज्ञानिक की मौत का दावा।

**ईरान की इजरायल को धमकी**-वैसे ईरान, इजरायल के इस अग्रेशन से काफी आक्रोशित है, उसका साफ कहना है कि अगर इजरायल बातचीत चाहता है तो उसे तुरंत इस हमले को रोकना होगा। ईरान के राष्ट्रपति मसूद ने दो टूक कहा है कि अगर इजरायल की तरफ से ऐसे ही हमले किए गए तो ईरान भी और बड़ी कार्रवाई करने के लिए मजबूर हो जाएगा। वैसे जिस बड़ी कार्रवाई का जिक्र हो रहा है, उसकी शुरुआत हो चुकी है। ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि ईरान ने इजरायल पर सेज्जिल मिसाइल दागी है, इसे लॉन्ग रेंज वाली एक खतरनाक मिसाइल के रूप में देखा जाता है।

## बिहार में बड़ा रेल हादसा, अवध-असम एक्सप्रेस और ट्रॉली की भीषण टक्कर, 1 की मौत, 4 घायल

**सोनपुर।** अभी-अभी मिली एक दिल दहला देने वाली खबर के अनुसार, सोनपुर रेल डिवीजन के कटिहार-बरौनी रेल खंड पर एक भयावह रेल हादसा हो गया है। काढ़ागोला और सेमापुर के बीच, बरौनी से कटिहार डाउन लाइन पर आ रही 15910 अवध-असम एक्सप्रेस एक रेलवे ट्रॉली से टकरा गई! यह टक्कर इतनी भीषण थी कि घटनास्थल पर ही एक ट्रॉलीमैन की मौत हो गई, जबकि चार अन्य रेलकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रॉली के परखच्चे उड़ गए और रेलवे ट्रैक पर अफरा-तफरी मच गई। चारों घायल रेलकर्मियों को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस दुखद घटना की पुष्टि स्वयं एडीआरएम मनोज कुमार सिंह ने की है, जिन्होंने बताया कि रेलवे ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं। यह घटना एक बार फिर रेलवे सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े करती है।


**पश्चिम मध्य रेल**

खुली निविदा (यांत्रिक शाखा)
निविदा सूचना क्र. JBP-M-Tender-08-2025 Date : 18/06/2025

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (फ्रेट), मंडल रेल प्रबंधक यांत्रिक कार्यालय,पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक दिनांक : JBP-M-Tender - 08 - 2025 Date : 18 / 06 / 2025, कार्य का नाम लोकेशन सहित:** सी एंड डब्ल्यू डिपो/ एनकेजे में बॉक्सएन और बॉक्सएनएचएल के कपलर रॉड की मरम्मत/ सीधा करने के काम को आउटसोर्स करना, **कार्य का विज्ञापित मूल्य रुपये :** 575325.00, **बयाना राशि रुपये :** 11500.00, **समापन की अवधि :** 24 माह, **निविदा क्लोजिंग तिथि एवं समय :** 10.07.2025 15:00 Hrs. उपरोक्त ई- निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के नोटिस बोर्ड। पर चस्पा की गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जाएगी।

(हस्ता)
कृते मंडल रेल प्रबन्धक (यांत्रिक), पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


## डीएनए मिलान से अब तक 220 शवों की पहचान

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया प्लेन क्रैश के एक सप्ताह बाद भी डीएनए मिलान से शवों की पहचान की जा रही है। शुक्रवार को गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री रुशिकेश पटेल ने बताया कि अब तक 220 शवों की पहचान हो गई है और उनमें से 202 के पार्थिव शरीर उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। अहमदाबाद में हुई इस दुर्घटना में 270 लोगों की मौत हो गई थी।

# अंग्रेजी भाषा शर्म नहीं शक्ति : राहुल

## शाह के अंग्रेजी के ब्यान पर बोला हमला

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि अंग्रेजी सशक्तीकरण करती है। यह शर्मनाक नहीं है और इसे हर बच्चे को सिखाया जाना चाहिए। राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा-आरएसएस नहीं चाहते कि गरीब बच्चे यह भाषा सीखें, क्योंकि वे नहीं चाहते कि वे सवाल पूछें और समानता हासिल करें।



राहुल का यह पोस्ट अमित शाह की उस टिप्पणी के बाद आया, जिसमें शाह ने कहा था कि इस देश में जो लोग अंग्रेजी बोलते हैं, उन्हें जल्द ही शर्म आएगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि आज की दुनिया में, अंग्रेजी उतनी ही जरूरी है जितनी आपकी मातृभाषा, क्योंकि यही रोजगार दिलाएगी, आत्मविश्वास बढ़ाएगी। भारत की हर भाषा में आत्मा है, संस्कृति है, ज्ञान है। हमें उन्हें संजोना है, और साथ ही हर बच्चे को अंग्रेजी सिखानी है। यही रास्ता है एक ऐसे भारत का, जो दुनिया से मुकाबला करे, जो हर बच्चे को बराबरी का मौका दे।

### भाषा विवाद में टीएमसी नेता भी कूदे

भाषा पर छिड़ी बहस के बीच, तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने शुक्रवार को कहा कि भारत में 22 संवैधानिक रूप से मान्यता प्राप्त भाषाएं और 19,500 भाषाएं और बोलियां हैं और यही हमारे देश की विविधता में एकता है। 97 प्रतिशत लोग मान्यता प्राप्त भाषाओं में से किसी एक को अपनी मातृभाषा के रूप में इस्तेमाल करते हैं। अमित शाह, पीएम नरेंद्र मोदी और उनका गिरोह इसे कभी नहीं समझ पाएगा। टीएमसी की राज्यसभा सदस्य सागरिका घोष ने भी लिखा, भारतीयों को किसी भी भाषा पर शर्म नहीं आनी चाहिए।

## कलकत्ता हाईकोर्ट से ममता को झटका

# बेरोजगार ग्रेड सी-डी स्कूल कर्मचारियों को आर्थिक मदद रोकी

**कोलकाता, (एजेंसियां)।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल सरकार को 26 सितम्बर तक गैर-शिक्षण कर्मचारियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की योजना को लागू करने से रोक दिया है।

कर्मचारियों ने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के बाद अपनी नौकरी खो दी थी, जिसमें चयन प्रक्रिया को गलत ठहराया गया था। हाईकोर्ट ने 9 जून को उन याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिनमें राज्य द्वारा ग्रुप सी के प्रत्येक कर्मचारी को 25,000 रुपए और ग्रुप डी के प्रत्येक कर्मचारी को 20,000 रुपए का भुगतान करने का विरोध किया गया था। अंतरिम आदेश में न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने राज्य सरकार को 26 सितम्बर तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, गैर-शिक्षण कर्मचारियों को आर्थिक राहत प्रदान करने की योजना को आगे बढ़ाने से रोक दिया है। उन्होंने राज्य सरकार को चार सप्ताह में याचिकाकर्ताओं की दलीलों के विरोध में अपना हलफनामा दाखिल करने और उसके बाद एक पखवाड़े के भीतर याचिकाकर्ताओं की ओर से जवाब देने का निर्देश दिया।

पश्चिम बंगाल सरकार ने समूह सी और डी श्रेणियों में गैर-शिक्षण कर्मचारियों के संकटग्रस्त परिवारों को मानवीय आधार पर सीमित आजीविका, सहायता और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक योजना शुरू की थी। इन कर्मचारियों को पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग की ओर से आयोजित 2016 की चयन प्रक्रिया के माध्यम से भर्ती किया गया था।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### ईरान के परमाणु.....

ईरान ने गुरुवार को बीर्शेबा के एक अस्पताल पर मिसाइल दागी थी, जिसमें 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका का मानना है कि ईरान अब परमाणु हथियार बनाने की पूरी क्षमता रखता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि अगर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई आदेश दे दें, तो ईरान कुछ ही हफ्तों में परमाणु बम बना सकता है। लेविट ने कहा कि ईरान के पास परमाणु हथियार बनाने के लिए जरूरी हर चीज मौजूद है। अब बस उन्हें अपने नेता के हां कहने भर की देर है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर ईरान ऐसा करता है, तो इससे सिर्फ इजराइल नहीं, बल्कि अमेरिका और पूरी दुनिया की सुरक्षा को खतरा होगा। इजराइल डिफेंस फोर्स ने कहा कि ताजा हमले में ईरान की ओर से करीब 25 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गई है। डॉक्टरों का कहना है कि हाइफा में एक मिसाइल हमले में कई लोग घायल हो गए है, जिनमें एक नाबालिग की हालत गंभीर है। दक्षिणी और मध्य इजराइल में भी मिसाइल हमले की खबरें हैं।

**ईरान में मौत का आंकड़ा 657 पहुंचा** - वॉशिंगटन स्थित एक ह्यूमन राइट्स ग्रुप ने दावा किया है कि ईरान में मौत का आंकड़ा अब 657 हो चुका है और 2,037 लोग घायल हैं। वहीं, जंग में अब तक इजराइल के 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 600 से ज्यादा लोग घायल हैं। वहीं ईरान के खोरासन रजवी इलाके में सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के प्रतिनिधि अहमद अलामोलहोदा ने शुक्रवार को कहा कि कमांडरों, परमाणु कार्यक्रम अधिकारियों की मौत या सामाजिक नुकसान से ईरानियों को घबराने की जरूरत नहीं है।


**Barela Nagar Parishad**

संपत्ति आईडी 1004184674 जावक नं. 1427
प्रकरण क्र. शहरी स्थानीय निकाय-PT5469 दिनांक 17-06-2025

**नामान्तरण आपत्ति का सूचना पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि MRS. शांति बाई जैन पिता/पति पति प्रेम चंद जैन, W/O हस्ते सुनील कुमार जैन S/O प्रेमचंद जैन ने भवन / भूखण्ड क्रमांक 6/2, Barela 483001 Ward-12
पिन क्रमांक / पुरानी सम्पति आई.डी - 11
प्लाट एरिया - 1187.5, निर्माण एरिया - 1187.5

| सं.क्र. | उपयोग प्रकार | उपयोग कारक | ज़मीन | निर्माण | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वाणिज्यिक | स्वयं-उपयोग | ग्राउंड फ्लोर | आर.सी.सी, आर या पत्थर की छत युक्त पक्के भवन | 1187.5 |

प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर निम्नलिखित नाम/नामों 1. सुनील कुमार जैन S/O प्रेमचंद जैन पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है।

जिस किसी को उक्त नामान्तरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर Barela Nagar Parishad के कार्यालय में नामान्तरण शाखा में लिखित एवं प्रमाण-पत्र सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थनापत्र प्रस्तुतकृत का नाम कर निर्धारण पुस्तिका में अंकित कर दिया जावेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

र.नं. 873 **राजस्व अधिकारी, नगर परिषद बरेला**

**Barela Nagar Parishad**

संपत्ति आईडी 1004184659 जावक नं. 1428
प्रकरण क्र. शहरी स्थानीय निकाय-PT5469 दिनांक 17-06-2025

**नामान्तरण आपत्ति का सूचना पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि MR. प्रेम चंद जैन पिता/पति पिता दयाराम जैन, S/O हस्ते सुनील कुमार जैन S/O प्रेमचंद जैन ने भवन / भूखण्ड क्रमांक 6, Barela 483001 Ward-12
पिन क्रमांक / पुरानी सम्पति आई.डी - 12
प्लाट एरिया - 1187.5, निर्माण एरिया - 1187.5

| सं.क्र. | उपयोग प्रकार | उपयोग कारक | ज़मीन | निर्माण | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आवासीय | स्वयं-उपयोग | ग्राउंड फ्लोर | आर.सी.सी, आर या पत्थर की छत युक्त पक्के भवन | 1187.5 |

प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर निम्नलिखित नाम/नामों 1. सुनील कुमार जैन S/O प्रेमचंद जैन पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है।

जिस किसी को उक्त नामान्तरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर Barela Nagar Parishad के कार्यालय में नामान्तरण शाखा में लिखित एवं प्रमाण-पत्र सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थनापत्र प्रस्तुतकृत का नाम कर निर्धारण पुस्तिका में अंकित कर दिया जावेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

र.नं. 873 **राजस्व अधिकारी, नगर परिषद बरेला**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**
**नेताजी सुभाषचन्द्र बोस मेडिकल कालेज के पास धनवंतरी नगर जबलपुर - 482003**
ई-मेल - eohbjbp@mp.gov.in, फोन नंबर 0761 2670707

**फ्री-होल्ड की आपत्ति आमंत्रण हेतु सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया है कि धनवंतरी नगर जबलपुर स्थित भवन क्रमांक LIG S - 602 श्रीमती पार्वती बरकडे (कोष्टा) पति स्व. श्री फूलचंद कोष्टा के द्वारा उक्त भवन को लीज फ्री होल्ड करने हेतु नियमानुसार निर्धारित राशि जमा कर इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भवन का विक्रय-विलेख दिनांक 12.09.1993 को निष्पादित हो चुका हैं। उक्त सम्पत्ति की लीज फ्री होल्ड की कार्यवाही प्रचलन में है। अतः यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा श्रीमती पार्वती बरकडे (कोष्टा) पति स्व. श्री फूलचंद कोष्टा को आवंटित धनवंतरी नगर जबलपुर स्थित भवन कमांक LIGS-602 का लीज फ्री होल्ड किया जावेगा एवं किसी भी संस्था/व्यक्ति का दावा भविष्य में मान्य नहीं होगा।

र.नं. 872 **सम्पदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्र./428/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका बबली पिता/ पति हेमराज निवासी- 71/ए हेक्टन गंज के पीछे केन्टोमेन्ट सदर जबलपुर द्वारा ग्राम कजरवारा प.ह.नं. 10 नं. बं. 505 ख.नं. 372/ रकबा 1800 वर्गफुट/ हेक्टेयर/रजिस्टर्ड विक्रयपत्र/ वसीयतनामा/ सहमति पत्र/ फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि आवेदक/ आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/ एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्र. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 20/06/2025 को जारी।
जारी दिनांक 20/06/2025
पेशी दिनांक 30/06/2025

र.नं. 871 **अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार Cholamandalam Investment And Finance Company Ltd. से प्राप्त निर्देशों के अनुसार आम सूचना प्रेषित करता हूँ कि, पक्षकार मो. आसिफ पिता श्री कल्लू खान निवासी 396/3711 आजाद नगर जबलपुर संपत्ति मौजा गुरदा नं. बं. 600 प.ह. नं. 81/24 रानिमं, महाराजपुर तहसील अधारताल जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नं. 120 रकवा 0.850 हेक्टे. एवं खसरा नं. 147/1 रकवा 0.480 हेक्टे. एवं खसरा नं. 147/2 रकवा 0.961 हेक्टे. कुल रकवा 2.291 हेक्टे में से प्रा. प्लाट नं. 84 प्लाट रकवा 900 वर्गफीट विक्रेता श्री इमरान अंसारी पिता सलीम अंसारी से क्रय कर मेरे पक्षकार की कंपनी में बंधक कर ऋण प्राप्त कर रहे है। उक्त संपत्ति की पार्टनरशिप डीड जो श्री सुनील पटेल पिता मोहनलाल पटेल एवं श्री राजेश राठौर पिता श्री रामकिशन राठोर एवं मो. साहब आलम पिता श्री मो. सादिक खान के नाम पर है उपलब्ध नहीं हितग्राही को उपलब्ध नहीं हो पा रहा है उक्त संपत्ति के संबंध में यदि आम जनता, व्यक्ति, संस्था, बैंक, सरकारी / गैर सरकारी, प्राधिकरण या अन्य को ऋण सुरक्षा में बंधक/रहन/गिरवी में किसी प्रकार की आपत्ति हो या किसी का कोई हक्क, हिरसा, दावा उक्त जायदाद पर हो, तो इस सूचना पत्र के प्रकाशन से 03 दिनों के अन्दर मेरे समक्ष / मेरे पक्षकार के समक्ष मय दस्तावेजों के, लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे, निर्धारित अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर उक्त सम्पत्ति को ऋण सुरक्षा में बंधक किया जाकर हितग्राही ऋण प्राप्त करेंगें, तत्पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
जबलपुर, दिनांक : 20-06-2025

**प्रवेश गिदरोनिया (एडवोकेट)**
**म.प्र. उच्च न्यायालय**
**कार्या/निवास-823, शाहीनाका गढ़ा जबलपुर, मो.नं. 9300122264**

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं रमेश कुमार वर्मा उम्र 46 वर्ष आत्मज स्व बलभद्र नाथ वर्मा निवासी वार्ड नं. 08. बोदा बाग, चेलवा टोला, हुजुर रीवा (म.प्र.) का निवासी हूँ । मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम शगुन वर्मा (SHAGUN VERMA) पिता श्री रमेश वर्मा (RAMESH VERMA) दर्ज हो गया है जबकि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम पलक वर्मा (PALAK VERMA) पिता श्री रमेश कुमार वर्मा (RAMESH KUMAR VERMA) दर्ज है! मैं अपनी पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम शगुन बर्मा (SHAGUN VERMA) पिता श्री रमेश वर्मा (RAMESH VERMA) के स्थान पर सही नाम पलक वर्मा (PALAK VERMA) पिता श्री रमेश कुमार वर्मा (RAMESH KUMAR VERMA) संशोधित कर दर्ज कराना चाहता हूँ। अतः मेरी पुत्री को पलक वर्मा (PALAK VERMA) पिता श्री रमेश कुमार वर्मा (RAMESH KUMAR VERMA) के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढ़ा जावें!

पुराना नाम - शगुन वर्मा
(SHAGUN VERMA)
पिता का नाम - श्री रमेश वर्मा
(RAMESH VERMA)
नया नाम - पलक वर्मा
(PALAK VERMA)
पिता का नाम - श्री रमेश कुमार वर्मा
(RAMESH KUMAR VERMA)

**न्यायालयः- सुश्री दीपशिखा दांगी, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 सिहोरा, जिला जबलपुर**

आर.सी.एस.ए.-188/2024
केशलाल पटेल वि. म.प्र. आम जनता

प्रति,
आम जनता को सूचनार्थ जिला जबलपुर म.प्र.
आम जनता को सूचित किया जाता है। कि केशलाल पटेल पिता स्व. कधीलाल पटेल निवासी गम भाटादौन त. सिहोरा हाल वार्ड नं. 16 बरा महोल्ला खितौला पो. खितौला त. सिहोरा जि. जबलपुर म.प्र. ने इस न्यायालय में आर.सी.एस.ए 188/2024 में आम जनता के विरूध वसीयतनाम दिनांक 27/07/2005 के संबंध में स्वत घोषणा बाबद दावा पेश किया है जो इस न्यायालय में दिनांक 15/07/24 को आम जनता की उपस्थिति हेतु नियत है। इसलिए नियत पेशी दिनांक को स्वयं अथवा मार्फत अधिवक्ता के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराये। यदि नियत पेशी दिनांक को आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित नहीं होते है या कोई जवाब, आपत्ति पेश नहीं करते तो आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। अतः आपको सूचित किया जाता है। कि यदि आप नियत पेशी दिनांक 15/07/25 को न्यायालय में उपसंजात नहीं होगें तो उक्त प्रकरण की सुनवाइ और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यह आज तारीख 14/05/25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

**(सुश्री दीपशिखा दांगी) चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 सिहोरा जिला जबलपुर**

# देश-प्रदेश

उवाच

**प्रधानमंत्री ने बता दिया कि भारत अपने मूल स्वभाव से समझौता नहीं करता**



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कार्यों से दुनिया को बता दिया कि भारत अपने मूल स्वभाव से समझौता नहीं करता। प्रधानमंत्री भय मुक्त भारत बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत को हर कार्य के लिए दुनिया की तरफ देखने की आदत को बदला है। अब भारत रक्षा उपकरणों सहित हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। ऑपरेशन सिंदूर में दुश्मन को घर में घुसकर मारकर दुनिया में भारत का डंका बजाया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेशन सेन्टर मप्रोफेशनल मीट को संबोधित किया।

राज्य स्तरीय गौशाला सम्मेलन में बोले मुख्यमंत्री

## मध्यप्रदेश को बनाएंगे देश की दुग्ध राजधानी

- पशुपालन विभाग का नाम अब गौपालन विभाग होगा
- गौशालाओं को 90 करोड़ रुपये की अनुदान राशि की अंतरित
- उत्कृष्ट गौशालाएं और गौ सेवियों को किया पुरस्कृत



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को देश की डेयरी केपिटल बनाएंगे। पशुपालन एवं डेयरी विभाग का नाम पशुपालन, डेयरी और गौपालन विभाग होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास परिसर में राज्य स्तरीय गौशाला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में प्रदेश भर से आए गौ-पालकों और गौ-शाला संचालकों ने उत्साह से भागीदारी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौ-शालाओं को 90 करोड़ रुपए की अनुदान राशि अंतरित सिंगल क्लिक से की। इस अवसर पर भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के तीन हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप ऋण स्वीकृति आदेश भी दिए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा की कि पशुपालन विभाग का नाम बदल कर अब इसे पशुपालन के साथ गोपालन विभाग भी कहा जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को देश की दुग्ध राजधानी बनाना है, राज्य शासन द्वारा इसके लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश नदियों का मायका है। पूरा प्रदेश वनों से आच्छादित है। वर्ष 2002-03 तक पशुपालन विभाग का बजट सिर्फ 300 करोड़ था, जो बढ़कर अब 2600 करोड़ हो गया है। किसी समय प्रदेश में फैट मात्रा के अनुसार दूध खरीदने की व्यवस्था लागू की गई थी। राज्य सरकार ने अमृत समान गौ-माता का दूध खरीदने का निर्णय लिया है, ताकि गौ-पालकों तक लाभ पहुंचे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गाय का दूध सम्पूर्ण आहार है। राज्य में हाईटैक गौशालाएं संचालित हो रही हैं। सरकार ने गौशाला संचालन के लिए अनुदान राशि 20 रुपए से बढ़कर 40 रुपए प्रति गाय प्रतिदिन की गई है। राज्य सरकार ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड से अनुबंध किया है। प्रदेश का दूध उत्पादन पांच गुना करने का लक्ष्य है। वर्तमान में प्रदेश में साढ़े पांच करोड़ लीटर दूध उत्पादित होता है और इसमें से लगभग आधा घरेलू उपयोग और शेष मार्केट तक पहुंचता है। फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर प्रदेश में दुग्ध से समृद्धि के लिए नई योजनाएं बना रहे हैं। दुग्ध उत्पादन और संकलन के कार्य को व्यवस्थित बनाने के लिए समितियों की संख्या भी 9 हजार से बढ़कर 26 हजार करने का संकल्प है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना में गाय के पालन के लिए अनुदान दिया जा रहा है। गाय के गोबर से किसान खाद बनाएं, सरकार प्राकृतिक खाद से उत्पादित अनाज का ज्यादा भाव देगी। वर्तमान में इंदौर, देवास, रीवा एवं कुछ अन्य जिलों में गौ-शालाओं के माध्यम से सीएनजी गैस का उत्पादन किया जा रहा है। किसानों को रसायन मुक्त प्राकृतिक और जैविक खाद उपलब्ध हो रही है। बड़ी गौशाला खोलने के लिए राज्य सरकार 125 एकड़ जमीन प्रदान करेगी। वर्तमान बजट में इसके लिए प्रावधान भी किया गया है। अगले तीन साल में गौ-पालन के क्षेत्र में प्रदेश का परिदृश्य बदलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज 7 गौ-शालाएं पुरस्कृत हुई हैं और गौ सेवी भी सम्मानित हुए हैं। यह भोपाल, दमोह, अनूपपुर, रायसेन, छिंदवाड़ा, हरदा और विदिशा जिलों के हैं। कार्यक्रम में 73 गौशालाओं को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौशाला संचालकों को अनुदान राशि का अंतरण किया एवं गौसेवा और गौशाला संचालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली संस्थाओं को वर्ष 2023- 24 के लिए आचार्य श्री विद्यासागर जीवदया गौसेवा सम्मान पुरस्कार प्रदान किए। पशुपालन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में निरंतर गौ संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में 9 अप्रैल 2024 से 29 मार्च 2025 तक गौ संरक्षण वर्ष मनाया गया जिसके अंतर्गत प्रदेश भर में गौ संरक्षण एवं गौ सेवा के कार्य किए गए।

### जिनके घर गाय वो गोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिनके घर गाय है, वे गोपाल है। मुख्यमंत्री निवास आज गौपालकों का निवास हो गया है। जहां गौमाता है, वहीं स्वर्ग है। हमें जन्म भले माता ने दिया है, पहली रोटी का अधिकार गौ-माता का ही है। सनातन संस्कृति में गौमाता का अहम स्थान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश गौ-पालन से संपन्न बन रहा है। भारत की आत्मा गांवों में बसती है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने वास्तव में गुजरात में अमूल संस्थान की स्थापना करवाई, हम प्राय- अमूल की प्रगति का श्रेय अन्य लोगों को दे देते हैं। गौ-पालन ऐसा माध्यम है, जो आय प्रदान करता है।

मुख्यमंत्री ने की वन विभाग की गतिविधियों की समीक्षा, बोले

## वन ग्रामों में सर्वे कराएंगे, जो छूट गए हैं उन्हें भी देंगे पट्टे

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सघन वन मध्यप्रदेश की पहचान है इसलिए वन विभाग प्रदेश की बेजोड़ सघन वन सम्पदा एवं वन्य जीव पर्यटन सुविधाओं में और अधिक विस्तार कर अपनी स्थायी आय के साधन बढ़ाए। उन्होंने कहा कि वन ग्रामों में भी पट्टे दिए जाएंगे। इसके पहले वन ग्रामों में सर्वे करवाया जाएगा और जो पात्र व्यक्ति जो छूट गए हैं, उन्हें भी ससम्मान पट्टे दिए जाएंगे। डॉ. यादव आज मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में वन विभाग की गतिविधियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में आने वाले पर्यटकों का प्रमुख आकर्षण बाघ का दिखाई देना है, जो वन विभाग की आय का प्रमुख साधन भी है। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ वन अधिकारियों से कहा कि वे गुजरात के वनतारा जाएं, उनका वन्य जीव रेस्क्यू सेंटर देखें और मध्यप्रदेश में भी ऐसे ही बड़े रेस्क्यू सेंटर की स्थापना की संभावनाओं पर गहनता से अध्ययन करें। अपर मुख्य सचिव वन ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा देश के सभी टाइगर रिजर्व की ग्रेडिंग की गई थी। देश के 5 सर्वोत्तम टाइगर रिजर्व में से 3 मध्यप्रदेश की पावन धरा पर स्थित हैं। उन्होंने कहा कि गत वित्त वर्ष में देश में 1.67 लाख से अधिक वन पर्यटक टाइगर रिजर्व में आए। इनमें से 80 हजार से अधिक वन पर्यटक मध्यप्रदेश के 3 टाइगर रिजर्व में आए। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव वन अशोक वर्णवाल, अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, पीसीसीएफ असीम श्रीवास्तव, चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रदेश के वन आवरण में हुई 1390 वर्ग किमी की वृद्धि

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2003 से वर्ष 2023 के दौरान सरकार की वन मित्र नीतियों के कारण मध्यप्रदेश के वन आवरण में कुल 1390 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि दर्ज की गई है। वन राजस्व संग्रहण के लक्ष्य 1650 करोड़ रुपये के लक्ष्य के विरुद्ध गत वित्त वर्ष में 1646.07 करोड़ रुपये राजस्व आय दर्ज की गई है। इसमें से वन समितियों को 189.82 करोड़ का लाभांश भी बांटा गया है। वर्तमान वित्त वर्ष में 1700 करोड़ रुपये वन राजस्व आय का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में वन विभाग द्वारा 5.67 करोड़ से अधिक पौधों का रोपण किया गया है। इसी दौरान प्रदेश में राष्ट्रीय बांस मिशन योजनांतर्गत 7360 हेक्टेयर क्षेत्र में बांस रोपण भी किया गया है।

## मानवता के लिए अमूल्य उपहार है योग

**डॉ. मोहन यादव**

**भोपाल, देशबन्धु।** योग एक ऐसी दिव्य अवस्था है जब चेतना और परम चेतना का मिलन होता है। इस अवस्था को प्राप्त करने का अवसर हर जीव के पास है। योग सनातन हिन्दू धर्म और संस्कृति का सम्पूर्ण मानवता के लिए अमूल्य उपहार है।

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया। साथ ही इस बात का समर्थन किया कि योग जीवन के सभी पहलुओं के बीच संतुलन स्थापित करने के साथ स्वास्थ्य और कल्याण के लिए समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है। उन्होंने पूरी दुनिया में समग्र स्वास्थ्य क्रांति के नये युग का सूत्रपात किया। उपचार की जगह रोकथाम पर अब अधिक ध्यान दिया जा रहा है। आज पूरा वैश्विक समुदाय प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार व्यक्त कर रहा है।



हम 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। यह एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय को समर्पित है। इसका उद्देश्य मानव कल्याण और एक स्वस्थ ग्रह के बीच संबंध को बढ़ावा देना है। सीधा अर्थ है कि जब शरीर और मन स्वस्थ होता है, तो हम अपने समुदाय और पर्यावरण से बेहतर सामंजस्य रख पाते हैं, उनकी सही देख-रेख कर पाते हैं।

आज पूरे विश्व में एक अदभुत वातावरण बना है। पूरा विश्व आज योग कर रहा है। योग ने विश्व में असंख्य लोगों को सहारा दिया है। हमारे लिये यह गौरव का क्षण है। योग का विधिवत विज्ञान यहाँ सुरक्षित है। योग दर्शन की विरासत से आज पूरा विश्व समाज लाभान्वित हो रहा है। हम इस अलौकिक समय के साक्षी बन रहे हैं। हम आज गौरव और आनंद से भरे हैं। योग, धर्म, जाति और रंग की सीमाओं से परे है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भारत का गौरव ब?ाने वाला दिवस है साथ ही पूरे विश्व को परम चेतना के प्रति जागृत करने का क्रांतिकारी कदम भी है।

अक्सर सवाल किया जाता है कि योग से क्या मिलता है? इसका सीधा सरल जवाब है योग से मिलती है शांति। मन और तन को सबसे ज्यादा जरूरत है शांति की। अशांत मन और अनियंत्रित तन पूरे समाज को नकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं। योग एक ऐसा दिव्य द्वार है जो शांति की ओर खुलता है। शांति से उपजती है एकाग्रता। धर्म संसद में वेदांत दर्शन पर कालजयी व्याख्यान देने के बाद स्वामी विवेकानंद को अमेरिका में जगह जगह दर्शन पर व्याख्यान देने आमंत्रित किया गया। जब वे अमेरिकन विदयार्थियों के बीच पहुंचे तो विदयार्थियों ने सवाल किया कि प?ाई में मन नहीं लगता। स्वामी जी का जवाब था इसका एकमात्र उपाय है एकाग्रता। यह एकाग्रता उपजती है शांत मन से। शांत मन होता है ध्यान से। शांत मन दूषित विचारों से मुक्त होता है। शांति से निर्मित होती है सकारात्मक ऊर्जा। यह ऊर्जा सभी जीवों के लिये कल्याणकारी और हितकारी होती है। शांत चित्त वाला मनुष्य कभी गलत निर्णय नहीं ले सकता। जब शरीर, मन और आत्मा एकाकार हो जायें तो अहित और अशुद्धि का सवाल कहां रह जाता है।

कथा उपनिषद में योग को इंन्द्रियों पर नियंत्रण करने की विद्या कहा गया है। श्रीमद्भगवद् गीता में योग को दुख से वियोग होना कहा गया है। महर्षि पतंजलि ने योग सूत्र में योग को मन के विचलन पर नियंत्रण की विधा बताया है। महर्षि अरविंद ने तो यहां तक कहा है कि संपूर्ण मानव जीवन ही एक योग है क्योंकि मनुष्य से कई चीजों का जोड़ है।

योग का उद्देश्य परम चेतना में प्रवेश पाना है। यह परम चेतना क्या है जो योग से मिलती है? यह अवस्था ऐसी अवस्था है जब मन केवल न्याय और धर्म के साथ होता है। सिर्फ दया, करूणा, मैत्री और शांति जैसे मूल्य प्रखर होते है। यह अवस्था हर मनुष्य के लिये अनिवार्य है चाहे वह किसी भी धर्म, जाति या समुदाय का हो या विश्व के किसी भी कोने में रहता हो। कल्पना करें कि जब एक साथ पूरा विश्व योग करे तो फिर भेदभाव कहां रह जाता है। मन में भौगोलिक सीमाओं का बोध समाप्त हो जाता है। फिर चाहे कोई भी देश हो पूरा विश्व एक हो जायेगा। यौगिक क्रियाओं से यदि मन एकरूप हो जायें तो चित्त की प्रसन्नता निरंतर बनी रहती है।

भारतीय परंपरा में उल्लेख है कि प्रकृति ने ही तमाम योग मुद्राएं सिखाई है। यह सच है कि योग विद्या की विरासत को लगभग विस्मृत सा कर दिया गया था। हमें सिर्फ प्रयासपूर्वक जागने की जरूरत है। योग सदा से विदयमान था। किसी भी धर्म को देखें योग के दर्शन होंगे। योग और यौगिक क्रियाएं जीवन से गहरी जुडी हैं। अब एक नई और ओजपूर्ण शुरूआत हो चुकी है। विश्व में भारत की प्रतिष्ठा स्थापित हुई है। मैं सभी प्रदेशवासियों से आहवान करता हूँ कि वे योग को अपने जीवन का अहम हिस्सा बनाए, जिससे तन और मन दौनों स्वस्थ रह सकें।

(लेखक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)

## सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी के घर सीबीआई का छापा



**भोपाल, देशबन्धु।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने गुरुवार देर रात भोपाल में छापामार कार्रवाई की। सीबीआई की टीम ने सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी के घर दबिश दी। सेवानिवृत्त रेलकर्मी पर आय से अधिक संपत्ति रखने का आरोप है।

जानकारी के मुताबिक निशातपुरा कालोनी स्थित रेलवे के शासकीय आवास में रहने वाले रिटायर्ड कर्मचारी अशोक शर्मा के आवास पर देर रात सीबीआई की टीम दबिश देने पहुंची। गुरुवार देर रात तक सीबीआई टीम की कार्रवाई चलती रही। शर्मा पिछले साल ही रेलवे विभाग से चीफ लोको पायलट के पद से रिटायर हुए है। अशोक वर्तमान में वेस्ट सेंट्रल रेलवे यूनियन में महामंत्री के पद पर कार्यरत है। फिलहाल सीबीआई ने इस बात का खुलासा नहीं किया है कि उनके पास से कितनी अवैध संपत्ति बरामद हुई है। सीबीआई के सूत्रों का कहना है कि जांच के बाद ही इस पूरे मामले का खुलासा हो सकेगा।


**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 45
2025-2026 दिनांक 19/06/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता गुलशन कुमार राय पिता जगदीश राय रूबी राय पति श्री गुलशन कुमार राय भवन क्रंमाक पी-233 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000432296 विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी -श्रीमती सुरेखा तिवारी पति श्री शिव प्रसाद तिवारी के भाग पर वार्ड निर्मल चंद जैन के कुल प्लाट रकवा/ निर्मित क्षेत्रफल ..... में से विक्रय प्लाट रकवा 800 व.फु. पर विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 869 कार्यालय संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 49
2025-2026 दिनांक 20/06/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्रीमती अनीता कोरी, पति- रमेश कोरी भवन क्रं. 1512/एन-15 ई का भाग संपत्ति कर/ पिन नं. 1000430801 जलकर पिन नं......., पर विक्रेतागण/पंजीकृत गृहस्वामी - श्रीमती संगीता बाई भूमिया, / विश्वनाथ भूमिया वार्ड निर्मल चंद जैन वार्ड , विक्रय प्लाट रकवा 1000 व.फु., भूतल 500 व.फु. आर.सी.सी., , प्रथमतल 500 व.फु. आर.सी.सी., विक्रयपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।
कृति कार्यालय संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 48
2025-2026 दिनांक 20/06/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1. श्री सिराजुद्दीन, 2. श्री सलाहउद्दीन, दोनों के पिता- श्री हाफिज खलील अहमद भवन क्रं. 2757 सी-1 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000365987 जलकर पिन नं. 2342754, पर विक्रेतागण/पंजीकृत गृहस्वामी - श्री अब्दुल गफूर, पिता- स्व. श्री मरहूम अब्दुल शफूर वार्ड शहीद अ. हमीद वार्ड , भूतल 400 व.फु. आर.सी.सी., 120 व.फु. टीन शेड, प्रथमतल 700 व.फु. आर.सी.सी., विक्रयपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।
कृति कार्यालय संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर

**निविदा/नियुक्ति/जाहिरात**

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैं, Army no 13776042M Rank NK Name VIJAY KUMAR of Unit 13 JAK RIF Presently residing at Vill- JANDRAH, PO- DANGERH, TEH-BAROH, DISTT- KANGRA, STATE-HP, PIN-176054, शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे पुत्र का नाम KARTIK से KARTIN KOUNDAL एवं मेरे दूसरे पुत्र का नाम VEDANSH से VEDANSH KOUNDAL के रुप में परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है द्वारा शपथ पत्र दिनॉक 20-06-2025 नोटरी जबलपुर मप्र ।
कृति

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/2025-26/
दिनांक 17/06/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विजय रोहाणी पिता स्व. आई. डी. रोहाणी ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चन्द बैनर्जी वार्ड के भवन क्रमांक 16/3 डी शीला टॉकिज सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000398855, पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा 2061.5 व.फु. पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज राजकुमार अग्रवाल पिता राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 831 संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/2025-26/
दिनांक 17/06/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विजय रोहाणी पिता स्व. आई. डी. रोहाणी, यश रोहाणी पिता अशोक रोहाणी ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चन्द बैनर्जी वार्ड के भवन क्रमांक लवली होटल के पास सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000397196, पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा 1386 व.फु. पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज ब्रिजेश श्रीवास्तव पिता रामरतन श्रीवास्तव का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 831 संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/2025-26/
दिनांक 16/06/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अनीशा कुमारी पत्नि वरूण कुमार ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 202 चैतन्य सिटी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000379923 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1219 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री राम किशोर सिंह पिता बाबूराम सिंह का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 804 संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 47
2025-2026 दिनांक 20/06/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्रीमती उषा तिवारी पति श्री रामेश्वर तिवारी भवन/खसरा क्रंमाक 1279/15 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000427297 विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी -श्रीमती मिथलेश तिवारी पति स्व. श्री एस.पी. तिवारी के भाग पर वार्ड दीवान आधार सिंह के कुल प्लाट रकवा/ निर्मित क्षेत्रफल ..... में से विक्रय प्लाट रकवा 1050 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 610 आरसीसी प्रथम तल 610 आरसीसी पर विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 869 कार्यालय संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर


मुख्यमंत्री ने किया 6 दिवसीय जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम सदानीरा समागम का शुभारंभ

## विकसित क्षिप्रा घाटों पर एक दिन में 5 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे

- मध्यप्रदेश जल संरक्षण क्षेत्र में देश के लिए बनेगा उदाहरण



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 में श्रद्धालुओं को विकसित और विस्तारित घाटों की ऐसी सुविधा उपलब्ध होगी जिससे 24 घंटे में पांच करोड़ श्रद्धालु पुण्य स्नान का लाभ ले सकेंगे। क्षिप्रा के दोनों ओर लगभग 30किलोमीटर की लम्बाई में विकसित घाटों पर सुविधाजनक ढंग से स्नान संभव होगा। यह सिंहस्थ ऐतिहासिक सिद्ध होगा। मध्यप्रदेश जल संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर देश के लिए उदाहरण बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने शुक्रवार को भारत भवन में छह दिवसीय सदानीरा समागम का शुभारंभ करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि जल संचयन और जल संरक्षण की आदिकाल से परम्परा रही है। मनुष्य भोजन के बिना रह सकता है लेकिन जल के बिना अधिक दिन जीवित नहीं रह सकता। भारतीय परम्परा में जीवन के अंत में भी गंगा जल आवश्यक माना गया है। जल आक्सीजन भी प्रदान करता है।

मध्यप्रदेश सरकार ने 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक बनाने का अभियान संचालित किया। प्रदेश के नगर-नगर और गांव-गांव में जल स्रोतों को शुद्ध और उपयोगी बनाने का कार्य चल रहा है। सदानीरा समागम में 6 दिन तक निरंतर विविध गतिविधियाँ होंगी, जिनमें जल एकाग्र डाकयू ड्रामा, फिल्में, गायन, नदीनामा के अंतर्गत काव्यपाठ, नृत्य नाटिका आदि शामिल रहेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सदानीरा समागम के स्वरूप की सराहना की।

प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन श्री शिवशेखर शुक्ला ने सदानीरा समागम में छह दिन तक होने वाली गतिविधियों को विवरण दिया। वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विनय उपाध्याय ने किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विशेष डाक्यूमेंट्री सीरीज और ग्रंथ सदानीरा, पृथ्वी पानी का देश'' काव्य संग्रह और प्राचीन जल संग्रहण परम्परा पर केंद्रित पुस्तक जल धारा'' और पत्रकारिता पर केंद्रित पुस्तक का विमोचन किया।

इस अवसर पर प्रेम शंकर शुक्ला और डॉ जवाहर कर्नावट भी उपस्थित थे। वीर भारत न्याय, संस्कृति विभाग के इस आयोजन में जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, पुरातत्व संचालनालय, माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय, बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, रविंद्र नाथ टैगोर विश्वविद्यालय,भारत भवन, मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय एवं भोपाल जिला प्रशासन भी सहयोगी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्जवलित कर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत भारत भवन में सदानीरा समागम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर सांसद वी.डी. शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चित्र एवं शिल्प प्रदर्शनी का अवलोकन किया। नर्मदा पथ के अनेक स्थानों के चित्रों के छायाकार राजेन्द्र जांगले भी इस मौके पर उपस्थित थे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक अनिल कोठारी और अभिनेता अन्नू कपूर भी उपस्थित थे।

# अभिमत

**इस विज्ञान परियोजना के तहत फोटो, वीडियो और किताबें अपलोड कीं। यह 'कबाड़ से जुगाड़' वीडियो सिर्फ 2-मिनट के हैं. यह अनेकों भारतीय भाषाओं में डब हुए हैं. जिसको दुनिया भर में देखा जाता है। अब तक लाखों बच्चों ने उनके वीडियो देखे हैं. हर रोज़ उनकी वेबसाइट से करीब दस हज़ार किताबें मुफ्त में डाउनलोड होती हैं। इससे लगता है कि हमारे बहुत से लोगों की अच्छा साहित्य पढ़ने में रूचि है। और उन तक ऐसी शिक्षाप्रद किताबें पहुंचना जरूरी है।**

## कबाड़ से जुगाड़ ही उनकी पहचान है

जाने माने टॉयमेकर अरविंद गुप्ता सिर्फ बेकार चीजों से खिलौने बनाकर विज्ञान ही नहीं सिखाते हैं, बल्कि वे देश-दुनिया के बाल साहित्य का हिन्दी में अनुवाद करते हैं, उन्हें उनकी वेबसाइट पर अपलोड कर मुफ्त में उपलब्ध कराते हैं। ऐसा वे कई सालों से कर रहे हैं। हिन्दी पाठकों के लिए उनका उपहार भी मान सकते हैं। आज इस कॉलम में अरविंद गुप्ता के काम के बारे में चर्चा करना चाहूंगा, जिससे उनके कामों का महत्व जाना जा सके।

मैं अरविंद गुप्ता को बरसों से जानता हूं। मैं न केवल उनसे मिलता रहा हूं, बल्कि उनके जिंदगी के प्रमुख पड़ावों को भी देखता रहा हूं। पहली बार, मेरी मुलाकात उनसे किशोर भारती में हुई थी। यह स्वयंसेवी संस्था, मध्यप्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत थी। इस संस्था ने होशंगाबाद विज्ञान शिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की थी, जिसके तहत माध्यमिक कक्षाओं ( 6 वीं- 8 वीं) तक बाल विज्ञान का पाठ्यक्रम विकसित किया गया था, जो मध्यप्रदेश के स्कूलों में सालों तक चला। इसके तहत बच्चे प्रयोग करके विज्ञान सीखते थे। यह गतिविधि आधारित था।

अरविंद गुप्ता, कानपुर, आईआईटी से निकले हैं। पेशे से इंजीनियर हैं, पर उनका मन वहां नहीं लगा। कुछ सार्थक काम करने की तलाश में उन्होंने कई काम किए। लेकिन उन्हें सबसे अच्छा काम लगा, विज्ञान को लोकप्रिय बनाना, और उसका प्रचार-प्रसार करना। इसके लिए उन्होंने कबाड़ यानि बेकार चीजों से विज्ञान सिखाने की राह पकड़ी, जो उनका जीवन का मिशन बन गया।

किशोर भारती में उन्होंने कई नवाचार के उदाहरण पेश किए। उन्होंने बाल विज्ञान के कुछ अध्याय विकसित किए थे। मुझे याद आ रहा है उन्होंने खेल-खेल में विज्ञान सीखने सिखाने का तरीका खोज निकाला था। माचिस की तीलियों से गणित सीखने और मोमबत्ती की लौ से गर्म करके साधारण बटन को उल्टे जोड़कर घिरनी बनाना। मजेदार खेल व मशीन जैसे अध्याय बनाने में मदद की थी।

किशोर भारती में उन दिनों सीखने-सिखाने व नये विचारों के आदान-प्रदान का बहुत खुला माहौल था। यहां शिक्षा व विज्ञान जगत की बड़ी हस्तियों का आना जाना लगा रहता था। प्रोफेसर यशपाल से लेकर शिक्षाविद् कृष्ण कुमार जैसे लोग यहां न केवल आए, बल्कि कई कई दिन आकर रहे। शिक्षक प्रशिक्षणों में भाग लिया। प्रसिद्ध वैज्ञानिक अनिल सद्गोपाल द्वारा स्थापित किशोर भारती शिक्षा में नवाचार के लिए जानी जाती रही है। ग्रामीण विकास, शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी संस्था के कार्य उल्लेखनीय थे।

यहां एक बहुत ही समृद्ध पुस्तकालय था, जहां पहली बार मेरा किताबों की दुनिया से परिचय हुआ था। यहां आकर उन्हें उलटना-पलटना, चित्र देखना, किताबों के बीच बैठना, यह सब बहुत अद्भुत अनुभव था। यहां नए विचारों की हवा बह रही थी। संस्था का परिसर पेड़-पौधों हरा-भरा, और मनोरम था। यहां के वातावरण में गहरी सांस लेना ही ऊर्जा व उम्मीद से भर देता था।

अरविंद गुप्ता ने यहां आकर बहुत ही सस्ती चीजों से विज्ञान सिखाने के प्रयोगों पर ध्यान दिया। उन्होंने माचिस की तीलियों व साइकिल के बाल्व ट्यूब से त्रिभुज, चतुर्भुज जैसी कई आकृतियां बनाई, जिन्हें बच्चे खुद बना सकते थे और इनसे पीछे छिपे गणित के सिद्धांतों को समझ सकते थे। इसी प्रकार, बटन से घिरनी में चक्के व लीवर के सिद्धांत को समझा जा सकता है।

अरविंद गुप्ता, जहां भी रहे, उनकी नजर सस्ते व बेकार सामानों से विज्ञान व गणित सिखाने की रही है। इसी कड़ी में उन्होंने अविभाजित मध्यप्रदेश( अब छत्तीसगढ़) के दल्ली राजहरा शहर में लोहे की खदानों में चलने वाले ट्रिपर ट्रक का मॉडल माचिस से बनाया और बाद में उनकी किताब में शामिल किया।

उन्होंने कुछ समय मशहूर मजदूर नेता शंकर गुहा नियोगी के साथ भी काम किया है।

हाल ही दिवंगत प्रसिद्ध खगोलशास्त्री जयंत नार्लीकर द्वारा स्थापित इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स (आईयूसीएए) के अंतर्गत विज्ञान केन्द्र में भी उन्होंने काम किया। इसके तहत् उन्होंने रोज ही नए नए मॉडल बनाए। इसके बाद उन्होंने खुद की वेबसाइट शुरू की (arvindguptatoys.com) इस विज्ञान परियोजना के तहत फोटो, वीडियो और किताबें अपलोड कीं। यह 'कबाड़ से जुगाड़' वीडियो सिर्फ 2-मिनट के हैं. यह अनेकों भारतीय भाषाओं में डब हुए हैं. जिसको दुनिया भर में देखा जाता है। अब तक लाखों बच्चों ने उनके वीडियो देखे हैं. हर रोज़ उनकी वेबसाइट से करीब दस हज़ार किताबें मुफ्त में डाउनलोड होती हैं। इससे लगता है कि हमारे बहुत से लोगों की अच्छा साहित्य पढ़ने में रूचि है। और उन तक ऐसी शिक्षाप्रद किताबें पहुंचना जरूरी है।

इस वेबसाइट पर देश विदेश के बाल साहित्य उपलब्ध है, जो जानकारीपरक, सामान्य ज्ञान से भरपूर और प्रेरणादायक है। इन किताबों में लगभग 700 सचित्र प्रेरक हस्तियों के जीवन चरित्र हैं, जिनके कामों से बदलाव भी आया है। इसके साथ वे खुद अच्छे बाल साहित्य की किताबों का अनुवाद लगभग रोज ही करते हैं और वेबसाइट पर अपलोड करते हैं।

उन्होंने 1992 से लेकर भारत ज्ञान विज्ञान समिति, नई दिल्ली के साथ काम किया और 100 बाल जनवाचन की छोटी-छोटी पुस्तकें प्रकाशित की. यह पुस्तकें शांति (फर्डीनांड की कहानी) परमाणु युद्ध विरोधी (सडाको और कागज़ के पक्षी, तीन हाथी) पर्यावरण (जिसने उम्मीद के बीज बोए, दानी पेड़), दिव्यांग स्पेशल बच्चे (व्हीलचेयर ही मेरे पैर हैं), शिक्षा (नीलबाग के डेविड, खुशियों का स्कूल) इत्यादि।

इसके साथ ही, 100 में से 40 किताबें बाई-लिंगुअल यानि हिंदी-अंग्रेजी दोनों भाषाओं में थीं। यह किताबें खूब बिकीं - करीब 20 लाख प्रतियों से ज्यादा।

अरविन्द गुप्ता ने नेशनल बुक ट्रस्ट के सलाहकार के रूप में भी काम किया और गिजुभाई की दिवास्वप्न, तोत्तो चान जैसी उत्कृष्ट किताबें भी उनके ही प्रयासों से प्रकाशित हुई। यह पुस्तकें अब कई भाषाओं में अनूदित हो चुकी हैं। मसलन, नील की समरहिल, सिल्विया ऐशटन वार्नर की टीचर, बहुरूपी गाँधी जैसी किताबों की लम्बी फेहरिस्त है, जिन्हें उनकी वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

अरविंद गुप्ता ने अपने आप को सिर्फ वेबसाइट व किताबों तक ही सीमित नहीं रखा है, बल्कि वे देश-दुनिया के 3000 से अधिक स्कूल-कॉलेजों में गए हैं। वहां के छात्रों व शिक्षकों से मिले हैं। कई चर्चाओं में शामिल रहे हैं और व्याख्यान दिए हैं। वे कहते हैं कि उन्हें ख़राब स्कूली मैनेजमेंट, ख़राब प्रिंसिपल, ख़राब टीचर अक्सर मिले हैं, पर आज तक कोई खराब बच्चा नहीं मिला। सभी बच्चों में प्रतिभाएं होती हैं, लेकिन उन्हें मौका देने की जरूरत है। इन प्रतिभाओं को गढ़ने का काम अच्छा साहित्य ही कर सकता है। यही उनकी कोशिश है।

इन किताबों, फिल्मो और वीडियो से ऐसा ही प्रयास किया जा रहा है। लेकिन यह सीमित है, इस दिशा में और भी बहुत कुछ किया जा सकता है। छात्र, शिक्षक, समाज, सरकार सभी को इस दिशा में काम करने की जरूरत है।

कुल मिलाकर, अरविंद गुप्ता का काम कई मायनों में उल्लेखनीय व प्रेरणादायक है। भारत सरकार ने उन्हें उनके कामों के लिए पद्मश्री से सम्मानित भी किया है। उन्हें कई अवार्ड भी मिले हैं। लेकिन इन सबसे अप्रभावित वे आज भी मिशन भाव से कई घंटे इस काम में लगे हैं। विशेषकर, जब भी तब वे कुछ सालों से अस्वस्थ हैं। उनके काम न केवल सराहनीय हैं, बल्कि अनुकरणीय भी है।

**किशोर भारती में उन दिनों सीखने-सिखाने व नये विचारों के आदान-प्रदान का बहुत खुला माहौल था। यहां शिक्षा व विज्ञान जगत की बड़ी हस्तियों का आना जाना लगा रहता था। प्रोफेसर यशपाल से लेकर शिक्षाविद् कृष्ण कुमार जैसे लोग यहां न केवल आए, बल्कि कई कई दिन आकर रहे। शिक्षक प्रशिक्षणों में भाग लिया। प्रसिद्ध वैज्ञानिक अनिल सद्गोपाल द्वारा स्थापित किशोर भारती शिक्षा में नवाचार के लिए जानी जाती रही है।**

### बीता सप्ताह

**14 जून**
- अहमदाबाद में एयर इंडिया फ्लाइट एफ आई-171 हादसे का ब्लैक बॉक्स इमारत पर मिला।
- शराब घोटाले में ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छत्तीसगढ़ में सुकमा का कांग्रेस भवन अटेच किया।
- मानसरोवर झील की यात्रा का पहला जत्था जवाहरलाल नेहरू भवन से रवाना किया गया।
- सिराजगंज में रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर में तोड़फोड़ पर बांग्लादेश सरकार ने की कार्रवाई।

**15 जून**
- अहमदाबाद में विमान हादसे पर जांच कमेटी गठित की गई। केन्द्रीय गृह सचिव के नेतृत्व में गठित समिति 3 माह में रिपोर्ट देगी।
- इजराइली हमले में 138 ईरानियों की मौत हो गई।
- फार्मा कंपनी सन फामार्यास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उसकी सहायक कंपनियों ने कीर्ति गणोरकर को प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है।
- दक्षिण अफ्रीका ने पहली बार वर्ल्ड चैम्पियन का खिताब जीता।

**16 जून**
- उत्तराखंड केदारनाथ में गौरीकुंड के पास हेलीकाप्टर क्रेश होने से सात लोगों की मौत हो गई।
- अहमदाबाद विमान हादसा में पूर्व सीएम विजय रूपाणी के शव की पहचान हुई। आज 16 जून को अंतिम संस्कार हुआ।
- पीएम मोदी तीन देशों की विदेश यात्रा पर आज साइपस पहुंचे। साइपस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलीडेस ने एयरपोद्ट पर स्वागत किया।
- अमेरिका के सभी 50 प्रांतो में ट्रंप की आव्रजन नीति के खिलाफ प्रदर्शन शुरू हुआ।

**17 जून**
- पीएम मोदी को मिला साइप्रस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान।
- राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर महीने औसतन 17 बाघों की मौत हो रही है।
- गृह मंत्रालय भारत सरकार ने आगामी जनगणना कराने के लिए अधिसूचना जारी की।
- ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी (सीक्रेट इंटेलिजेंस सर्विस) एमआई-6 के 116 साल के इतिहास में पहली बार महिला प्रमुख (ब्लेज मेट्रेवेली) नियुक्त हुई।

**18 जून**
- एक दिन में एयर इंडिया की सात उड़ाने रद्द की गई।
- सुप्रीम कोर्ट ने अभिनेता कमल हसन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म ठग लाइफ के प्रदर्शन पर कर्नाटक द्वारा लगाए प्रतिबंध से नाराज हुए और सरकार से 24 घंटे के भीतर मांगा जवाब।
- जी-7 समिट में 7 देशों ने कहा कि इजरायल को आत्मरक्षा का अधिकार है।
- वैज्ञानिकों ने पूर्वोत्तर भारत में खेजा पत्ते का 2.4 करोड़ वर्ष पुराना जीवाश्म।

**19 जून**
- छग सरकार ने एक अहम फैसला लिया कि प्रदेश में शहीद के परिजनों को दी जाएगी सरकारी नौकरी।
- छग के सुकमा के मारेडपल्ली मुठभेड़ में कुख्यात तीन नक्सली मारे गए।
- मोदी-ट्रंप की फोन पर हुई बात में पीएम मोदी ने कहा कि भारत किसी मध्यस्थता को नहीं मानता।
- ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने ऐलान किया कि ईरान सरेंडर नहीं करेगा।

**20 जून**
- ईरान को लेकर रुस ने अमेरिका को चेतावनी दी कि अमेरिका ने दखल दिया तो गंभीर नतीजे भुगतने होंगे।
- ऑपरेशन सिंदुर के तहत ईरान में फंसे 110 भारतीयों को लेकर पहुंचा विमान।

## आरएसएस की घातक विचारधारा के खिलाफ एकजुट संघर्ष सबसे महत्वपूर्ण काम

■ पी. सुधीर

25 जून, 1975 की आधी रात को आंतरिक आपातकाल की घोषणा के साथ शुरू हुई घटनाओं के अपमानजनक क्रम को याद करना थोड़ा असामान्य लग सकता है।

हालांकि, हमें ज्ञान के उन अमर शब्दों की याद आती है: 'जिन लोगों में इतिहास के सबक भूलने की प्रवृत्ति होती है, वे उन्हें दोहराने के लिए अभिशप्त होते हैं।' ये शब्द हमें भारतीय लोकतंत्र के इतिहास के उस काले अध्याय को फिर से देखने के लिए मजबूर करते हैं।

1960 के दशक के उत्तरार्ध में कांग्रेस पार्टी के सत्ता पर एकाधिकार को झटका लगा था, जिसमें विपक्षी दलों ने कई राज्यों में जीत हासिल की थी। जवाब में श्रीमती इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ, बैंकों का राष्ट्रीयकरण और प्रिवी पर्स के उन्मूलन जैसे प्रगतिशील नारे लगाकर खुद को फिर से स्थापित किया। पारंपरिक राजनीतिक व्यवहार से हटकर उन्होंने राज्य स्तर के मजबूत नेताओं को दरकिनार करते हुए सत्ता को अपने हाथों में केंद्रित किया और सीधे जमीनी स्तर पर जनता से अपील की।

श्रीमती गांधी के ऐसे कदमों का उन्हें कुछ लाभ हुआ। हालांकि, बांग्लादेश मुक्ति संघर्ष के समर्थन में भारत के हस्तक्षेप ने उनके राजनीतिक आधिपत्य को वास्तव में मजबूत किया। अंततः एक स्वतंत्र बांग्लादेश की स्थापना और पाकिस्तान की निर्णायक हार ने उनके कद को काफी हद तक बढ़ा दिया। सोवियत संघ की उपस्थिति ने पाकिस्तान के सैन्य शासन को बचाने के उद्देश्य से संभावित अमेरिकी हस्तक्षेप को रोकने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

**पीछे देखने पर, 1975 का आपातकाल, आज हम जिस पूर्ण-विकसित अधिनायकवाद का अनुभव कर रहे हैं, उसकी तुलना में लगभग अनुभवहीन अभ्यास लगता है। वर्तमान शासन को हटाना कठिन लग सकता है, परन्तु 1970 के दशक में आपातकाल के खिलाफ लड़ने के अनुभव से आत्मविश्वास बढ़ना चाहिए। आरएसएस की घातक साम्प्रदायिक विचारधारा का विरोध करने और लोकतंत्र को पुनः प्राप्त करने की इच्छाशक्ति।**

इसने श्रीमती गांधी के कद को फिर से बढ़ा दिया जिसने1971 के आम चुनावों में उनकी जीत सुनिश्चित की। फिर भी, यह समग्र तस्वीर सीपीआई (एम) को नहीं रोक सकी, जो पश्चिम बंगाल विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। लेकिन, इसे आगे बढ़ने नहीं दिया गया। 1972 के विधानसभा चुनावों में पूरी तरह से धांधली की गयी थी, जिसने लगभग आधे दशक तक अर्ध-फासीवादी दमन का मार्ग प्रशस्त किया। सत्तावाद का यह दौर 25 जून, 1975 की मध्यरात्रि को आपातकाल की घोषणा के साथ सहज रूप से जुड़ गया।

आपातकाल के दौरान, इंदिरा गांधी के राजनीतिक विरोधियों को जेल में डाल दिया गया था और प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी गयी थी। उनके शासन में 10,000 से अधिक राजनीतिक विरोधियों, पत्रकारों और कार्यकर्ताओं को जेल में डाल दिया गया था। इस बीच, देश थोड़े ही समय पहले हुए पाकिस्तान के साथ युद्ध, सूखे और 1973 के वैश्विक तेल संकट से उपजी आर्थिक चुनौतियों की एक श्रृंखला से जूझ रहा था। बढ़ती बेरोजगारी और मुद्रास्फीति ने जनता के असंतोष और राजनीतिक विरोध को और बढ़ा दिया। इन बढ़ते दबावों के साथ-साथ श्रीमती गांधी की व्यक्तिगत असुरक्षा और कानूनी झटकों की भावना- विशेष रूप से उनकी लोकसभा सदस्यता खोने का खतरा- ने आपातकाल लगाने के निर्णय में योगदान दिया।

संक्षेप में, 1975 का आपातकाल राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक कारकों के संयोजन के कारण घोषित किया गया था। सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 352 का इस्तेमाल किया, जो युद्ध, बाहरी आक्रमण या आंतरिक अशांति की स्थिति में आपातकाल की घोषणा की अनुमति देता है। आधिकारिक रूप से इसके औचित्य में राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरों का हवाला दिया गया, जिसके कारण मौलिक अधिकारों का निलंबन और कार्यपालिका में सत्ता का संकेन्द्रण हुआ।

आपातकाल की घोषणा के अनुमोदन के लिए वैधानिक प्रस्ताव पर बहस के दौरान, लोकसभा में सीपीआई (एम) समूह के नेता ए के गोपालन ने आपातकाल की ओर ले जाने वाली राजनीतिक गतिशीलता को उजागर करते हुए 21 जुलाई, 1975 को कहा: 'पिछले तीन वर्षों में अधिनायकवादी और एक-पक्षीय तानाशाही की प्रवृत्ति के बढ़ने के बारे में हमारी पार्टी द्वारा दी गयी चेतावनी नये आपातकाल की अचानक घोषणा के साथ सच साबित हुई है।' उन्होंने आगे कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा खुद को और अपने नेता को गहराते व्यक्तिगत और राजनीतिक संकट से निकालने का यह अचानक कदम ताकत का नहीं, बल्कि कमजोरी का संकेत है। इसे विपक्षी आवाजों और जनांदोलनों को कुचलने के लिए बनाया गया था। उन्होंने इस झूठे आख्यान को भी उजागर किया कि यह आपातकाल चरम दक्षिणपंथी और वामपंथी दुस्साहसवादियों के खिलाफ था।

इसके कारण जो अपरिहार्य था हुआ और इंदिरा गांधी के साथ कांग्रेस राजनीतिक हार से बच नहीं सकी। अठारह महीने का आपातकाल समकालीन भारतीय इतिहास में एक गंभीर विचलन और लोकतंत्र के घिनौने विघटन के रूप में दर्ज किया गया है। 1977 के लोकसभा चुनावों के बाद विपक्षी राजनीतिक ताकतों के एक व्यापक गठबंधन ने लोकतंत्र की बहाली सुनिश्चित की।

नरेंद्र मोदी 25 जून, 1975 को लगाये गये आपातकाल के दौर को याद करते हुए इसे भारत के 'संविधान पर एक काला धब्बा' बताते रहे हैं। उन्होंने घोषणा की है, 'आपातकाल के बाद से ये 50 साल हमें अपने संविधान और लोकतंत्र की रक्षा गर्व के साथ करने की याद दिलाते हैं। देशवासियों को यह संकल्प लेना चाहिए कि ऐसा अपमान फिर कभी नहीं होने दिया जायेगा। हम एक जीवंत लोकतंत्र सुनिश्चित करने और भारतीय संविधान द्वारा उल्लिखित आम आदमी के सपनों को पूरा करने के लिए खुद को प्रतिबद्ध करते हैं।' हालांकि, यह दिखावा तेजी से एक बड़े धोखे में बदल रहा है - आरएसएस-भाजपा द्वारा भारतीय लोकतंत्र पर अपने सबसे घृणित हमले को छिपाने का एक प्रयास हो रहा है, जैसा कि पिछले 11 वर्षों के नरेन्द्र मोदी का कार्यकाल में सामने आया है।

पचास साल बाद पीछे मुड़कर देखें तो आपातकाल को भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर पहला बड़ा हमला माना जा सकता है - जिसने नागरिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक अधिकारों को गंभीर रूप से सीमित कर दिया। लेकिन, जैसा कि कई लोग करते हैं, 1975 के आपातकाल और वर्तमान स्थिति के बीच सीधी तुलना करना एक गलती है। मोदी के शासन में पिछले दशक को अक्सर 'अघोषित आपातकाल' के रूप में संदर्भित किया जाता है, लेकिन ऐसी तुलना कई मामलों में गलत है।

साम्राज्यवाद के पक्ष में राजनीतिक ताकतों के बदलते सहसंबंध के बीच, अति-दक्षिणपंथी वैश्विक पुनरुत्थान की पृष्ठभूमि में वर्तमान परिदृश्य उभरा है। इस चरण ने वित्तीय पूंजी संचालित वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के युग की शुरुआत की है, जो तीव्र असमानता, बड़े पैमाने पर बेरोजगारी और भारी कॉर्पोरेट प्रभुत्व से चिह्नित है। इसके साथ ही पहचान-आधारित ध्रुवीकरण और एक निरंतर घृणा अभियान के अभूतपूर्व स्तर हैं, जो आर्थिक और सामाजिक दोनों क्षेत्रों में साथी नागरिकों को 'अन्य' बना रहे हैं।


इस प्रकार, लोकतंत्र और संवैधानिक सिद्धांतों पर वर्तमान हमला कहीं अधिक घातक है। इसने संस्थागत अधिनायकवाद को जन्म दिया है - या जिसे कुछ पर्यवेक्षक 'चुनावी निरंकुशता' कहते हैं।

भारतीय संदर्भ में, इस अधिनायकवादी बदलाव का नेतृत्व आरएसएस ने किया है, जिसने साम्प्रदायिक हिंदुत्व की जहरीली विचारधारा को बढ़ावा दिया है, जो भारत के मूल विचार को मौलिक रूप से बदलने का प्रयास करता है। भारत का यह विचार- उपनिवेशवाद विरोधी संघर्ष से पैदा हुआ -जो एक लोकतांत्रिक,धर्मनिरपेक्ष, सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण और संघीय गणराज्य में निहित था। इसलिए वर्तमान हमला अधिक व्यापक और दमघोंटू है, जिसका उद्देश्य भारतीय नागरिकता के मूलभूत सिद्धांतों को नष्ट करना है।

पीछे देखने पर, 1975 का आपातकाल, आज हम जिस पूर्ण-विकसित अधिनायकवाद का अनुभव कर रहे हैं, उसकी तुलना में लगभग अनुभवहीन अभ्यास लगता है। वर्तमान शासन को हटाना कठिन लग सकता है, परन्तु 1970 के दशक में आपातकाल के खिलाफ लड़ने के अनुभव से आत्मविश्वास बढ़ना चाहिए। आरएसएस की घातक साम्प्रदायिक विचारधारा का विरोध करने और लोकतंत्र को पुनः प्राप्त करने की इच्छाशक्ति के साथ एकजुट लोग आज भी चुनौती का सामना कर सकते हैं और उससे पार पा सकते हैं।

## छोटे बैंकों के डूबने की भी फ़िक्र करनी जरूरी है

भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली एक सहायक कंपनी है जिसे डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन (डीआईसीजीसी) कहा जाता है। यह कंपनी रिजर्व बैंक विनियमित बैंकों में किसी बैंक के पतन की स्थिति में बचतकर्ताओं की सुरक्षा के लिए प्रति ग्राहक अधिकतम 5 लाख रुपये तक सभी जमा राशियों का बीमा करती है। अब नवीनतम बैंक पतन पर विचार करें। यह एक छोटा बैंक है जिसने बैंकिंग प्रणाली में कुछ सबसे गरीब और कमजोर जमाकर्ताओं को चोट पहुंचाई है। यह देखते हुए कि बैंक छोटा है, इसका नेटवर्क सीमित है और जमाकर्ताओं का कोई प्रभाव नहीं है इसलिए इसकी कोई चर्चा नहीं है। यह न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक एक शहरी सहकारी बैंक है जिसका मुख्यालय मुंबई में है। यह बैंक 13 फरवरी, 2025 को दीवालिया हो गया। इसके जमाकर्ताओं में ऑटो व टैक्सी ड्राइवर, छोटे बचतकर्ता, सब्जी विक्रेता, छोटे स्टोर के मालिक जैसे लोग शामिल हैं। अब उनके व्यवसाय मंझधार में हैं। यह एक बहु-राज्य अनुसूचित बैंक है जिसकी महाराष्ट्र और गुजरात में करीब 22 शाखाएं और कुल 6,000 जमाकर्ता हैं। बड़ी बैंकिंग प्रणाली का अर्थव्यवस्था में तेजी से प्रभाव बढ़ रहा है पर उसमें इन छोटे जमाकर्ताओं की कोई आवाज नहीं है।



जगदीश रत्तनानी

**न्यू इंडिया जैसे सहकारी बैंक का पतन विशेष रूप से दर्दनाक है क्योंकि इसका इतिहास संगठित श्रमिकों से जुड़ा है। इसके संस्थापक तेजतर्रार समाजवादी, ट्रेड यूनियन नेता स्वर्गीय जॉर्ज फर्नांडीस (1930-2019) हैं जिनका जीवन भारतीय अर्थव्यवस्था के जमीनी स्तर पर लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने के लिए समर्पित था।**

छोटे जमाकर्ता बैंक के बाहर कतार में खड़े थे, पुलिस उनको नियंत्रित कर रही थी। इनमें कई वरिष्ठ नागरिक थे। सभी को आश्वासन दिया जा रहा था कि उनका पैसा सुरक्षित है और मई 2025 तक दूसरे खाते में भुगतान किया जाएगा। इनके फॉर्म भरे गए और जमा बीमा के लिए दावों को भेजा गया लेकिन तीन महीने बाद 13 मई 2025 को उन्हें पैसे निकालने से रोक दिया गया। बाद में प्रति जमाकर्ता अधिकतम 25,000 रुपये निकालने की अनुमति दी गई। डीआईसीजीसी की ओर से एक पंक्ति की सूचना आई कि 'डीआईसीजीसी ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के जमाकर्ताओं को भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होने की तारीख को 90 दिनों की अवधि यानी 12 अगस्त, 2025 तक के लिए बढ़ा दिया है।' सूचना में उन परिस्थितियों के बारे में कोई अन्य संदर्भ, स्पष्टीकरण या विवरण नहीं था जिनके तहत जमाकर्ताओं को तीन और महीनों तक इंतजार करने के लिए कहा गया है।

एक तरफ भारतीय बैंकिंग प्रणाली को वित्तीय रूप से अधिक समावेशी कहा जाता है जबकि दूसरी ओर कुछ सबसे गरीब जमाकर्ता अपने जीवन की बचत खोने के अंदेशे में खुद को अंधेरे में पाते हैं जिसे वे समझ नहीं सकते हैं। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम. राजेश्वर राव ने पिछले पखवाड़े ही मुंबई में एक वित्तीय शिखर सम्मेलन में कहा था कि 'आरबीआई का वित्तीय समावेशन सूचकांक, जो पूरे देश में वित्तीय समावेशन की सीमा को दर्शाता है, मार्च 2023 में 60.1 से बढ़कर मार्च 2024 में 64.2 हो गया है जो वर्ष-दर-वर्ष 6.82 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।'

यह एक बड़ी तस्वीर की कहानी है जिसका शीर्षक तो अच्छा है लेकिन जब यह एक छोटे से पतन की छोटी तस्वीर में तब्दील हो जाता है जिसने अपने साथ आम नागरिकों की किस्मत और जीवन भर की कमाई ले ली है, जिसमें लोग जिंदा रहने के लिए संघर्ष करते हैं तो यह एक डरावनी कहानी में बदल जाती है। भले ही हम विकास और समावेश की एक बड़ी तस्वीर की कहानी का जश्न मना रहे हों लेकिन सरकारी कार्रवाई में ढिलाई, जमाकर्ताओं को जमा बीमा के भुगतान करने की अस्पष्ट धीमी गति और विस्तारित समय अवधि व बैंक में आपराधिक जांच के आलोक में उभर रहे भ्रष्टाचार के चौंकाने वाले खाते एक ऐसे भारत की कहानी बताते हैं जिसने अपने संचालन की परियोजना के मूल तत्वों और व्यवहारिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित नहीं किया ताकि आगे बढ़ने से पहले सब कुछ सुनिश्चित किया जा सके। पतन के बारे में उल्लेखनीय बात यह है कि बैंक अप्रत्याशित रूप से पूरी तरह से गायब हो गया है जैसे कि कुछ भी नहीं हुआ है। सिस्टम में सबसे कमजोर लोगों पर लगभग किसी का ध्यान नहीं गया। जिन्होंने बैंक पर रोजमर्रा की सेवा के लिए घरेलू संस्थान के रूप में भरोसा किया उनके लिए यह एक विनाशकारी प्रभाव है। इस मामले में 12,000 पन्नों की चार्जशीट दायर की गई है लेकिन यह अभी भी अपने पैसे का इंतजार कर रहे जमाकर्ताओं को बहुत कम सांत्वना देता है। पुलिस ने बताया कि कुछ आरोपी देश छोड़कर भाग गए हैं।

न्यू इंडिया जैसे सहकारी बैंक का पतन विशेष रूप से दर्दनाक है क्योंकि इसका इतिहास संगठित श्रमिकों से जुड़ा है। इसके संस्थापक तेजतर्रार समाजवादी, ट्रेड यूनियन नेता स्वर्गीय जॉर्ज फर्नांडीस (1930-2019) हैं जिनका जीवन भारतीय अर्थव्यवस्था के जमीनी स्तर पर लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने के लिए समर्पित था। जब एक टैक्सी ड्राइवर को लाइसेंस-नियंत्रण-राज वाले दिनों में 'नियमित' बैंकों द्वारा ऋण देने से इनकार कर दिया गया तो फर्नांडिस ने टैक्सी ड्राइवरों को बैंक बनाने के लिए एकजुट किया। बड़े और कट्टर बैंकों ने जिन्हें छोड़ दिया गया था, इस बैंक ने यूनियन श्रमिकों, ऑटो चालकों और छोटे व्यवसायियों का स्वागत किया। नए, उदारीकृत भारत में यूनियनों को लंबे समय से भंग कर दिया गया है या कम से कम वे अपने दांत खो चुके हैं। जिस बैंक की स्थापना श्रमिकों की रीढ़ के रूप में की गई थी उसे अब अंदरूनी लोगों के एक समूह द्वारा लूट लिया गया है। आरोपियों में जॉर्ज फर्नांडिस के सहयोगी संस्थापक रंजीत भानु के परिवार के सदस्य भी शामिल हैं।

हालांकि सहकारी बैंकों में राजनेताओं, स्थानीय क्षेत्र के प्रभाव और आधुनिक प्रणालियों को धीमी गति से अपनाने के कारण सुशासन की कमी संभव हो सकती है लेकिन आरबीआई अपने पर्यवेक्षी कार्यों में विफल होने की जिम्मेदारी से बच नहीं सकता है। इन बैंकों पर स्पष्ट रूप से अलग ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि वे छोटे हैं, वे अंदरुनी इलाकों में वित्तीय समावेशन का काम करते हैं और वे उन कुछ सबसे कमजोर व सबसे गरीब लोगों की जमा रकम पर चलते हैं जिन्होंने बैंकिंग प्रणाली पर भरोसा किया है। हाल के दिनों में बैंकों के दीवालिया होने की एक श्रृंखला देखी गई है जिनमें से न्यू इंडिया नवीनतम है। यह बात संरचनात्मक और शासन के मुद्दों को इंगित करती है जिन्हें आरबीआई प्रभावी ढंग से संबोधित करने में असमर्थ या अनिच्छुक रहा है।

इस साल मार्च में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा को बताया था कि पिछले तीन साल में 40 शहरी सहकारी बैंकों के लाइसेंस रद्द किए गए हैं। मंत्री ने आरबीआई के हवाले से कहा कि उसने पिछले तीन वर्षों में उधारकर्ताओं और उधारदाताओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में विफल रहने वाले संस्थानों में जमा और अग्रिम की राशि का बैंक-वार विवरण नहीं रखा है। इसके साथ ही आरबीआई द्वारा उन पर कोई कार्रवाई भी नहीं की गई है। बैंक विफलताओं की सूची का एक अनुलग्नक डीआईसीजीसी से आया है। इसने पिछले तीन वर्षों में 43 'बैंक विफलताओं' को सूचीबद्ध किया, उनमें से सभी सहकारी बैंक थे।

करीब पांच साल पहले एसबीआई ने निजी क्षेत्र के चौथे सबसे बड़े बैंक 'यस बैंक' को बचाया था। लोगों का विचार था कि यह संस्थान इतना बड़ा है कि वह विफल नहीं हो सकता क्योंकि वह लापरवाही या गलत कामों न करने के खिलाफ निहित गारंटी देता है। यह सच है कि अर्थव्यवस्था पर असाधारण विफलताओं से पड़ने वाले प्रभावों का जोखिम होता है, लेकिन न्यू इंडिया के मामले की तरह की अप्रत्याशित विफलताएं एक अलग तरह का नुकसान पहुंचाती हैं- वे लगभग अनदेखे, अनसुने लेकिन कम विघटनकारी नहीं होते। वे बैंकिंग प्रणाली और इसके पूरे नियामक ढांचे में आम नागरिक के विश्वास को खत्म करते हैं।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस )**

# 25 जून को तय होगा, कब दमोह नाका चौक आम वाहन चालकों के लिये खुलेगा

## अभी पंद्रह दिनों के लिये बंद है आवागमन, केवल दो पहिया और छोटे वाहन वैकल्पिक मार्गो का कर रहे उपयोग



**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर के दमोह नाका चौक को अभी 30 जून तक के लिये बंद कर वहां पर नालों और सड़क आदि के कार्यो को किया जा रहा है, इसी को देखते हुये प्रशासन ने चौक के तरह आने जाने वाले यातायात को प्रतिबंधित किया है। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच अभी तय नही है कि तीस जून या उसके बाद भी चौक को इसी तरह बंद रखा जायेगा।

गौरतलब है कि 19 जून को देशबन्धु ने इसी समस्या को लेकर प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था। जिसके बाद अब नया अपडेट पता चला है। इसमें विभागीय अधिकारियो ने कहा है कि अभी इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है। इसके लिये 25 जून को पुन: परीक्षण हेतु बैठक आहूत की जायेगी, जिसमें मौजूदा कार्यो की स्थिति की समीक्षा की जायेगी।

इसमें पता चलेगा कि चौक के आस-पास विकास कार्यो किये जा रहे थे, उनकी स्थिति क्या है, अगर काम पूर्णता की ओर होंगे तो तय समय सीमा तीस जून के बाद चौक को यातायात के लिये खोल दिया जायेगा, लेकिन काम शेष रहता है तो फिर इसे आने वाले कुछ दिनों के लिये और बंद रखने का निर्णय लिया जा सकता है।

**देशबन्धु फॉलोअप**

दमोह नाका से मदन महल के बीच करीब सात किलोमीटर लंबा फ्लाई ओव्हर लगभग बन गया है, केवल दमोह नाका के पास नीचे वाले नाला, नालियों और फुटपाथ इत्यादि का काम चल रहा है, इसीलिये चौक को पंद्रह दिनों के लिये बंद किया गया है, क्योंकि इसके पहले आवागमन चलने से उक्त काम नहीं हो पा रहे थे, ठेका कंपनी को कई तरह की असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा था,

इसी को ध्यान में रखते हुये प्रशासन ने चौक को बड़े वाहनों के लिये बंद कर दिया है, अभी केवल दो पहिया या छोटे वाहल वैकल्पिक मार्गो से यहां पहुंचकर आगे की तरफ आ जा रहे हैं। इस दौरान लोगों को व्यवहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिसे लेकर देशबन्धु ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने का काम किया है।



# लोक निर्माण मंत्री ने कई वार्डों में विकास कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पश्चिम विधानसभा के कई वार्डों में पहुंचकर विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान त्रिपुरी वार्ड में रमनगरा रैन बसेरा नगर निगम और दुर्गा मंदिर के बीच से तालाब के पुलिया तक 19 लाख 67 हजार रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य, चंदन कॉलोनी में अशोक दुबे के घर के सामने से वकील जी वी पटेल के घर के सामने एवं अमित विश्वकर्मा के घर से दुर्गा केवट के घर तक 57 लाख रुपए की लागत से सड़क एवं नाली निर्माण कार्य, गढ़ा वार्ड स्थित जनता होटल से हुकुम किराना तक 63 लाख रुपए की लागत से आरसीसी नाला निर्माण कार्य, शहीद गुलाब सिंह वार्ड में राहुल किराना के बाजू में 14.41 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य, गिरिराज किशोर कपूर वार्ड में रमैया जी के घर से बंद वाले के घर तक 7 लाख रुपए की राशि से सीसी रोड निर्माण एवं दादा बाबू राव परांजपे वार्ड के अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

**इनकी रही उपस्थिति-** इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, अभय सिंह, कौशल सूरी, अनिल भाटिया, शैलेन्द्र विश्वकर्मा सहित अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, , एसडीएम अनुराग सिंह व तहसीलदार भरत सोनी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह आज विभिन्न कार्यक्रम में होंगे शामिल



**जबलपुर, देशबन्धु।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह शनिवार 21 जून को जिला मुख्यारलय पर रानीताल स्टेडियम में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिले के मुख्य कार्यक्रम सहित शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होंगे। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह शनिवार की सुबह 6.15 बजे आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री सिंह स्वामी वीरेन्द्रपुरी वार्ड में दोपहर 12 बजे कांजी हाउस से ब्राम्हण मोहल्ला् कुआं तक एवं दोपहर 12.30 बजे चिराग मेडिकल से रूचि बाईंडिंग तक नव निर्मित सीसी सड़क का लोकार्पण करेंगे, वीर सावरकर वार्ड में दोपहर 1 बजे गुलमोहर पार्क संजीवनी नगर से राजेश तिवारी के मकान के सामने तक निर्मित सीसी सड़क का एवं दोपहर 1.15 बजे गौतम जी की मढिया से गुलौआ चौक तक निर्मित नाली का लोकार्पण करेंगे तथा मदन महल वार्ड के अंतर्गत दोपहर 1.30 बजे प्रेम नगर में इंजीनियर के. अग्रवाल के घर से पप्पूल नायडू के घर तक सीसी सड़क एवं दोपहर 2 बजे साहू मोहल्ला से अरूण सोनी के मकान तक निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण करेंगे। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह दोपहर 2.30 बजे रानी दुर्गावती वार्ड में दादी किराना से मासाब के घर तक निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण करेंगे तथा शाम 4 बजे सरदार वल्लदभ भाई पटेल वार्ड के अंतर्गत ठाकुरताल का निरीक्षण करेंगे।

# जिला चिकित्सालय में टाइप 1 डायबिटीज़ से प्रभावित लोगों के लिए साप्ताहिक क्लिनिक शुरू



**जबलपुर, देशबन्धु।** टाइप 1 डायबिटीज़ से प्रभावित लोगों को सतत और समग्र देखभाल प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, जबलपुर जिला अस्पताल में साप्ताहिक टाइप 1 डायबिटीज़ क्लिनिक की शुरुआत की गई है। यह क्लिनिक हर शुक्र वार को प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक रूम नंबर 9 (कैंसर स्क्र ीनिंग कक्ष) में संचालित होगा।

साप्ताहिक क्लीनिक का विधिवत लोकार्पण वरिष्ठ एंडॉक्रि नोलॉजिस्ट डॉ वी के भारद्वाज एवं क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं जबलपुर डॉ संजय मिश्रा के द्वारा फीता काट कर किया गया। इस क्लिनिक में नामांकित टाइप 1 डायबिटीज़ से प्रभावित लोगों को नि:शुल्क मासिक इंसुलिन आपूर्ति, क्लिनिकल मूल्यांकन, मधुमेह शिक्षा और विशेषज्ञ परामर्श जैसी सेवाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

यह पहल न केवल जीवन रक्षक देखभाल को सुलभ बनाती है, बल्कि टाइप 1 डायबिटीज़ से प्रभावित परिवारों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को भी कम करती है।

साप्ताहिक क्लिनिक के लोकार्पण कार्यक्रम में डॉ नवीन कोठारी सिविल सर्जन, डॉ सारिका दुबे एन सी डी नोडल, श्री अजय कुरील जिला मीडिया अधिकारी, डॉ अंकित अनूप मरावी एमडी मेडिसिन, डॉ नंदन शर्मा शिशु रोग विशेषज्ञ, सतीश प्रजापति परियोजना समन्वयक विलियम जे क्लिंटन फाउंडेशन उपस्थित रहे।

# नर्सिंग कालेज के चेयरमेन व रजिस्ट्रार की अनुपस्थिति से कोर्ट नाराज

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश के बहुचर्चित नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े से जुड़े सभी मामलों की सुनवाई जुलाई माह से डे-टु-डे करने की व्यवस्था दी है। जस्टिस अतुल श्रीधरन व जस्टिस डीके पालीवाल की युगलपीठ ने ओपन कोर्ट में कहा कि प्रदेश के स्वास्थ्य से जुड़े इस महत्वपूर्ण मामले में अब तीन जुलाई से हर दिन सुनवाई की जाएगी। युगलपीठ ने नर्सिंग कालेज के चेयरमेन और रजिस्ट्रार के पूर्व आदेश पर हाजिर न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके माफीनामे पर कोई सुनवाई नहीं की।

## तीन जुलाई से डे-टू होगी सुनवाई

दरअसल यह जनहित का मामला लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की ओर से दायर किया गया था। जिसमें आवेदक की ओर से मामले का जल्द निराकरण करने का अनुरोध किया गया था। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान न्यायालय ने कहा कि नर्सिंग मामले में लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन की जनहित याचिका को सभी नर्सिंग मामलों का लीड केस मानते हुए सुनवाई की जाएगी। कोर्ट ने रजिस्ट्री को निर्देशित किया कि कोई भी नर्सिंग से संबंधित प्रकरण जो भविष्य में सुनवाई हेतु पेश किए जाते हैं तो उनकी एक कॉपी याचिकाकर्ता को भी उपलब्ध कराई जाएगी। गौरतलब है कि पिछले तीन सालों से हाईकोर्ट में नर्सिंग घोटाले की सुनवाई हो रही है। हाईकोर्ट की मॉनिटरिंग में हुई सीबीआई जांच के बाद अब मध्यप्रदेश में नर्सिंग कॉलेजों की संख्या 200 के आसपास रह गई है। मामले में इतनी बड़ी संख्या में अपात्र कॉलेजों को मान्यता देने वाले अधिकारियों और अपात्र कॉलेजों के विरुद्ध कार्यवाही होना शेष है । पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने इंडियन नर्सिंग काउंसिल की सचिव और एमपी नर्सिंग काउंसिल के रजिस्ट्रार व चेयरमैन को अगली सुनवाई के दौरान हाजिर होने के निर्देश दिए थे। अधिकारियों की अनुपस्थिति पर कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई। दोनों की ओर से हाजिरी माफी के आवेदन पर भी कोर्ट ने सुनवाई न करते हुए उक्त निर्देश दिये।



# रादुविवि सहायक कुलसचिव की याचिका खारिज

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की सहायक कुलसचिव सुनीता देवड़ी की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने अपने स्थानांतरण को चुनौती दी थी। जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने कहा कि नियमानुसार स्थानांतरण आदेश याचिकाकर्ता की सेवानिवृत्ति से एक वर्ष से अधिक से पूर्व जारी किया गया है। मामले में एकलपीठ ने कहा कि प्रशासकीय आवश्यकता के चलते स्थानांतरण किया जा सकता है। याचिकाकर्ता एक वरिष्ठ अधिकारी हैं जिन्होंने लगभग 39 वर्षों की सेवा की है।

## स्थानातंरण को दी गई थी चुनौती

पंडित एसएन शुक्ला विश्वविद्यालय शहडोल अपेक्षाकृत नया राज्य विश्वविद्यालय है। याचिकाकर्ता का अनुभव उक्त विश्वविद्यालय के लिए उपयोगी होगा जो अपने अस्तित्व के प्रारंभिक चरण में है।

उल्लेखनीय है कि सहायक कुलसचिव सुनीता देवड़ी ने याचिका दायर कर कहा कि उनकी सेवानिवृत्ति को एक वर्ष का समय बाकी है। सरकार की स्थानांतरण नीति की कंडिका-22 के अनुसार ऐसे किसी शासकीय सेवक का स्थानांतरण सामान्यत: नहीं किया जाना चाहिए जिनकी सेवानिवृत्ति को एक वर्ष या उससे भी कम समय बचा हो। शासन की ओर से उप महाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली ने दलील दी कि स्थानांतरण नियम के अनुरूप ही किया गया है। याचिका में यह भी आरोप लगाए गए थे कि विश्वविद्यालय के कुलपति के विरुद्ध एक अन्य महिला अधिकारी के साथ किए गए अभद्र व्यवहार के मामले में एसआईटी जांच में याचिकाकर्ता द्वारा भी कुलगुरु के विरुद्ध बयान दिए गए हैं। इस कारण से जांच लंबित होने के दौरान याचिकाकर्ता को दंडित करने के लिए नीति के विपरीत जाकर स्थानांतरण किया गया है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने स्थानातंरण को सही ठहराते हुए दायर याचिका खारिज कर दी।



# निगम फूंक रहा जनता की कमाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** एक ओर निगम राजस्व बढ़ाने के लिए टैक्स बढ़ाने से लेकर तमाम कवायद करता है, और दूसरी ओर जनता के पैसे की बर्बादी पर कोई ध्यान नहीं। निगम ने जगह जगह प्लास्टिक कंटेनर लगाए थे, कचरा इकट्ठा करने के लिए,अब वो गायब हैं।

# गंगासागर सीमांकन के आधार पर अतिक्रमणों को चिन्हित किया, दोषियों को नोटिस जारी

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोरखपुर एसडीएम अनुराग सिंग ने बताया कि गंगासागर तालाब का सीमांकन किया गया है, इसी के आधार पर अतिक्रमणों को चिहिन्त कर उन्हें हटाने के लिए दोषियों को नोटिस जारी किये गये है। यह जानकारी नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच को दूरभाष पर हुई चर्चा के दौरान एसडीएम अनुराग सिंग ने प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि डॉ. पी.जी. नाजपांडे तथा डी. आर. लखेरा ने कलेक्टर को शिकायत की थी की गंगासागर तालाब पर हो रही पुराई तथा अतिक्रमणों को हटाया जाये। उन्होंने हाईकोर्ट के उस आदेश कहा हवाला दिया था, जिसमें महानद्दा तथा अन्य तालाबों पर हो रही पुराई तथा वहां हो रहे निर्माणों पर पूर्णत: रोक लगाई गई है।

## 30 जून को सुनवाई

महानद्दा देवताल तथा सूरजताल के सिलसिले में डॉ.पी.जी. नाजपांडे तथा डी. आर. लखेरा के याचिका पर कलेक्टर न्यायालय में 30 को सुनवाई तय की गई है। गंगासागर तालाब के मामले पर भी दलीलें पेश कर गोरखपुर एसडीएम द्वारा की गई कार्यवाही की रिपोर्ट प्रस्तुत करने की प्रार्थना कलेक्टर न्यायालय में की जायेगी।

# गारमेंट क्लस्टर के लिये आयोजित हुआ वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम




**जबलपुर, देशबन्धु।** गारमेंट क्लस्टर को सशक्त बनाने एवं स्थानीय उद्यमियों को राष्ट्रीय बाजार से के उद्देश्य से रेजिंग एंड एक्सलेरेटिंग एमएसएमई परफार्मेंस (रेम्प) योजना के अंतर्गत शुक्रवार को राज्य शासन के एमएसएमई विभाग द्वारा एक दिवसीय वेंडर डिवेलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राइट टाउन स्थित होटल सत्य अशोका में आयोजित किये गये इस कार्यक्रम में देश की चार प्रमुख एंकर इंडस्ट्री तथा 80 से अधिक एमएसएमई वेंडर्स ने भाग लिया।

महाकौशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष रवि गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में गारमेंट क्लस्टर के अध्यक्ष दीपक जैन, जायमा एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग जैन, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक और संयुक्त संचालक जबलपुर जोन विनीत रजक भी मौजूद थे।

# मनमाने ढंग से बिजली कटौती किए जाने से आम नागरिक परेशान

## अधिकारी फोन भी नहीं उठाते

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उच्च अधिकारियों की लापरवाही और उदासीनता का ग्राफ दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है। अधिकारियों द्वारा आए दिन वगैर सूचना दिये चाहे जब बिजली की कटौती मनमाने ढंग से की जा रही है। मनमाने ढंग से बिजली कटौती के कारण छोटे बच्चों से लेकर नौकरी पेशा महिलाऐं और वरिष्ठ नागरिक आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पचपेढ़ी का क्षेत्र सिविल लाइन डुमना आदि क्षेत्र में सुबह 11.30 बजे से लगभग 6.30 बजे तक पचपेढ़ी क्षेत्र की बिजली आपूर्ति किन कारणों से बाधित की यह बताने की फुर्सत किसी भी अधिकारी को नहीं मिली क्षेत्र के निवासियों में कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन लगाया, परंतु किसी भी अधिकारी ने फोन उठाने का प्रयास ही नहीं किया ।

जानकारी के अनुसार ढाई दशक पूर्व जब मध्य प्रदेश विद्युत मंडल अपने अस्तित्व में था तो 15अप्रैल से 15 जून के बीच शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों की लाइनों का रख रखाव और तकनीकी कर्मचारियों की पूरी टीम शहर में लगे ट्रांसफार्मर में आइल बदलने और आवश्यकतानुसार कंडक्टर को भी बदला जाता था, और यदि बिजली आपूर्ति बंद की जाती थी तो उसकी आम सूचना के माध्यम से आम नागरिकों को सूचित किया जाता था।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन क्षेत्र को वीआईपी की श्रेणी में माना जाता है। इसके वाबजूद भी बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा इस प्रकार की लापरवाही और उदासीनता बरती जा रही है तो शहर के अन्य क्षेत्र का तो भगवान ही मालिक है।

नगर वृत के अभियंता द्वारा कटंगा फीडर और राइट टाउन फीडर में रख रखाव के चलते 20 जून को सुबह 8 से 12 बजे तक 4 घंटे बिजली आपूर्ति नहीं होगी की सूचना जारी की थी। पचपेढ़ी क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित होने से उपभोक्ताओं में आक्रोश है।

**कहीं यहां भी ऐसा न हो जाये**

सोशल मीडिया क्लिप चल रही है अमरावती में बिजली कटौती से परेशान लोगों ने बिजली दफ्तर में आग लगा दी, इससे पता चलता है कि घरों में बिजली नहीं आने से लोगों का गुस्सा कितना बढ़ जाता है। जिसके कारण सामूहिक रूप से बहुतायत में पहुंचकर अग्निकांड जैसा गंभीर मामला घटित करने से पीछे नहीं रहते हैं।

## ऊर्जा मंत्री के आदेश को दिखा रहे ठेंगा

प्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने सभी अधिकारियों को आदेशित किया है कि बिजली विभाग के सभी अधिकारी आम उपभोक्ताओं के फोन उठाएं और उनकी शिकायतों का त्वरित रूप से निपटारा करें परंतु इसका कोई भी असर पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अभियंताओं पर दिखायी नहीं पड़ रहा है। अभियंताओं के इस प्रकार के रवैये से तो यह स्पष्ट जाहिर होता है कि वह अपने हिसाब से ही कार्य को संपादित करेंगे।

गौरतलब है कि बिजली विभाग का मुख्यालय जबलपुर है यहां पर प्रबंध संचालक से लेकर मुख्य अभियंता स्तर के अधिकारियों की पदस्थापना की गई है, जब इस प्रकार की कार्यप्रणाली यहां पर चल रही है तो अन्य शहरों का कार्य प्रणाली का सहजता से अंदाज लगाया जा सकता है।


आवश्यकता है

मशीन विभाग में कार्य करने हेतु मनीशमैन की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति पूरे विवरण एवं फोटो के साथ व्यक्तिगत सम्पर्क करें:-

अच्छा वेतन योग्यतानुसार

कार्मिक प्रबंधक

श्रीजी प्रिंटर्स, दैनिक देशबन्धु,

नौदरापुल, जबलपुर

# योग और संगीत, स्ट्रेस मैनेजमेंट की बेस्ट थैरेपी बनी

## इंटरनेशनल योग एवं म्यूजिक-डे आज



**जबलपुर, देशबन्धु।** योग और संगीत दोनों ही जीवन का आधार है। दोनों ही निरोगी रहने का मंत्र है। योग व संगीत में जहां बीमारियों को मात देने की शक्ति है, वहीं जीवन को संवारते हैं। बिगड़ती लाइफ स्टाइल के कारण बीमारियां भी लोगों को घेर रही हैं। ऐसे में स्वस्थ्य जीवन और दिनचर्या के लिए लोग योग व संगीत को हेल्थ की बेस्ट मेडिसिन थैरेपी के रूप में परममित्र बना रहे हैं। योग को संगीतमय धुनों के बीच योग, ध्यान और मेडिटेशन करना

**हेल्थ की बेस्ड मेडिसिन के रूप में उभरा है।** एक्सपर्ट का भी कहना है कि योग और संगीत एक दूसरे के पूरक हैं। जीवन में इन दोनों का समावेश छोटी-बड़ी बीमारियों से बचाव दिलाने में मददगार साबित होगा। खुद से मिलाप करवाती हैं दोनों विधाएं विश्व योग और संगीत दिवस हर वर्ष 21 जून को मनाया जाता है। वहीं दोनों विधाओं से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि योग एवं संगीत आत्म साक्षात्कार करवाती हैं। जीवन में खुशहाल रहने के तरीके योग और संगीत से ही प्राप्त होते हैं। अक्सर योग संगीत की हल्की धुनों के बीच करवाया जाता है। इस तरह एक दूसरे के पूरक- दोनों ही क्रियाओं में एकाग्रता और शुद्धता जरूरी योग में आसन और मुद्राएं प्रभावित होती हैं, वहीं संगीत में स्वर का ध्यान आवश्यक है। दोनों क्रियाएं व्यक्ति को साधना सिखाती है, मन, तन और विचारों को स्थिरता मिलती है, योग और संगीत का अभ्यास प्रकृति के समीप अलसुबह ही होता है।

### बैलेंस रहता कार्टिसोल

स्वास्थ्य के लिए मेडिटेशन और म्यूजिक दोनों समान रूप से कारगर हैं। संगीत स्ट्रेस हार्मोन कार्टिसोल लेवल कम करता है, वहीं योग से तनाव, ब्लड प्रेशर पर नियंत्रण, हार्ट डिसीज कम करने के साथ ही मांसपेशियां मजबूत होती हैं।

# संस्कारधानी में योग दिवस की धूम



## रेलवे में मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**जबलपुर, देशबन्धु।** 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के मुख्य आथित्य में आज प्रात: 6.00 बजे रेल सौरभ ऑफीसर्स क्लब में योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारी गण सम्मिलित होंगे । इसी क्रम में रेल उमंग सामुदायिक रेल भवन में श्री सुनील टेलर अपर मंडल रेल प्रबंधक महोदय के मुख्य आथित्य में योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारी गण सम्मिलित होंगे । उक्त कार्यक्रम में योग प्रोटोकॉल के पूर्व प्रात: 6.30 बजे सीधे प्रधानमंत्री महोदय के कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे ।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस विद्युत कंपनियों का सामूहिक योगाभ्यास

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में विद्युत कंपनियों के समस्त कार्मिकों व उनके परिजन आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रामपुर परिसर स्थित कल्याण भवन में प्रात: 6.30 बजे से सामूहिक योगाभ्यास करेंगे। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग (योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ) है। योग गुरू हरलाल कछवाहा, रामलाल रजक, भोला यदुवंशी व कालीचरण पंडा भारत सरकार के आयुष विभाग द्वारा जारी कॉमन प्रोटोकॉल के अंतर्गत सामूहिक योगाभ्यास करवाएंगे। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद ने जबलपुर स्थि?त सभी विद्युत कंपनियों के कार्मिकों व उनके परिजनों से सामूहिक योगाभ्यास में भाग लेने का अनुरोध किया है।

### योग एवं संगीत कार्यक्रम

संस्कृति विभाग के तत्वावधान में शासकीय ललित कला महाविद्यालय में सुबह 11 बजे से विश्व योग एवं संगीत दिवस के उपलक्ष्य में आयोजन होगा। कार्यक्रम में भोपाल के सिरामिक कलाकार गिरिजा वायंगणकर युवाओं को वक्तत्व देंगे।

# संस्कारधानी का मोहर्रम कौमी एकता की मिसाल: हाजी रज़वी



**जबलपुर, देशबन्धु।** गत रात्री मदन महल दरगाह में मुतवल्ली सैयद कादिर अली कादरी व सज्जादांशीन मुबारक कादरी की अध्यक्षता में मुहर्रम संबंधी एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरुआत हाफ़िज असद कर्बलाई ने तिलावते क़ुरआन-ए-पाक से की। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाज सेवी हाजी मक़बूल रज़वी ने अपने वक्तव्य में कहा कि संस्कारधानी का मोहर्रम कौमी एकता की मिसाल है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जबलपुर में मुहर्रम का पर्व हमेशा आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाता है। उन्होंने सवारी रखने वाले मुजावरों से अपील की कि वे अपने बेड़े में शामिल अकीदतमंदो को साथ लेकर चलें और किसी भी प्रकार के अपशब्दों का प्रयोग या गलत किस्म की नारेबाजी न करें। हाजी रज़वी ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करने और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की भी अपील की। शहर कॉंग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष अशरफ मंसूरी ने अपने संबोधन में कहा कि हमें शासन-प्रशासन का सहयोग करते हुए अपना त्यौहार मनाना है।

# जीवित पेड़ों की कटाई का दर्द सिर्फ प्रकृति ही समझ सकती है



**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद लार्डगंज शाखा चंदना संभाग के तत्वावधान में पर्यावरण थीम पर सेलिब्रेशन हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं ने मनोरंजन मीटिंग और पर्यावरण पर आधारित नृत्य नाटिका का मंचन किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विमला जैन ने कार्यकारिणी की मीटिंग की। स्वागत नृत्य अध्यक्ष पूजा विद्यार्थी, सचिव मनीषा जैन, कोषाध्यक्ष रीता ने प्रस्तुति किया।

**मत काटो मुझे दर्द होता है-** समारोह में पर्यावरण पर आधारित नाटक मत काटो मुझे बड़ा दुखता है की प्रस्तुति महिलाओं ने दी। प्रशासनिक सलाहकार रानी जैन ने नाट्य निर्देशन किया। पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विजयलक्ष्मी जैन, प्रांतीय उपाध्यक्ष निशा चौधरी, मनी जैन, मीना जैन, साधना बडकुल, संभाग अध्यक्ष संध्या कौशल, लघु नाटिका में पेड़ों की पीड़ा और मनुष्यों की लापरवाही को मार्मिक रूप से दर्शाया गया है। महिलाओं ने यह संदेश दिया कि पेड़ों भी जीवित होते हैं और काटे जाने पर उन्हें दर्द होता है।

# योग बना रहा दिव्यांग बच्चों को दिव्य

**जबलपुर, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून विश्व योग दिवस का आयोजन किया गया। इसमें मोदी द्वारा बताए प्रोटोकॉल को फॉलो करते हुए अपने योगाचार्य राम किशोर सोनी नियमित अभ्यास तथा अन्य दिव्यांग बच्चों ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। इन बच्चों ने अपनी अपनी कमियों को अपना बल बनाते हुए योग का प्रदर्शन किया। इसे दिव्यांग योग भी कहा जाता है, जो कि हाल के वर्षों में बहुत लोक प्रिय हुआ है। कार्यक्रम के दिव्यांग बच्चों ने



प्राणायाम, ह्रदय स्वस्थ रखने के लिए योग और ध्यान बेहद कारगर हैं साबित किया, ऑटिज्म ईशान गुप्ता बच्चे वृक्षासन, त्रिकोणासन, तथा मोहम्मद फैजान मूक बाधिर उष्ट्रासन , तारासन का प्रदर्शन कर वहां उपस्थित जनों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

# योग से निरोग रहने के लिए जाने तरीके



**जबलपुर, देशबन्धु।** जानकीनगर महिला जागृति समिति के तत्वावधान में महिलाओं ने योग अभ्यास किया। अध्यक्षता दीप्ति गुप्ता ने की। योग प्रशिक्षिका सावित्री पटनायक ने योगाभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को दिनचर्या में 15 से 30 मिनट योगाभ्यास करना चाहिए। मुख्य अतिथि डॉ. रूमिका राव ने महिलाओं को दांतों को स्वस्थ बनाने के टिप्स दिए। इस मौके पर पूर्णिमा, सुनंदा सोनी, कीर्ति रैकवार, दीपाली मौजूद रहीं।

## सशक्त हस्ताक्षर का वंदे मातरम काव्य महोत्सव आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** साहित्य और समाज सेवा के लिए क्रियाशील संस्था सशक्त हस्ताक्षर द्वारा वंदे- मातरम काव्य महोत्सव का आयोजन आज दोपहर 3 बजे से डिसिल्वा स्कूल सभागार बलदेवबाग में किया जा रहा है । संयोजक- संस्थापक गणेश प्यासा ने बताया कि इस अवसर पर अखिल भारतीय लेखक, कवि,कलाकार परिषद काशी के तत्वावधान में कला एवं साहित्य के मनीषियों को वरिष्ठ साहित्यकार इंद्रजीत तिवारी काशी एवं ओमप्रकाश पांडे उप कुलपति काशी विद्यापीठ द्वारा सम्मानित किया जाएगा। सलाहकार संगम त्रिपाठी, राजेश पाठक प्रवीण एवं मदन श्रीवास्तव ने साहित्य अनुरागियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

# वीयू- मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में योग शिविर




**जबलपुर, देशबन्धु।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्वयंसेवकों एवं छात्रों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम अन्तर्गत विगत 15 जून से 21 जून तक साप्ताहिक योगाभ्यास कार्यक्रम मनाया जा रहा है, प्रतिदिवस होने वाले इस अभ्यास में छात्रों को योग, प्राणायाम, सूर्यनमस्कार एवं आसन का अभ्यास, तथा इनके माध्यम से मिलने वाले मानसिक एवं शारीरिक लाभ, योग का महत्व, व्यक्तित्व विकास में उपयोगिता एवं सर्वांगीण विकास के विषय में जागरूक भी किया जा रहा है, ताकि छात्र शैक्षाणिक गतिविधियों के साथ सफल सुखद तथा दीर्घायु जीवनशैली के पथ पर अग्रसर हो सके, साथ ही छात्र छात्राओं द्वारा भारत सरकार द्वारा आयोजित योग प्रश्नोत्तरी में भी भाग लिया गया ।

महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ.शशिकांत महाजन ने कहा कि इस गतिविधि का उद्देश्य छात्रों को योग के माध्यम से वैदिक एवं वैज्ञानिक पद्धति के प्रति शिक्षित करना है, स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है, आधुनिक जीवनशैली के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए योग एक अनिवार्य प्रक्रिया है, यह योगाभ्यास राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई प्रभारी डॉ सोना दुबे के संचालन में टीचिंग एसोसिएट प्रतीक कुमार तिवारी, एवं अनिल केवट की सहभागिता से संपन्न होने जा रहा है जिसमें महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं एवं स्वयं सेवकों द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जा रहा है

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 21 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ कृष्ण पक्ष की एकादशी, नक्षत्र-अश्विनी।**

मेष - आज जो भी काम करेंगे, उसमें उत्साह बना रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से ताजगी और बनी रहेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। मित्रों और स्वजनों के साथ खुशी के पल गुजार सकेंगे।

वृषभ - आप के भीतर क्रोध और हताशा हावी होगी। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। परिवार और आर्थिक मामलों में चिंता बनी रहेगी। स्वभाव की उग्रता के कारण किसी के साथ मतभेद या झगड़े होने की संभावना है।

मिथुन - आपके परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी। व्यापार या नौकरी में लाभ हो सकेगा। उच्च अधिकारी आपके काम की सराहना करेंगे। विवाह के इच्छुक लोगों के विवाह की संभावना है। (278-390)

कर्क - घर की साज-सजावट पर विशेष ध्यान देंगे। नए घरेलू सामान खरीदने की संभावना है। व्यापारियों और नौकरी पेशा लोगों को लाभ तथा पदोन्नति मिल सकती है। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। सरकारी लाभ होगा।

सिंह - आज गुस्से वाला स्वभाव होने के कारण किसी भी काम में मन नहीं लगेगा। संघर्ष या विवाद के कारण किसी के नाराज होने की आशंका बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा।

कन्या - नए काम को शुरू करने के लिए आज का दिन अच्छा नहीं है। बाहर के खाने से परहेज करें अन्यथा तबीयत खराब हो सकती है। गुस्से को काबू करने के लिए ज्यादातर समय मौन ही रहें। खर्च में वृद्धि होगी।

तुला - आज का दिन मौज- मस्ती, मनोरंजन, रोमांस में गुजरेगा। आपको कई जगह विशेष सम्मान मिलेगा। पार्टनरशिप के काम से लाभ होगा। अच्छे वस्त्र आदि खरीद सकते हैं। वाहन सुख का अच्छी तरह आनंद ले सकेंगे।

वृश्चिक - आज कुछ आकस्मिक घटनाएं घटेंगी। पूर्वनिर्धारित मुलाकात रद्द होने से हताशा और क्रोध की भावनाएं पैदा होंगी। आपके हाथ में आए हुए अवसर हाथ से सरकते हुए प्रतीत होंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होंगे।

धनु - संतान के स्वास्थ्य और पढ़ाई की चिंता से मन व्यग्र रहेगा। पेट संबंधी बीमारियां परेशान करेंगी। काम की असफलता से आपके अंदर हताशा होगी। क्रोध को काबू में रखें। साहित्य, लेखन तथा कला के प्रति गहरी रुचि रखेंगे।

मकर - आज आपको शारीरिक अस्वस्थता और मानसिक बेचैनी का अनुभव होगा। पारिवारिक वातावरण क्लेशमय रहने से मन उदास रहेगा। स्फूर्ति और ताजगी का अभाव रहेगा।

कुंभ - आपके मन पर छाए हुए चिंता के बादल दूर होने से आप मानसिक राहत अनुभव करेंगे। काम करने में आपको उत्साह रहेगा। भाई- बंधुओं के साथ घरेलू मामलों पर चर्चा या आयोजन करेंगे और आनंदपूर्वक समय व्यतीत करेंगे।

मीन - आज क्रोध पर काबू रखकर मौन धारण करना अधिक अच्छा रहेगा, अन्यथा किसी से मनमुटाव होने की संभावना है। पैसे खर्च करते समय भी संयम रखना आवश्यक है। (289-458)

3,6,8,9,34,69,85,90,42,93,59,07

# वीरांगनाओं पर आधारित सुनाए गीत



**जबलपुर, देशबन्धु।** त्रिवेणी परिषद् के तत्वावधान में रानी लक्ष्मी दुर्गा बलिदान सप्ताह के अंतर्गत काव्यांजलि और लघुकथाओं का पाठ किया गया। आयोजन में लेखिका संघ और योग मित्र मंडल की सहभागिता रही। आयोजन में देशभक्ति रचनाओं के साथ बलिदानी रानियों से प्रेरित गीत व लघु कथाओं का वाचन किया गया। अध्यक्षता डॉ. अरुणा पांडेय ने की। उन्होंने कहा कि इतिहास से जुड़ी नारीशक्ति विश्वास बढ़ातीं हैं, हमारी बेटियों को वही शिक्षा देनी है। विशिष्ट अतिथि छाया त्रिवेदी व डॉ राजलक्ष्मी शिवहरे रहीं। कार्यक्रम में एड. प्रभा खरे, मनीषा गौतम, अध्यक्ष चंद्रप्रकाश वैश्य, मिथिलेश नायक, रत्ना ओझा, प्रार्थना अर्गल, रत्ना मुंजे, रेणु शर्मा, मीना पटेल, सरला मोदी, अलका मधुसूदन पटेल का सहयोग रहा।

# एजुकेशन पोर्टल 3.0 बंद होने से लोकसेवक परेशान

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की एजुकेशन पोर्टल 3.0 बंद होने से लोकसेवकों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है पोर्टल पर स्थानांतरण संबंधी किसी भी प्रकार के आदेश अपलोड नहीं दिख रहे हैं जिससे शिक्षकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है पोर्टल 3.0 बंद होने से पोर्टल अपग्रेडेशन की प्रक्रिया कुछ समय के लिए रुक गई है इससे प्रदेश के हजारों शिक्षक जिन्होंने स्थानान्तरण हेतु आवेदन दिया था उनके आदेश अधर में लटक गए है द्य किसी ने बीमारी के चलते तो किसी ने परिवारिक समस्याओं के चलते आवेदन दिया था वे सभी पोर्टल बंद होने से परेशान है द्य अत: संगठन मुख्यमंत्री महोदय से मांग करता है की एजुकेशन पोर्टल 3.0 को अतिशीघ्र ठीक करवाया जाए जिससे सभी लोकसेवक जिन्होंने स्थानान्तरण/ ट्रांसफर चाहा है उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो द्य **संगठन के प्रदेश अध्यक्ष-** रॉबर्ट मार्टिन, हेमंत ठाकरे, राकेश श्रीवास, दिनेश गोंड, शहीर मुमताज़, राजेश सहारिया, फिलिप एंथोनी, रऊफ खान, एनोस विक्टर, रामेश्वर प्रसाद दुबे, सुरेंद्र चौधरी, गुडविन चार्ल्स, उमेश सिंह ठाकुर, सुनील झारिया, विनोद सिंह, सुधीर अवधिया, देवेंद्र भट, मनमोहन चौधरी, योगेश ठाकरे, धनराज पिल्ले, गोपी शाह, वीरेंद्र श्रीवास, संतोष चौरसिया, आशीष कोरी आदि ने मांग की है।

## मदन महल, रेलवे स्टेशन पर चेस्ट स्क्रीनिंग

**जबलपुर, देशबन्धु।** मदन महल, रेलवे स्टेशन पर टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत नि:क्षय शिविर में डॉ. बी.सी.एस.राव मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के निर्देशन पर डॉ. संतोष ठाकुर जिला क्षय एवं एड्स अधिकारी के आदेशानुसार डॉ. संदीप चौहान के मार्गदर्शन पर धीरेन्द्र कुमार तिवारी, टी.बी. हेल्थ बिजिटर जबलपुर रेल्वे अस्पताल द्वारा श्रीमति डाली सक्सेना, मदन महल स्टेशन प्रबंधक के सहयोग से उक्त शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें टी.बी. विभाग द्वारा पोटेवल मशीन द्वारा 63 लोगों की चेस्ट स्क्रीनिंग की गई तथा 12 लोगों को अतिरिक्त जांच हेतु फेलोपन टयूब दिया गया। इस कैम्प में क्रमश: सर्वप्रथम डॉ संदीप चौहान एवं टी.हैल्थ विजिटर द्वारा क्षेय रोग क्या है, बचाओ, लक्षण, जांच एवं उपचार पर जन समुदाये के बीच अपने विचार व्यक्त किये।

# ओपीएस लाने एनपीएस-यूपीएस का बहिष्कार

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए वेस्ट सेंट्र्ल रेलवे मजदूर संघ ने गुरूवार को ओपीएस लाने के लिए एनपीएस-यूपीएस का बहिष्कार किया है। रेल कर्मचारियों ने इसके विरोध में कमर कस ली है और वे बहिष्कार सप्ताह मनाएंगे। इस दौरान गेट मीटिंग, धरना, जनसम्पर्क आदि के द्वारा रेलकर्मियों को जागरूक किया जाएगा ताकि आने वाले समय में उनका अहित न हो। डब्ल्यूसीआरएमएस के महामंत्री अशोक शर्मा, अध्यक्ष सीएम उपाध्याय ने बताया कि ओपीएस की मांग को लेकर एनपीएस-यूपीएस के विरोध में बहिष्कार सप्ताह 16 से 26 जून पमरे के मुख्यालय, कोटा, भोपाल कारखानो, जबलपुर, भोपाल, कोटा मंडल, इटारसी, कटनी, तुगलकाबाद शैडो समेत सभी स्टेशनों पर चलाया जाएगा। इसमें एनपीएस-यूपीएस का संपूर्ण बहिष्कार कर ओपीएस की मांग बुलंद की जाएगी। एनपीएस-यूपीएस की खामियां गिनाकर कर्मचारियों को जागरूक किया जाएगा। मुख्यालय शाखा डब्ल्यूसीआरएमएस के द्वारा केंद्रीय रेल चिकित्सालय जबलपुर में मंडल सचिव डीपी अग्रवाल के नेतृत्व में रेलवे अस्पताल में कार्यरत रेल कर्मियों से संपर्क कर एनपीएस-यूपीएस के नुकसान से अवगत कराया और ओपीएस की मांग का आव्हान किया। मौके पर संघ के हर्ष वर्मा, संजय चौधरी, दीपक केसरी, तरुण बत्रा, श्याम कला श्रीवास्तव, त्रिभुवन सिंह, दुर्गा तिवारी, बॉबी घोलपुरे, देवी सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, सचिन जैन, शारदा प्रसाद, वृंदावन यादव, अजय तिवारी, महेंद्र राजपूत, धर्मेंद्र कुमार, आशीष मिश्रा, जितेंद्र मंगरोरिया आदि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने पदोन्नति की राह आसान की

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के सरकारी कर्मचारी विगत 9 वर्षों से प्रमोशन की राह देखते देखते सेवानिवृत्त हो गए और कुछ संसार विदा। इस पीड़ा को समझते हुए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय मुख्य माननीय डॉ मोहन यादव एवं उनकी समस्त कैबिनेट ने प्रदेश में अधिकारियो कर्मचारियों की पदोन्नति करने का निर्णय किया तथा 19 जून 25 को म प्र लोकसेवा पदोन्नति नियम 2025 का राजपत्र में प्रकाशन भी करा दिया है। कलेक्टर की अध्यक्षता में एक मानिटरिंग समिति का गठन किया जाये जिसमें विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाये जिससे कि कर्मचारियों को वर्षों प्रतिक्षित पदोन्नति की राह आसान हो जाए। परिसंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय झारिया जिला अध्यक्ष राजेंद्र कापसे महासचिव मुक्तेश्वर राव, जगदीश नन्हेट, अनिल धनगर आदि ने गजट नोटिफिकेशन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए माननीय मुख्यमंत्री और कैबिनेट के प्रति धन्यवाद और आभार प्रकट किया।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती बलवीर कौर कलसी-** प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री गुरमुख सिंह कलसी की धर्मपत्नी श्रीमती बलवीर कौर कलसी (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कमला शर्मा-** पुरानी बस्ती रांझी निवासी श्री अरूण शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कमला शर्मा (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंद्रवती विश्वकर्मा-** बिहारी नगर सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री सत्येंद्र विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रवती विश्वकर्मा (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दिलीप कुमार कुरील-** गोरखपुर पीपल मोहल्ला निवासी श्री दिलीप कुमार कुरील (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भारत लाल साहू-** इंद्रा बस्ती प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री भारत लाल साहू (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती विमला बाई साहू-** भोला नगर कृषि उपज मंडी के पास निवासी श्री बुद्धू लाल साहू की धर्मपत्नी श्रीमती विमला बाई साहू (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अर्चना त्रिवेदी-** मिलौनीगंज सब्बी मंडी के पास निवासी श्री ज्योति प्रकाश त्रिवेदी की धर्मपत्नी श्रीमती अर्चना त्रिवेदी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कु. शिवानी नामदेव-** गली नं. 18, सदर निवासी श्री नंद किशोर नामदेव की पुत्री कु. शिवानी नामदेव (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में विगत दिवस संपन्न हुआ।

## नकली नोट बनाने व खरीदने वाले गिरोह का पर्दाफाश

### 12 लाख रुपये बरामद



**जबलपुर,देशबन्धु।** हनुमानताल पुलिस ने नकली नोट बनाने तथा उन्हें खरीदकर बाजार में चलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने अभी तक 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 14 लाख 94 हजार रूपये के नकली नोट बरामद किया है। पुलिस ने नकली नोट खरीदने वाले 3 आरोपियों को मण्डला तथा एक आरोपी को जबलपुर से गिरफ्तार किया है।

गोहलपुर सीएसपी सुनील नेमा से प्राप्त जानकारी के अनुसार रवि दाहिया निवासी शुक्ला होटल के पीछे घमापुर को मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान के पास से पुलिस ने 2 लाख 94 हजार रूपये के पांच-पांच सौ के नकली नोट के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया था कि ऋतुराज विश्वकर्मा निवासी यशवंत नगर थाना अधारताल किराये के मकान में नकली नोट तैयार करता है। पुलिस ने आरोपी युवक के घर में दबिश देते हुए उसे गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसके पास से प्रिंटर, लैपटॉप, कटर, पेपर कटिंग शीट, व नकली नोट जब्त किये थे।

ऋतुराज के पूछताछ के दौरान बताया था कि वह विगत 08-09 महीने से नकली नोट बनाने के लिये मेहनत कर रहा था। असली नोट लेकर वह 1 के अनुपात में 3 गुना नकली नोट देता है। उसने धीरज मनवानी, गौरव तिवारी, राकेश तिवारी के माध्यम से मण्डला निवासी संतोष श्रीवास्तव व अजय नवेरिया को करीब 12.50 लाख रूपये के नकली नोट देकर चार लाख रूपये के असली नोट लिये थे। इसके अलावा जमुना प्रसाद पटेल निवास शहपुरा को तीन लाख रूपये के नकली नोट दिए थे। पुलिस ने अजय नवेरिया के कब्जे से 09 लाख रूपये तथा जमुना प्रसाद पटेल तीन लाख रूपये के नकली नोट बरामद किये है।

## पति की हत्या कर शव को फेंका था तालाब में

### पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जबलपुर,देशबन्धु।** पत्नी ने विवाद के दौरान पति की हत्या करने के बाद शव को तालाब में फेंक दिया था। पुलिस ने मर्ग जांच के दौरान अंधी हत्या का पर्दाफाश किया। पुलिस ने आरोपी पत्नी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। अधारताल थाना प्रभारी प्रवीण कुमरे से प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 जून की सुबह अधारताल तालाब में एक व्यक्ति के डूबने की सूचना मिली थी। युवक की शिनाख्त अरविन्द उर्फ रिंकू गोटिया उम्र 35 वर्ष निवासी नेहरू नगर कंचनपुर के रूप में हुई थी। युवक 15 जून की सुबह लगभग 8 बजे घर से टिफिन लेकर निकला था और तभी से घर वापस नहीं आया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की मौत का कारण सिर में भारी वस्तु से चोट आना बताया गया था। जिसके बाद पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की थी। विवेचना के दौरान पुलिस को जानकारी मिली थी कि तालाब के दौरान युवक का अपनी पत्नी गनेशी बाई से हुआ था। पूछताछ के दौरान आरोपी पत्नी ने हत्या करना स्वीकार करते हुए बताया कि गुस्से में उसने पति के सिर पर पत्थर से प्रहार कर दिया था। जिसके कारण उसकी मौत हो गया था। इसके बाद उसके शव को तालाब में धकेल दिया था। के बीच दिनांक समय घटना को तालाब के किनारे मारपीट होना मारपीट से मृत्यु हो जाने पर अरविंद को तालाब में गहरे पानी तरफ धकेल देना बताये। पुलिस ने आरोपी पत्नी के विरूद्ध धारा 103(1), 238 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया है।

## माढ़ोताल पाटन बायपास क्षेत्र में वारदात
## शास्त्री का मोबाईल और पर्स लूटकर ले गये बाईक सवार

**जबलपुर,देशबन्धु।** नागपुर से जबलपुर शास्त्री संस्कृत की पढ़ाई करने पहुंचे एक युवक को बाइक सवार बदमाशों ने लूट लिया। दरअसल पीड़ित जब मध्यरात्रि बस से उतरकर पाटन वायपास से दीनदयाल बस स्टैण्ड की ओर आ रहा था, उसी समय बाईक सवार बदमाशों ने उसका मोबाइल और पर्स छीना और भाग निकले। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि नागपुर काटोल रोड जगदीश नगर निवासी 22 वर्षीय पीयूष मिश्रा पंडित लोकनाथ संस्कृत महाविद्यालय दमोह नाका जबलपुर में शास्त्री संस्कृत की पढ़ाई करता है। 18 जून को वह अपने घर नागपुर से सतना जाने वाली बस में बैठकर जबलपुर आया था। जहां पाटन बाईपास में बीती रात को बस पहुँची। जिसके बाद पीड़ित बस से उतरकर पाटन वायपास से पैदल जबलपुर दीनदयाल बस स्टेण्ड की ओर आ रहा था। उसी समय पीछे से स्प्लेण्डर जैसी मोटर सायकल में अज्ञात तीन युवक आये जिनमें से पीछे बैठे 2 युवकों में से एक ने उसके हाथ में रखा ओप्पो कम्पनी का मोबाइल तथा दूसरे ने पेंट के पीछे के जेब में रखा हुआ पर्स छीन लिया। पर्स में 45 सौ रुपये, एटीएम, आधार कार्ड, पेन कार्ड व अन्य दस्तावेज थे। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी तेजी से तिलवारा की ओर से भाग निकले। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## कार की टक्कर से स्कूटी सवार वृद्ध घायल




**जबलपुर,देशबन्धु।** अधारताल धनी की कुटिया के समीप बीती शाम करीब सात बजे एक कार चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार वृद्ध को टक्कर मार दी। जिससे न्यू रामनगर निवासी 78 वर्षीय प्रभुनाथ सिंह स्कूटी सहित गिर गये और उन्हें गंभीर चोटे आ गई। जिनका उपचार निजी अस्पताल में कराया गया। टक्कर मारने के बाद आरोपी कार चालक तेजी से वाहन लेकर फरार हो गया, जिस कारण पीड़ित कार का नंबर नहीं देख पाये। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता ने अस्पताल में दिया बच्चे को जन्म

### आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**जबलपुर,देशबन्धु।** नाबालिग किशोरी को प्रसव पीड़ा के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था। अस्पताल में भर्ती होने के बाद पीड़िता ने बताया कि उसके साथ बलात्कार हुआ था। अस्पताल प्रबंधन ने घटना के संबंध में पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मझगवां थानान्तर्गत निवासी 16 वर्षीय किशोरी का सोशल मीडिया में माध्यम से 21 वर्षीय युवक से संपर्क हुआ था। दोस्ती होने पर दोनों फोन पर बात करने लगे। दोनों की दोस्ती प्यार में बदल गयी। शारीरिक संबंध स्थापित होने के कारण किशोरी गर्भवती हो गयी थी। तीन माह की गर्भवती होने पर किशोरी ने इस संबंध अपने प्रेमी को बताया था। प्रेमी ने उसे गर्भपात की गोलियां खाने मजबूर किया था। अधिक समय होने के कारण गर्भावस्था को समाप्त नहीं किये जाने की स्थिति में प्रेमी ने किशोरी से शादी का वादा किया था। प्रेमी बाद में अपने वादे से मुकर गया। मंगलवार के दिन किशोरी को प्रसव पीड़ा होने के कारण अस्पताल ले जाया गया। किशोरी की स्थिति को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया था। किशोरी ने बुधवार की सुबह बच्चे को जन्म दिया था।

अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पहुंची पुलिस को लडकी ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ पास्को व बलात्कार सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी युवक को जेल भेज दिया।

## दिनदहाड़े सूने घर का ताला तोड़कर जेवर और नगदी चुरा ले गये चोर

### खमरिया के आमाखोह क्षेत्र की घटना, जांच में जुटी पुलिस

**जबलपुर,देशबन्धु।** खमरिया थाना क्षेत्रांतर्गत आमाखोह स्थित एक सूने घर का दिनदहाड़े ताला तोड़कर अज्ञात चोर कीमती जेवर और चालीस हजार रुपये की नगदी चुरा ले गये। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि आमाखोह निवासी 25 वर्षीय निशांत उर्फ मोंटी साहू ड्राइवरी करता है, जो कि अपनी माँ और बहन और बहनोई के साथ रहता है। विगत 6 जून की सुबह उसकी माँ आंगनबाड़ी केन्द्र गई थी, वहीं उसकी बहन बच्चे की दवाई लेने बरेला गई हुई थी। उसके बहनोई भी किसी काम से कृषि उपज मंडी गये हुए थे, घर में ताला लगा हुआ था। दोपहर दो बजे के करीब जब उसकी माँ वापस आई तो दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। अंदर आलामरी खुली पड़ी थी। जिसमें रखे सोने का लाकेट, 1 हार, झुमकी एक जोड़ी, 2 मंगलसूत्र, 1 पांचाली, चांदी की एक जोड़ी पायल, 1 कमरबंद, 4 हाय चंद्रमा, 2 जोड़ी बच्चों की पायल तथा नगदी 40 हजार रूपये गायब थे। कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर घर में घुसकर जेवर और नगदी चुरा ले गया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## हैदराबाद से लाये गये घोड़ों की मौत का बताओ कारण

### हाईकोर्ट ने हलफनामा के साथ कलेक्टर को जानकारी पेश करने दिये निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** हैदराबाद से जबलपुर लाये गये घोड़ों की मौत की मौत किस कारणों से हुई। इस संबंध में हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने जिला कलेक्टर को हलफनामा में जानकारी पेश करने के आदेश जारी किये है। इसके अलावा उपचाररत घोडे की मेडिकल रिपोर्ट तथा उसके उपचार संबंधित जानकारी पेश करने के भी आदेश जारी किये है। युगलपीठ ने याचिका पर अगली सुनवाई 25 जून को निर्धारित की है।

जबलपुर निवासी पुष प्रेमी सिमरन इस्सर की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि हैदराबाद निवासी सुरेश पाल गुडू हॉर्स पावर लीग के सूत्रधार है। हैदराबाद रेस क्लब में दो घोड़ों की रेस करवाकर उन्होंने ट्रोपंग करेतस्ता नाम एप के माध्यम से फिलीपिंग में ऑनलाइन स्ट्रीमिंग करते हुए सट्टा लगवाया। फिलीपिंग सरकार ने इस संबंध में भारत सरकार से शिकायत की थी। शिकायत के बाद उन्होंने इसे बंद कर दिया था। सुरेश पाल गुडू के पास डे? सौ से अधिक घो? थे और भोजन नहीं मिलने के कारण लगभग 90 घोडो की मौत हो गयी थी। साक्ष्य छुपाने के लिए 57 घोडो को नियम विरुद्ध तरीके से जबलपुर लगाकर सचिन तिवारी के द्वारा पनागर के रैपुरा में रखा गया है। देखरेख तथा भोजन व उपचार नहीं मिलने के कारण घोड़ों की मौत हो रही है। युगलपीठ ने अभी तक हुई घोड़ों की मौत की संख्या के संबंध में जानकारी चाही गये तो सरकार की तरफ से संख्या 12 बताई गयी। याचिकाकर्ता की तरफ से बताया गया कि रास्ते में लाते समय 6 घोडे की मौत हो गयी थी,अभी तक 18 घोड़ों की मौत हुई है। जबलपुर लाने के लिए घोड़ों का नियम अनुसार मेडिकल टेस्ट नहीं करवाया गया था। ऑनलाइन गैबलिंग के साक्ष्य छुपाने के लिए घोडे का जबलपुर लाकर उन्हें भूखे-प्यासे रखकर मारा जा रहा है। घोडो को जबलपुर लाने वाले केयरटेकर सचिन तिवारी की तरफ से उपस्थित अधिवक्ता की तरफ से युगलपीठ को बताया गया कि जिन घोड़ों की मृत हुई है,वह वृध्द थे।घोडो को जबलपुर लाना का कारण उन्होंने ब्रीडिंग बताया था। वृद्ध घोड़ों को ब्रीडिंग के लिए लाये जाने पर हाईकोर्ट ने आश्चर्य व्यक्त किया।

युगलपीठ ने घोड़ों को उपलब्ध कराये जा रहे उपचार तथा भोजन के संबंध जानकारी प्रस्तुत करने के अलावा घोडे के केयरटेकर सचिन तिवारी का ट्रैक रिकॉर्ड पेश करने के आदेश भी जारी किये है। युगलपीठ ने जबलपुर लाये गये घोडे की संख्या तथा लाने के उद्देश्य के संबंध में हलफनामा में जानकारी के साथ उनके रजिस्ट्रेशन तथा मेडिकल संबंधित दस्तावेज भी पेश करने के निर्देश केयरटेकर सचिन तिवारी को दिये है। याचिका में प्रमुख सचिव पशुपालन विभाग,कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक जबलपुर,थाना प्रभारी पनागर ,राज्य पशु कल्याण बोर्ड पशुपालन एवं डेयरी फार्मिंग विभाग,निदेशक पशुपालन पशुपालन एवं डेयरी फार्मिंग विभाग,पशु प्रकोप नियंत्रण उप निदेशक पशु चिकित्सा महाविद्यालय, जिला पशु चिकित्सा अधिकारी पशुपालन एवं डेयरी फार्मिंग विभाग,सचिन तिवारी, सुरेश पलाडागु एचपीएसएल स्पोर्ट्स लीजर प्राइवेट लिमिटेड, मैसर्स हिटनेट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को अनावेदक बनाया गया था। युगलपीठ ने सभी अनावेदकों को हमदस्त नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता उमेश त्रिपाठी ने पैरवी की।

## अजा-जजा वर्ग की छात्राओं के हास्टल में कैसे चल रही कक्षाएं?

### हाईकोर्ट ने आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संगठन की याचिका पर मांगा जवाब




जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास के परिसर में केंद्रीय विद्यालय गढ़ा जबलपुर की कक्षाएं संचालित होने के रवैये को चुनौती पर जवाब-तलब किया है। युगलपीठ ने मामले में अनावेदकों को नोटिस जारी किये है।

यह जनहित याचिकाकर्ता आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संगठन की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि जबलपुर के सरकारी आदिवासी बालिका छात्रावास और सरकारी अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास के परिसर में केंद्रीय विद्यालय गढ़ा जबलपुर की कक्षाएं 2007 यानी विगत 18 वर्ष से धड़ल्ले से चल रही हैं। हास्टल, जो सिर्फ लड़कियों के लिए होता है, वहां स्कूल चलने से पुरुष कर्मचारी और छात्र खुलेआम आते-जाते हैं, जो इन किशोरियों की निजता को सीधे तौर पर भंग करता है। जिन बेटियों ने बेहतर भविष्य और सुरक्षित माहौल की उम्मीद में अपने घर-परिवार को छोड़ा था उन्हें छात्रावास में भी लोगों के साथ जगह बांटनी पड़ रही है। जनहित याचिकाकर्ता के अनुसार यह मामला सिर्फ जगह की कमी का नहीं, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 21 (गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार) के सीधे उल्लंघन का है। याचिका में कहा गया है कि हास्टल की सीमित जगह में स्कूल चलने से कमरे कम पड़ रहे हैं, जिससे छात्राओं को भारी असुविधा होती है। मामले की सुनवाई पश्चात न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

## बिना विभागीय जांच इंक्रीमेंट रोकने पर जवाब तलब

### मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से जुड़ा मामला

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने बिना विभागीय जांच इंक्रीमेंट रोके जाने के रवैये को चुनौती पर जवाब-तलब किया है। एकलपीठ ने मामले में मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल, उप महाप्रबंधक राजीव गुप्ता सहित अन्य को नोटिस जारी किये है।

याचिकाकर्ता कार्यपालन अभियंता संदीप शाक्य की ओर से अधिवक्ता विजय राघव सिंह, पूनम सिंह, अजय नंदा व मनोज चतुर्वेदी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी तत्कालीन मुख्य अभियंता (चालू प्रभार) राजीव कुमार गुप्ता ग्वालियर क्षेत्र में पदस्थ थे। उस दौरान उनके पक्षपातपूर्ण रवैये की आलोचना होती थी। उन्होंने कार्यपालन अभियंता के पद पर पदस्थ संदीप शाक्य को दुर्भावनापूर्वक कारण बताओ नोटिस जारी किया। इसके बाद बिना कोई विभागीय जांच और प्रतिउत्तर प्राप्त किए ही एक वेतन वृद्धि एक वर्ष के लिए रोक दी। इस कार्रवाई को सर्वोच्च न्यायलय द्वारा ओके भारद्वाज बनाम भारत संघ में प्रतिपादित विधि के सिद्धांत के विरुद्ध पाते हुए हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। दरअसल, राजीव गुप्ता के एक रिश्तेदार की दुकान परमानन्द स्वीट्स के नाम से है। उसके संचालक सुनील गुप्ता वल्द स्वर्गीय छोटे लाल गुप्ता द्वारा विद्युत मीटर से छेड़छाड़ करते हुए विद्युत चोरी की जा रही थी। याचिकाकर्ता जो उस समय शहर वृत्त में उप महाप्रबंधक (प्रवर्तनढ के पद पर कार्यरत था। उसने विद्युत चोरी का प्रकरण सुनील गुप्ता वल्द स्वर्गीय छोटे लाल गुप्ता के विरुद्ध दर्ज किया। नियमानुसार कार्यवाही करते हुए रिकवरी निकल दी। उप महाप्रबंधक राजीव गुप्ता इस वजह से याचिकाकर्ता से खार-खाने लगे और उसे नियमविरुद्ध तरीके से पहले आफलाइन कारण बताओ सुचना पत्र जारी कर दिया। इसके बाद मनमाने तरीके से बिना विभागीय जांच किए ही एक इन्क्रीमेंट रोकने का आदेश पारित कर दिया। जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है।

## आईटीआई को एडमिशन काउंसिलिंग में शामिल करें हाईकोर्ट का राहतकारी आदेश

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने दो आईटीआई को एडमिशन काउंसिलिंग में शामिल करने का राहतकारी आदेश पारित किया है। इसके अंर्तगत पोर्टल में नाम अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं।

सन प्राइवेट आईटीआई छिंदवाड़ा व एक्सीलेंस प्राइवेट आईटीआई भोपाल की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता आईटीआई को जुलाई 2024 में डी-एफिलिएटिड किया गया था। जिसके विरुद्ध वे हाईकोर्ट चले आए था। हाईकोर्ट ने अंतरिम स्थगनादेश के जरिए डी-एफिलिएटिड करने के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है। इसके बावजूद एडमिशन की काउंसिलिंग में शामिल नहीं किया जा रहा है। ऐसा किया जाना नियम विरुद्ध है। इसीलिए, नए सिरे से चुनौती दी गई है। दरअसल, अंतरिम स्थगनादेश के कारण दोनों आईटीआई एक्टिव आईटीआई की श्रेणी में आती हैं। जिस कारण उनके छात्रों को दाखिले से वंचित नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने तर्क से सहमत होकर राहतकारी आदेश पारित कर दिया।

## वीएफजे के पूर्व सीजीएम संजीव कुमार दिल्ली जाकर संभाले पदभार

### हाईकोर्ट ने कैट का आदेश निरस्त करते हुए 15 दिन की दी मोहलत

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस अतुल श्रीधरन व जस्टिस डीके पालीवाल की युगलपीठ ने व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर के सीजीएम संजीव कुमार भोपाल के आर्मर्ड वीकल्स निगम लिमिटेड नई दिल्ली किए गए स्थानांतरण के मामले में केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण(कैट)जबलपुर द्वारा पारित पूर्व अंतरिम आदेश निरस्त कर दिया है। इसी के साथ उन्हें 15 दिन के भीतर नई दिल्ली जाकर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही कैट को भोला के प्रकरण में शीघ्र अंतिम आदेश पारित करने का निर्देश दिया है।

दरअसल, व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर में सीजीएम संजीव कुमार भोला को 21 मई 2025 को केंद्र सरकार ने नई दिल्ली स्थानांतरित किया था। उन्होंने इस आदेश को केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) में चुनौती दी थी। कैट ने स्थानांतरण पर रोक लगाते हुए उन्हें पूर्व स्थिति में बहाल करने का निर्देश दिया था। इससे फैक्ट्री के कामकाज पर विपरीत असर पड़ रहा था। प्रवीण कुमार पहले ही सीजीएम का कार्यभार ग्रहण कर चुके थे। जिस कारण कैट के अंतरिम आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने कैट का अंतरिम आदेश निरस्त करते हुए संजीव कुमार भोला को 15 दिन में नई दिल्ली में ज्वाइन करने का निर्देश दिया। जब तक कैट मामले में अंतिम निर्णय नहीं ले लेता, उनके परिवार को जबलपुर में मिल रही सुविधाओं के साथ बने रहने की अनुमति दी गई है। हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि संजीव कुमार के द्वारा कैट में दायर की गई याचिका को उनके विरुद्ध न माना जाएगा। ऐसा इसलिए क्योंकि यह उनका वैधानिक अधिकार था। केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण को निर्देश दिया गया कि वह 60 दिन में संजीव कुमार भोला के आवेदन पर विचार कर निर्णय ले। हाईकोर्ट ने कैट से न्यायालय की टिप्पणियों से प्रभावित हुए बिना स्वतंत्र निर्णय लेने कहा है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि स्थानांतरण आदेश पर रोक लगाने के लिए दुर्भावना का कोई प्रमाण नहीं प्रस्तुत किया गया। कोर्ट ने यह भी कहा कि स्थानांतरण आदेश में हस्तक्षेप की न्यायिक सीमा सीमित होती है। जब तक यह साबित न हो कि आदेश अधिकार क्षेत्र से बाहर या दुर्भावना से प्रेरित है, तब तक उसमें दखल नहीं दिया जा सकता।

## मजदूर की मौत पर सुपरवाईजर पर प्रकरण दर्ज


### डुमना एयरपोर्ट में कार्य करते समय हुआ था हादसा

**जबलपुर,देशबन्धु।** डुमना एयरपोर्ट में व्हीकल गेट की छत से गिरने से घायल हुए मजदूर की उपचार दौरान मौत हो गई थी। पुलिस की प्राथमिक जांच में पाया गया कि मौके पर सुरक्षा के कोई इंतजाम न होने से मजदूर राधे ठाकुर की मृत्यु शेड की छत से गिरने से आई चोटों के कारण हुई है। खमरिया पुलिस ने रिपेयरिंग करने वाली कंपनी के सुपरवाइजर के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर उसे विवेचना में लिया है।

खमरिया पुलिस ने बताया कि 26 मई को अस्पताल से सूचना मिली कि राधे ठाकुर उम्र 33 वर्ष निवासी इंदिरा बस्ती प्रेम नगर थाना मदन महल को 24 मई को एयरपोर्ट जबलपुर में व्हीकल गेट की छत से गिरने से घायल अवस्था में शाम 4.45 बजे भर्ती कराया गया था। जिसकी 25 मई को दोपहर 1.40 बजे मौत हो गई थी। पुलिस ने प्राथमिक जांच में पाया कि श्रीनाथ इन्फ्रा प्रोजेक्ट इंदौर की कंपनी के सुपरवाइजर शेख इम्तियाज निवासी मोतीनाला हनुमानताल के द्वारा डुमना एयरपोर्ट पर व्हीकल गेट के पास शेड रिपेयरिंग का कार्य कराया जा रहा था। सुपरवाइजर शेख इम्तियाज के द्वारा सुरक्षा का कोई इंतजाम न होने से काम कर रहे राधे ठाकुर की मौत शेड की छत से गिरने से हो गई है। कंपनी के सुपरवाइजर शेख इम्तियाज के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है।

## चोरी के वाहनों में तफरीह करते दो आरोपी पकड़ाए

### सिविल लाईन पुलिस की कार्यवाही, तीन दो पहिया वाहन बरामद



**जबलपुर,देशबन्धु।** सिविल लाईन पुलिस ने वाहन चौकिंग के दौरान चोरी के वाहनों में तफरीह कर रहे दो आरोपियों को दबोचा है। जिनके पास से पुलिस ने चुराए हुए तीन दो पहिया वाहन बरामद किये है। एक आरोपी अपचारी बालक है, जिसके पास से चुराए हुए दो वाहन बरामद किये गये है।

पुलिस ने बताया कि गोकुलदास धर्मशाला के पास वाहन चौकिंग के दौरान एक बिना नंबर की काले रंग की प्लेटिना सवार को रोका गया। जिसने पूछताछ में अपना नाम इंद्र कुमार विश्वकर्मा पिता छोटे लाल विश्वकर्मा उम्र 25 साल निवासी नई बस्ती झंडा चौक रांझी बताया। जिसके पास वाहन से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिले। कढ़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि दो साल पहले उसने उक्त वाहन को बरेला के बम्हनी तिराहे से चुराया था। जिसके बाद से उक्त वाहन का वह स्वयं इस्तेमाल कर रहा है। इसी प्रकार रेलवे स्टेशन के समीप मालगोदाम चौक पर 100 डायल को सुबह साढ़े सात बजे एक 14 साल का ल?का प्लेटिना मोटर साइकिल क्रमाक एमपी 20 एनएच 0224 चलाते हुये मिला। पूछताछ पर उसने बताया कि उक्त प्लेटिना उसने विगत दिवस बड़ा पत्थर शराब दुकान के पीछे से चोरी की है और उसके आठ दिन पहले सरस्वती स्कूल के पास से एक टीव्हीएस एक्सेल क्रमांक एमपी 20 एसएन-1027 चोरी की थी, जिसे पाटबाबा के पास स्थित कर्मचारी क्वार्टर के पास झाडियों में छिपाकर रखी है। पुलिस ने उक्त वाहनों को जप्त करते हुए आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की।

# क्षेत्र में गहराया जलसंकट, हिरन नदी तीसरी बार सूखी, ग्रामीण परेशान

गांधीग्राम, देशबन्धु। मानसून के पूरी तरह सक्रिय न होने के कारण कम वर्षा और भूजल के अत्यधिक दोहन के चलते क्षेत्र की जीवनरेखा हिरन नदी लगातार तीसरी बार सूख गई है, जिससे गांधीग्राम क्षेत्र के और आसपास के दर्जनों गांवों में जलसंकट गहरा गया है। जून माह के अंत में नदी की जलधारा का फिर से बंद हो जाना, इस भीषण गर्मी में पानी की कमी की चिंता को दोगुना कर रहा है।

इसी जून माह में बरगी दांयी तट की मुख्य केनाल से पानी छोड़े जाने के कारण कुछ समय के लिए नदी में प्रवाह लौटा था, जिससे स्थानीय ग्रामीणों और किसानों को कुछ राहत मिली थी। हालांकि, मानसून की धीमी गति ने इस राहत को अल्पकालिक बना दिया है। अब हिरन नदी फिर से रेगिस्तान जैसी दिख रही है और पानी की भारी किल्लत से जूझ रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि हिरन नदी का पानी ही इन क्षेत्रों में जलस्त्रोतों



में पीने के पानी का स्तर बनाए रखता है। जून माह में तापमान में वृद्धि के साथ, यह जलसंकट और भी विकराल रूप ले रहा है, जिससे हालात भयावह होते जा रहे हैं। सूख गए जलस्त्रोत, हैंडपंप भी बंद मई और जून में सप्ताह भर बरगी दांयी तट नहर से पानी छोड़ा गया था, लेकिन जून माह में ही यह धार फिर से टूट गई। एक सप्ताह से अधिक समय से बरगी दांयी तट नहर से पानी की आपूर्ति बंद होने के कारण समस्या और गंभीर हो गई है। हिरन नदी के किनारे और आसपास के गांव जैसे खिन्नी, कैथरा, चन्नौटा, मल्हना, कूड़ा, कंजई, घाटसिमरिया, मोहतरा, ताला, देवरी, और शहजपुरा में जलस्तर लगातार कम होता जा रहा है। कई गांवों में हैंडपंप सूख गए हैं और अब वे पूरी तरह से बंद पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों के लिए पेयजल की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती बन गई है। लोगों का कहना है कि अच्छी बरसात होने पर ही हिरन नदी में पानी की आस क्षेत्र के लोगों को है।

स्थानीय प्रशासन और सरकार से इस गंभीर स्थिति पर तत्काल ध्यान देने और स्थायी समाधान खोजने की अपील की जा रही है ताकि क्षेत्र को इस गंभीर जलसंकट से उबारा जा सके।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भयावह स्थिति

हिरन नदी का लगातार सूखना और भूजल का अनियंत्रित दोहन इस गंभीर संकट का मुख्य कारण बन गया है। इससे हिरन नदी से लगे गांवों में पीने के पानी की भारी कमी हो गई है और भूजल स्तर लगातार नीचे गिरता जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में लोग पेयजल के लिए खेतों के बोरवेल पर निर्भर होने को मजबूर हैं, जो एक अस्थाई समाधान है।

# जलापूर्ति योजना में करोड़ों का फर्जीवाड़ा, फरार भानु चंद्र पटेल पर पांच हजार का इनाम घोषित

गोसलपुर, देशबन्धु। जबलपुर जिले के सिहोरा जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोसलपुर में जल आपूर्ति पाइपलाइन बिछाने की योजना में एक करोड़ पांच लाख तेईस हजार रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। नरसिंहपुर निवासी आरोपी भानु चंद्र पटेल पर बिना पाइपलाइन बिछाए ही सरकारी खजाने से यह बड़ी रकम निकालने का आरोप है। गोसलपुर थाना में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया गया है और फरार आरोपी की तलाश जारी है, जिस पर पुलिस ने 5000 का इनाम घोषित किया है।

क्या है पूरा मामला?

गोसलपुर जनपद पंचायत में जल आपूर्ति योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने का कार्य भानु चंद्र पटेल को सौंपा गया था। आरोप है कि पटेल ने 994 पाइपों



के भुगतान के लिए कुल 1,05,23,000 (एक करोड़ पांच लाख तेईस हजार रुपये) की राशि शासन से निकाल ली। हालांकि, जब कार्य की गुणवत्ता और बिछाए गए पाइपों की जांच की गई, तो पता चला कि आरोपी द्वारा वास्तव में कोई पाइप नहीं बिछाया गया था।

इस गंभीर धोखाधड़ी के चलते, शासन ने आरोपी भानु चंद्र पटेल के खिलाफ 07 मार्च 2025 को गोसलपुर थाना में प्रकरण क्रमांक 108/25 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 316/318 के अंतर्गत मामला दर्ज किया है।

पुलिस की कार्रवाई और इनाम की घोषणा

मामला दर्ज होने के बाद से आरोपी भानु चंद्र पटेल फरार है। गोसलपुर पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। पुलिस प्रशासन ने आरोपी के बारे में जानकारी या सूचना देने वाले व्यक्ति को ?5000 (पांच हजार रुपये) का इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए सभी संभावित प्रयास किए जा रहे हैं।

## सार-समाचार



### खाद-बीज दुकानों का औचक निरीक्षण

कुंडम, देशबन्धु। कुंडम विकासखंड में संचालित खाद एवं बीज की दुकानों का कृषि अधिकारियों के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जिन दुकानों में अनियमितता पाई गई, उन्हें नोटिस जारी किया गया। उपसंचालक कृषि डॉ. एसके निगम के निर्देशन उपरांत अनुविभागीय कृषि अधिकारी जबलपुर प्रतिभा गौर एवं वरिष्ठ कृषि विकास विकास अधिकारी कुंडम एलपी उइके एवं टीम ने हरिओम कृषि केन्द्र तिलसानी, साहू कृषि सेवा केंद्र कुंडम, सूर्या कृषि केन्द्र कुंडम, अरविंद फर्टिलाइजर एंड कृषि केंद्र कुंडम का औचक निरीक्षण कर बीज एवं उर्वरक के नमूने लिए। निरीक्षण दौरान अनियमितता पाए जाने पर साहू कृषि सेवा केन्द्र एवं सूर्या कृषि केन्द्र कुंडम को नोटिस जारी किए गए। निर्धारित समय सीमा के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर लाइसेंस निलंबन संबंधित कार्यवाही की जाने की चेतावनी दी गई। टीम में दीपांशु सोनी कृषि विस्तार अधिकारी एवं प्रांजलि वर्मा कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।

### बिना रॉयल्टी के पत्थर से भरा ट्रक पकड़ा



कुंडम, देशबन्धु। कुंडम तहसीलदार दीपक पटेल ने शुक्रवार को बिना रॉयल्टी के पत्थर बोल्डर लादकर जा रहे एक ट्रक पकड़ कर थाने में खड़ा किया है। ट्रक का नंबर एमपी 20 जीए 9904 हैं। कुंडम पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### शहपुरा में खाद के लिए लगी लाइन



शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु। नगर क्षेत्र का इकलौते खाद गोदाम में तीन दिन से किसान परेशान हो रहे हैं, लेकिन उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है। खाद के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि तहसील में इकलौता खाद गोदाम है, जिसके के कारण उन्हें खाद नहीं मिल पा रहा है। सरकार और प्रशासन का इस ओर ध्यान नहीं हैं। किसानों ने प्रशासनिक अधिकारियों से निवेदन है किया खाद की समस्या का समाधान करें।

### सागौन से भरा ट्रक पलटा

जबेरा, देशबन्धु। दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे के जबेरा भदर नाले की मोड़ पर सागौन से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया हादसे में ट्रक चालक एवं क्लीनर बाल बाल बच गए जिन्हें कोई चोटें नहीं आई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे के जबेरा भदर नाले की मोड़ पर जबलपुर की ओर से आ रहे सागौन की सिल्लियों से भरा एक ट्रक मवेशियों को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गया। यह तो गनीमत रही कि जहां ट्रक पलटा उसी से लगे हुए रहवासी मकान थे जो हादसे में बाल बाल बच गए। ट्रक चालक सागर निवासी गगन विश्वकर्मा ने बताया कि ट्रक क्रमांक जीजे 23 बाई 8127 पर गोसलपुर पनागर से सागौन की लकड़ी की सिल्लियां भरकर सागर जा रहे थे। तभी गुरुवार की रात करीब 10 बजे जबेरा के भदर नाले की मोड़ पर मवेशियों को बचाने के दौरान ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में बाल बाल बचे ट्रक चालक एवं क्लीनर को कोई चोटें नहीं आई और गनीमत रही कि कोई जनहानि भी नहीं हुई।

# शासन के निर्देशों के बावजूद कई स्कूलों के शौचालय बदहाल

### स्कूलों में छात्र हो रहे परेशान

पर शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु। प्रदेश भर में 45 दिन की छुट्टी के बाद 16 जून से कक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। दो जून से शिक्षकों को स्कूल पहुंचकर साफ-सफाई और मरम्मत कार्य के निर्देश थे। शासन के निर्देश के बावजूद कई स्कूलों में शौचालयों के हाल बेहाल हैं, कहीं छत टपक रही है तो कहीं दीवारों में दरार आई हैं, जो बारिश में आफत बन सकती हैं। यह बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुमन कुमार जैन ने जारी एक बयान में व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश भर में 947 की स्कूल हैं। इसे देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने जर्जर स्कूल भवनों में कक्षाओं का संचालन नहीं करने के निर्देश जारी किये है, फिर भी स्कूल का संचालन वा दस्तूर जारी है जारी है।

सरदार दलबीर सिंह जस्सल ने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत बच्चों की किताब के साथ नए सपनों को लेकर लौटी है, लेकिन जो तस्वीर सामने आ रही है वह सपनों को साकार करने वाली नहीं हैं। राजेंद्र जैन बंधु ने कहा की जबलपुर ही नहीं राज्य के अधिकांश सरकारी स्कूल आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। छुट्टियों में और इससे पहले स्कूलों की परवाह नहीं की गई इस रवैया पर नाराजगी जाहिर की गई है।

संजय वर्मा ने कहा कि आज भी मध्य प्रदेश के अधिकांश सरकारी स्कूल बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। छुट्टियों में और इससे पहले यह हालत है कि जहां स्कूल भवन जर्जर हालत में है वहां भी उन्हें मरम्मत करने का काम नहीं हुआ। अतुल जोसेफ ने कहा कि सतना और मैहर जिले के उदाहरण लिए जाएं तो लगभग 1000 स्कूल भवन विहीन है। सीधी में 36 डिंडोरी में 500 से अधिक और सागर में लगभग 1000 स्कूल भवन जर्जर हालत में है। अमित जैन युवा ने कहा कि प्रदेश भर में सरकारी सैकड़ों की संख्या में स्कूल बिना किसी स्थाई भवन के चल रहे हैं इसके अलावा जो चल रहे हैं, वहां शौचालय जैसी बुनियादी सुविधा का सबसे अभाव है जो की चिंता जनक है। निर्मलचंद जैन ने कहा कि 2024 में विधानसभा में दिए गए जानकारी के अनुसार प्रदेश के 6610 स्कूलों में शौचालय नहीं है 10702 स्कूलों में शौचालय बने हुए हैं लेकिन उपयोग लायक नहीं है। राजकुमार जैन मामा ने कहा कि ऐसी हालत में बच्चों विशेष कर बालिकाओं की उपस्थिति और सुरक्षा कैसे सुनिश्चित हो। नेकराम पटेल ने कहा कि जनवरी 2025 की एक रिपोर्ट बताती है कि 7966 स्कूलों में आज तक धोने की सुविधा नहीं है 12000 स्कूलों में बिजली नहीं है 7422 स्कूल में पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं है। अमित जैन युवा ने कहा की यह स्थिति उच्च स्तर की अनदेखी का नतीजा है सरकार का फंड पूरा नहीं है जो कुछ दिया जा रहा है उसका समय पर सुचारू उपयोग भी नहीं है। संजय जैन किपी ने कहा कि सरकार को उसे समझना होगा जिम्मेदारी का निर्माण करना होगा अन्यथा सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था कमजोर ही दिखेगी।

संजय जैन प्रभु डॉक्टर चंद्रेश डॉ महेंद्र जैन राहुल कुमार जैन प्रशांत जैन साकिर कुरैशी मार्को बाबा नरेश साहू सुभाष पटेल हाजी हामिद खान मोहम्मद असलम डॉक्टर अलीम मंसूरी मकसूद मंसूरी रिंकू कुशवाहा दिलावर खान सफी खान अनुराग ठाकुर ऐश्वर्या ठाकुर योग लोधी अरविंद पांडा सौरभ विश्वकर्मा आदि ने मध्य प्रदेश शासन से यह मांग की है कि सरकार सरकारी स्कूलों की समय रहते हुए मूलभूत सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कारण छात्रों को आगे कहा कि इसे खुद भी रोकना होगा और यह भी सुनिश्चित करना होगा की जिम्मेदार अधिकारी जिम्मेदारी पूर्वक इसका निर्वहन करेंओर सरकार जनता की शिक्षण व्यवस्था को सुधारने के लिए प्रयास करे ताकि बच्चों की पढ़ाई शिक्षा भविष्य के विकास में बाधा न बने शिक्षक की शालाओं के मुख्यालयों में नियमित निवास करने की व्यवस्था हो सके और अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति हो सके जिससे शिक्षा व्यवस्था में भी परिवर्तन लाया जाए।

# हाइवे पर ट्रैक्टरों से फैल रही मिट्टी ने बढ़ाई परेशानी



गांधीग्राम, देशबन्धु। जबलपुर-कटनी फोरलेन हाईवे पर इन दिनों ट्रैक्टरों द्वारा खेतों से लाई जा रही मिट्टी से सड़कें खराब हो रही हैं, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर दुपहिया वाहन चालकों के फिसलने और घायल होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

किसानों द्वारा धान की फसल की तैयारी के लिए खेतों की जुताई का काम जोरों पर है। हाल ही में हुई बारिश के कारण खेत की मिट्टी गीली हो गई है। जब ट्रैक्टर खेतों से निकलकर हाइवे पर आते हैं, तो उनके पहियों में लगी गीली मिट्टी सड़क पर फैल जाती है। यह मिट्टी सड़क पर फैलकर फिसलन पैदा करती है, जिससे दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है। प्रकाश मिश्रा, राजेश पटेल, वासुदेव मिश्रा, रामराज पटेल, आर के पटेल, घनश्याम पटेल, हरिशंकर सेन, और ओमप्रकाश चौरसिया जैसे किसानों ने बताया कि धान की बुवाई से पहले खेतों की जुताई आवश्यक है, लेकिन ट्रैक्टरों के पहियों से मिट्टी का सड़क पर आना एक बड़ी समस्या बन गया है।

**हादसों का खतरा**

कुसनेर, कारेवाह , परियट बायपास, मोहनिया तिराहा, गांधीग्राम, रामपुर झुझारी, मोहतरा और घाटसिमरिया जैसे इलाकों में हल्की बारिश के कारण सड़क पर फैली मिट्टी कीचड़ में बदल गई है। इससे दुपहिया वाहन चालक फिसलकर घायल हो रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि प्रशासन की ओर से इस समस्या पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

**नागरिकों ने की कार्रवाई की मांग**

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन के अधिकारियों से मांग की है कि वे ट्रैक्टर मालिकों और किसानों को इस संबंध में जागरूक करें और निर्देशित करें कि वे खेत से निकलने से पहले ही ट्रैक्टरों के पहियों में लगी मिट्टी को खेत के किनारे ही साफ कर लें। ऐसा करने से सड़कें साफ रहेंगी और दुर्घटनाओं का खतरा कम होगा।

# सहयोग सारथी सामाजिक संस्था ने चलाया स्वच्छता अभियान

पनागर, देशबन्धु। भारत सरकार द्वारा चलाये जा स्वच्छ भारत अभियान से प्रेरित होकर स्वछता पर कार्य कर रही संस्था सहयोग सारथी सामाजिक कल्याण संस्था के द्वारा नगर मे स्थित बलेहा तालाब मे श्रमदान करते हुए साफ-सफाई की गई साथ ही संस्था द्वारा जल नायक बनो खलनायक नहीं जैसे नारे भी दिये गये एवं तालाब को स्वच्छ एवं साफ रखने की क्षेत्र वासियों से अपील की इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष श्री प्रहलाद कोरी, सतीश कुमार, उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष राहुल साहू, शरद प्रजापति, सतीश बोहत, अभय नामदेव एवं क्षेत्रवासी आदि उपस्थित रहे।




# ठेकेदार व अधिकारियों लापरवाही से भेंट चढ़ गई जुझारी गांव की नल जल योजना



गोसलपुर, देशबन्धु। जनपद पंचायत सिहोरा के अंतर्गत आने वाले गोसलपुर के निकटवर्ती जुझारी ग्राम पंचायत में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाई गई महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजना हेतु पौने दो करोड़ की राशि स्वीकृत की गई इस

स्वीकृत राशि से ठेकेदार ने गांव में आधी अधूरी पाइपलाइन बिछाई आधे घरों में कनेक्शन दिए गांव की पूरी सड़क खुदी पड़ी हुई है और लोग बूंद बूंद पानी के लिए गर्मी के मौसम में तरस रहे है। मजबूरी में ग्राम पंचायत जुझारी के द्वारा पुरानी नल जल योजना के माध्यम से लोगों को राहत के तौर पर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जल की आपूर्ति की जा रही है ग्राम के उमेश लोधी महेन्द्र चौबे का कहना है की जब सरकार द्वारा गांव में नई नल जल योजना स्वीकृत हुई है तो इसका संचालन क्यों नहीं हो रहा है गौर करने वाली बात यह है की जल जीवन मिशन को शुरू हुए अनेक वर्ष हो गए इसके तहत स्वीकृत कार्यों को पूरा करने की समय सीमा तक समाप्त हो चुकी है इसके बावजूद भी सिहोरा डिवीजन के पीएचई के अधिकारी बेफिक्र बने हुए है। उनके द्वारा इस योजना के कार्य की मॉनिटरिंग न करने के कारण जुझारी गांव की पौने दो करोड़ की नल जल योजना कागजों में दफन हो गई आज तक नल जल योजना के माध्यम से लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंचा।

ग्राम के वैभव गुप्ता चंदन यादव श्याम सिंह लोधी दीपक पटेल ने बताया की अनेक बार इस संबंध मे अधिकारियों से लिखित शिकायत भी की गई जनप्रतिनिधियों को भी समस्या से अवगत कराया गया परंतु हालात जस के तस बने हुए हैं ग्राम के 17 वार्डों की गलियों को ठेकेदार द्वारा पाइपलाइन बिछाने के नाम पर सड़कों को तहस नहस कर दिया गया जिनकी रिपेयरिंग आज दिनांक तक नहीं की गई जिनसे सडको पर चलना दूभर है।

# ग्राम पंचायत ने कराई प्राचीन बावड़ी की सफाई



### तीन दिन चला सफाई अभियान, तीन ट्रॉली निकला मलबा

गोसलपुर, देशबन्धु। जनपद पंचायत सिहोरा के अंतर्गत ग्राम जुझारी मे हनुमान मंदिर के पास स्थित पुरातत्व विभाग की प्राचीन बावड़ी जो की पुरातत्व विभाग के अधीन है।

परंतु पुरातत्व विभाग द्वारा इस बावड़ी के जीर्णोद्वार सौंदर्यीकरण व संरक्षित करने की दिशा में कोई कदम न उठाए जाने से बावड़ी कचरे से अट चुकी थी बावड़ी की देखरेख के लिए पदस्थ पुरातत्व विभाग के कर्मचारी की अनदेखी के चलते स्थानीय लोगों ने उक्त बावड़ी को अपना कचरा घर बना लिया था लोग घरों से निकलने वाले कचरे को इसी बावड़ी में फेंकना शुरू कर दिए थे जिसके कारण बावड़ी का मुख्य जल स्त्रोत वाला एरिया कचरे से पट गया था जिसके चलते इस साल की भीषण गर्मी में बावड़ी पूरी तरह से सूख चुकी थी कचरा घर में तब्दील हुई इस बावड़ी की साफ सफाई के लिए, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तहत गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गोसलपुर के अध्यक्ष हेमचंद असाटी के संयोजन में बावड़ी के पास मंदिर प्रांगण में एक बैठक का आयोजन कर ग्राम पंचायत जुझारी की सरपंच श्रीमती ममता चौबे सचिव नर्मदा प्रसाद दुबे से समन्वय स्थापित कर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत उक्त बावड़ी की साफ सफाई के लिए आग्रह किया गया जिस पर ग्राम पंचायत जुझारी ने सकारात्मक प्रयास करते हुए उक्त बावड़ी की साफ सफाई का अभियान चलाया जो लगभग तीन दिन चला सचिव नर्मदा प्रसाद दुबे ने बताया की बावड़ी से लगभग तीन ट्राली मलवा निकाला गया अब कहीं जाकर बावडी साफ शुद्ध हो चुकी है निश्चित रूप से अब आने वाली बारिश में इसमें शुद्ध जल भर पाएगा नये जल स्रोत जनित हो जाएंगे लोगों का कहना है की अगर पुरातत्व विभाग के द्वारा इस प्राचीन बावड़ी की अनदेखी पुन: की गई तो फिर से यह बावड़ी कचरा घर में तब्दील हो जाएगी।

### पुरातत्व विभाग की अनदेखी से कचरा घर बन गई थी बावड़ी

## शेख हसीना की बर्बादी का जश्न मनाएगा बांग्लादेश, देश छोड़ने वाले दिन राष्ट्रीय छुट्टी की घोषणा

**ढाका।** बांग्लादेश में बीते साल छात्र आंदोलन के साथ शुरू हुई विरोध प्रदर्शनों की आग इतनी तेज भड़क गई कि प्रधानमंत्री शेख हसीना पर कुर्सी के साथ साथ देश छोड़ने की नौबत भी आ गई। हालांकि इसके बाद भी देश में हालात अब तक सामान्य नहीं हो पाए हैं। प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार की जिम्मेदारी संभाली है, लेकिन देश में तनाव लगातार बना हुआ है। इस बीच बांग्लादेश सरकार ने 5 अगस्त को राष्ट्रीय छुट्टी की घोषणा की है। शेख हसीना ने इसी दिन देश छोड़ा था। गुरुवार को देश के सांस्कृतिक मामलों के सलाहकार मुस्तफा सरवर फारूकी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इसकी घोषणा की है। ढाका ट्रिब्यून ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि फारूकी ने घोषणा की है कि अब से, इस दिन को वार्षिक अवकाश के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा है कि यह जश्न जुलाई में शेख हसीना के खिलाफ हुए विद्रोह की याद में उठाया मनाया जाएगा।

# दो ताकतवर देशों का खौफ या नफा-नुकसान का गणित?

## ट्रंप ने ईरान पर हमला दो हफ्ते के लिए क्यों टाला

**वाशिंगटन।** ईरान-इजरायल के बीच घातक लड़ाई आज आठवें दिन में प्रवेश कर चुकी है। इस बीच, ईरान ने दक्षिणी इजरायल पर मिसाइलों की बारिश की है। दूसरी तरफ ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ईरान के परमाणु कार्यक्रम और इजरायल के हमलों को समाप्त करने के मुद्दे पर बातचीत के लिए जिनेवा में फ्रांस, जर्मनी और यूनाइटेड किंगडम के अपने समकक्षों से मिलने वाले हैं। उधर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नई उलझन और असमंजस में पड़ गए हैं कि ईरान-इजरायल की जंग में अमेरिका कूदे या नहीं? वाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, ट्रंप ने ईरान पर हमला करने के फैसले को दो हफ्ते के लिए टाल दिया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ट्रम्प अगले दो सप्ताह के भीतर इस बात पर फैसला लेंगे कि संयुक्त राज्य अमेरिका को ईरान के साथ इजरायल के युद्ध में शामिल होना चाहिए या नहीं।

वाइट हाउस ने भी कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले दो सप्ताह के भीतर यह निर्णय लेंगे कि ईरान पर हमला करना है या नहीं। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि ट्रंप ने ईरान पर हमला करने के फैसला कर लिया है लेकिन सिर्फ तारीख तय नहीं की है लेकिन अब वाइट हाउस की तरफ से नई बात कही गई है। वाइट हाउस के मुताबिक, ईरान को नए सिरे से अपने यूरेनियम संवर्धन कार्यों और परमाणु हथियार बनाने की किसी भी अन्य संभावना को तुरंत बंद करने की चेतावनी दी गई है।

दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप इस दौरान ईरान से फिर से बातचीत करना चाहते हैं। उन्हें अब भी इस बात की 'पर्याप्त' संभावना दिखती है कि बातचीत के जरिए मुद्दे सुलझाए जा सकते हैं और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका और इजराइल की मांगें पूरी हो सकती हैं। वाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट द्वारा की गई घोषणा में राष्ट्रपति द्वारा ईरान को दी गई चेतावनी की समयसीमा भी बढ़ा दी गई है। लेविट ने कहा कि यह निर्णय ट्रम्प के इस दृष्टिकोण पर आधारित है कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत के माध्यम से राजनयिक समाधान के लिए सहमत हो सकता है या नहीं भी हो सकता है।

**वाइट हाउस के रुख में बदलाव की टाइमिंग अहम×** वाइट हाउस के इस रुख में बदलाव तब आया है, जब रूस और चीन ने एक दिन पहले ही अमेरिका से दो टूक कह दिया था कि अगर ईरान पर यूएस हमला बोलता है तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। चीन ने तो इजरायल को भी चेतावनी देते हुए कहा था कि ईरान पर हमले तुरंत बंद करे और युद्धविराम की घोषणा करे।

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भी कहा था कि अंतरराष्ट्रीय मुद्दों का समाधान युद्ध से नहीं बातचीत से निकलता है।



### किस नफा-नुकसान के उलझन में डोनाल्ड ट्रंप?

अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार कह रहे हैं कि अपने फैसलों से चौंकाने वाले ट्रंप ईरान पर हमला करने के मुद्दे पर बहुत ही अटक-अटक कर आगे बढ़ रहे हैं। दरअसल, वह अमेरिकी हमले के नफा-नुकासन से चिंतित हैं। उन्हें इस बात की चिंता रही है कि अगर युद्ध में कूदे तो इराक युद्ध जैसे हालात पैदा हो सकते हैं। इसके अलावा अफगानिस्तान जैसी स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है। लंबी लड़ाई छिड़ने का भी खतरा है क्योंकि जिस तरह से रूस और चीन खुलकर ईरान के समर्थन में उतरे हैं, उससे मध्य-पूर्व की जंग दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी फैल सकती है। ट्रंप को इस बात की भी चिंता सता रही है कि अगर ईरान पर अभी नकेल नहीं कसा और जंग में नहीं कूदे तो इजरायल जैसा सहयोगी नाराज हो जाएगा और हाथ से छिटक जा सकता है। दूसरा कि मध्य-पूर्व में अभी अमेरिका का जो वर्चस्व है, उसे भारी नुकसान हो सकता है और तीसरी बड़ी बात कि ईरान हाथ से निकल जाएगा और उस पर फिर अमेरिकी वर्चस्व नहीं रह जाएगा। दुनिया में परमाणु हथियारों की होड़ बढ़ जाएगी। ट्रंप को इस बात का भी अंदेशा है कि अगर ईरान पर हमला नहीं किया तो दुनिया में रूस और चून के दबदबे का संदेश जा सकता है।

## आज का इतिहास

1862-ज्ञानेंद्र मोहन टैगोर 'लिंकन्स इन' से वकालत की डिग्री हासिल करने वाले प्रथम भारतीय बने।

1900- चीन औपचारिक रूप से अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस और जापान पर युद्ध की घोषणा करता है। यह एक साम्राज्यवाद-विरोधी विद्रोह था, जो चीन में 1899 और 1901 के बीच किंग राजवंश के अंत की ओर हुआ।

1911-जहाज आरएमएस ओलंपिक ने 5 दिनों, 16 घंटे और 42 मिनट की यात्रा के बाद न्यूयॉर्क में अपनी पहली ट्रान्साटलांटिक यात्रा पूरी की।

1919-एडमिरल लुडविग वॉन रेउटर ने जहाजों को जब्त करने और मित्र देशों की शक्तियों के बीच विभाजित होने से रोकने के लिए जर्मन हाई सीस फ्लीटिन स्काप फ्लो को स्कैटल किया।

1919-विन्निपेग, मैनिटोबा, कनाडा में विन्निपेग की सामान्य हड़ताल के दौरान, रॉयल नॉर्थवेस्ट माउंटेड पुलिस के सदस्यों ने घोड़ों पर स्ट्राइकरों की भीड़ में घुसने का आरोप लगाया, उन्हें क्लबों और फायरिंगवैपों से पीटा।

## सुडोकू 6950

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | | 5 | 7 | | 3 | | |
| | 8 | | 9 | | | | | |
| | 4 | 3 | | | 1 | | | |
| | | 2 | 8 | | | | | 9 |
| | 6 | | 1 | | 9 | | 4 | |
| 9 | | | | | 2 | 1 | | |
| | | | 4 | | | 5 | 6 | |
| | | | | | 6 | | 9 | |
| | | 6 | | 9 | 5 | | 8 | 1 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

# ग्यारह वर्ष: उद्देश्यपूर्ण जनादेश, परिवर्तन की यात्रा

**गणेश सिंह,**
**सांसद सतना, मध्य प्रदेश**



हाल ही में प्रकाशित अपने लेख 'ग्यारह वर्ष: एक आलोचना' में वरिष्ठ सांसद एवं पूर्व वित्त मंत्री श्री पी. चिदंबरम ने सरकार के पिछले एक दशक के कार्यकाल का मूल्यांकन प्रस्तुत किया है। यद्यपि मैं उनके आलोचना करने के अधिकार का पूर्णत: सम्मान करता है, किंतु यह विनम्रतापूर्वक कहना चाहूंगा कि उनके तर्क एक पक्षीय आलोचनात्मक दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। लोकतंत्र में प्रत्येक दृष्टिकोण के लिए स्थान होता है, परंतु इसका यह अर्थ नहीं कि सभी दृष्टिकोण समान रूप से मान्य हों। जैसा कि प्लेटो ने अपनी कृति दि रिपब्लिक' में डॉक्सा (मात्र मत) और एपिस्टेमे (सत्य ज्ञान) के भेद के माध्यम से चेताया है- यदि प्रत्येक मत को सत्य के समकक्ष मान लिया जाए, तो यह विवेक और अज्ञानता के बीच की रेखा को धुंधला कर देता है। विपक्ष की अधिकांश आलोचना तथ्यों पर आधारित न होकर प्रतिक्रियात्मक, भावुकतापूर्ण और पूर्वग्रहों से ग्रसित प्रतीत होती है, जो केवल विरोध के लिए विरोध करने की प्रवृत्ति को दर्शाती है।

वर्ष 2014 में भारत विश्व की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था: आज यह चौथे स्थान पर है और 2027 तक तीसरे स्थान पर पहुंचने की ओर अग्रसर है। यह परिवर्तन संयोग नहीं, बल्कि सतत, दूरदर्शी और समावेशी शासन का परिणाम है।

**1. आर्थिक स्थिरता और विकास: भारतीय मॉडल**

भारत आज विश्व की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए हमारा नाममात्र जीडीपी रुपये 330.68 लाख करोड़ ऑंका गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में हमने 7.6 % की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर दर्ज की, और IMF ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 6.3 %से 6.8 % के बीच वृद्धि का अनुमान लगाया है।

यह परिवर्तन दूरदर्शी वित्तीय प्रबंधन का प्रतिफल है। पूंजीगत व्यय तीन गुना बढ़कर 11.21 लाख करोड़ के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंचा है। मई 2025 तक मुद्रास्फीति 4.75 % पर नियंत्रित रही। विदेशी मुद्रा भंडार 2014 के US$ 304.2 बिलियन से बढ़कर वर्तमान में US$ 686 बिलियन से अधिक हो गया है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) में 143 % की वृद्धि हुई है और भारत की विश्व बैंक के ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सूचकांक में रैंकिंग 142 से सुधरकर 63 हुई है।

**II. रोज़गार और उद्यमिता: नई ऊर्जा**

EPFO के आङ्कड़े बताते हैं कि FY 2023-24 में 1.7 करोड़ से अधिक औपचारिक रोजगार सृजित हुए। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के माध्यम से रुपये 24.5 लाख करोड़ के ऋण 43 करोड़ लाभार्थियों को वितरित किए गए-जिनमें अधिकांश महिला, अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित हैं।

भारत अब विश्व की तीसरी सबसे बड़ी स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में स्थापित हो चुका है-1.76 लाख स्टार्टअप्स और 119 यूनिकॉर्न्स ने 17.6 लाख से अधिक रोजगार उत्पन्न किए हैं। यह ' रोजगारविहीन विकास' नहीं, बल्कि एक सशक्त रोजगार-केंद्रित नवाचार यात्रा है।

III. आधारभूत संरचना: जुड़ाव और प्रतिस्पर्धा का विस्तार

बीते ग्यारह वर्षों में देश की बुनियादी संरचना ने अभूतपूर्व गति पकड़ी है। 142 सेमी-हाई स्पीड ट्रेनों की शुरुआत से लेकर हवाई अड्डों की संख्या को 74 से 162 तक बढ़ाना-देश की कनेक्टिविटी को नया आयाम मिला है। मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और मिजोरम को पहली बार रेलवे नेटवर्क से जोड़ा गया; सिक्किम और अरुणाचल को वायु सेवा मिली। मेट्रो नेटवर्क 248 किलोमीटर से बढ़कर 1000 किलोमीटर से अधिक हो गया है, जिससे भारत इस क्षेत्र में विश्व में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

स्वदेशी निर्माण में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई- इंजन निर्माण 2,598 इकाइयों तक पहुँचा और बैंगन उत्पादन 57,804 तक। 10 करोड़ से अधिक FASTag जारी हुए, जो डिजिटल ट्रांसपोर्ट परिवर्तन का संकेत हैं।

IV. राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रणनीतिक संकल्प

भारत की सुरक्षा नीति अब प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि निर्णायक और सशक्त हो चुकी है। 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 के बालाकोट एयरस्ट्राइक से लेकर हाल की 'ऑपरेशन सिंदूर' तक-हमने स्पष्ट संदेश दिया कि आतंकवाद को सहन नहीं किया जाएगा। रक्षा निर्यात रुपये 1,940 करोड़ से बढ़कर रुपये 23,622 करोड़ हो चुका है। 5,000 से अधिक रक्षा उपकरण अब स्वदेशी निर्माण सूची में हैं।

आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर, वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों की संख्या 126 से घटकर अब केवल 12 रह गई है। सुरक्षा बलों और नागरिकों की हताहत संख्या में 70 % से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है।

**V. कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि**

भारत सरकार ने कृषि क्षेत्र को विकास का केंद्रबिंदु बनाया। कृषि बजट में पांच गुना गुना वृद्धि, ?3.7 लाख करोड़ की प्रत्यक्ष सहायता (PM-KISAN) और रुपये 1.75 लाख करोड़ की फसल बीमा राशि इसका प्रमाण हैं। न्यूनतम समर्थन मूल्य अब लागत से 50 % अधिक लाभ सुनिश्चित करता है, जिससे किसानों की आमदनी में स्थायित्व आया है। 10,000 से अधिक एफपीओ बनाए गए, और मेगा फूड पार्क्स की संख्या 3 से बढ़कर 24 हो गई।

**VI. महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय**

'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के माध्यम से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33त्न आरक्षण प्रदान कर सरकार ने ऐतिहासिक पहल की। प्रधानमंत्री आवास योजना की 73 % इकाइयां महिलाओं के नाम पर हैं।

मातृत्व अवकाश की अवधि बढ़ाना हो या तीन तलाक का उन्मूलन- यह सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अवसरों की दृढ़ समर्थक रही है। मुद्रा और स्टैंड अप इंडिया योजनाओं के लाभार्थियों में महिलाएं प्रमुख हैं।

**VII. सामाजिक एवं समावेशी सशक्तिकरण**

आज केंद्रीय मंत्रिपरिषद के 60 % सदस्य SC, ST और OBC समुदाय से आते हैं। NCBC को संवैधानिक दर्जा देकर सरकार ने सामाजिक न्याय को संस्थागत रूप दिया है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 80 करोड़ से अधिक लोगों को उनके अधिकार के रूप में नि:शुल्क राशन प्रदान किया जा रहा है- यह विश्व की सबसे बड़ी खाद्य सुरक्षा पहलों में से एक है।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PM-JAY) विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है जो लगभग 55 करोड़ गरीब और वंचित नागरिकों को रुपये 5 लाख प्रति परिवार प्रतिवर्ष की स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करती है। इससे हर वर्ष लगभग 6 करोड़ लोग गरीबी में गिरने से बचते हैं।

**VIII. युवा एवं अमृत पीढ़ी**

शिक्षा और कौशल विकास को राष्ट्रीय विकास रणनीति का मूल आधार बनाया गया। वर्ष 2014 से अब तक 7 नए IITs, 16 IIITs, 7 IIMS, 15 AIIMS और 390 विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत 1.42 करोड़ से अधिक युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण मिला है।

10,000 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब्स के माध्यम से नवाचार को प्रोत्साहन मिल रहा है। तीन दशकों बाद आई राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत के युवाओं को 21वीं सदी की चुनौतियों हेतु सशक्त बना रही है।

**IX. सहकारी संघवाद एवं लोकतांत्रिक भावना**

जहां कुछ लोग संघीय ढांचे के कमजोर होने की बात करते हैं, वहीं वास्तविकता यह है कि भारत का शासन आज सहयोगात्मक संघवाद का प्रतिरूप बन चुका है। PM गति शक्ति और रुपये 111 लाख करोड़ की राष्ट्रीय अवसंरचना जैसी योजनाओं में राज्यों की प्रमुख भागीदारी रही है। बीते पांच वर्षों में रुपये 18.44 लाख करोड़ राज्यों को हस्तांतरित किए गए ताकि वे स्थानीय विकास की दिशा में स्वतंत्र निर्णय ले सकें।


आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक स्तर पर भारत की नीति का प्रतिनिधित्व करने हेतु गठित सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में विपक्षी नेताओं को सम्मिलित किया जाना भारत की लोकतांत्रिक भावना, राष्ट्रीय सहमति और विविध मतों के प्रति सम्मान को दर्शाता है- यह उन आरोपों का खंडन करता है कि सरकार महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मामलों में भिन्न मतों की उपेक्षा करती है।

**उपसंहार: विकसित भारत @ 2047- साझा संकल्प**

पिछले ग्यारह वर्ष चुनौतियों से रहित नहीं रहे, लेकिन ये परिवर्तन, समावेशिता और आत्मबल से भरे रहे। रेड ज़ोन से रेल ज़ोन तक, कल्याणकारी योजनाओं में रिसाव से लेकर डीबीटी की पारदर्शिता तक, प्रतिक्रियात्मक शासन से निर्णयात्मक नेतृत्व तक भारत ने स्वयं को एक नई ऊंचाई पर स्थापित किया है।

आगे बढ़ते हुए भारत सरकार ने वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है विकसित भारत @ 2047 के रूप में। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सक्षम नेतृत्व, भारत के परिश्रमी नागरिकों और सभी राज्यों व क्षेत्रों के सहयोग से यह सपना अवश्य साकार होगा।

## वर्ग पहेली 6950



**बायें से दायें:-**

१.सुध-बुध खोया हुआ जिसके होश हवास ठिकाने में न हों (उर्दू)
४. आह्लादकारक, आनंद कारक, पारस्परिक सद्भाव
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. उत्तराधिकारी (उर्दू)
८. परिमाण, माप तौल(उर्दू)
१०. बिजली, गाज
११. आवश्यक
१३. हारा हुआ, जिस पर किसी ने विजय पा ली हो (उर्दू)
१४. गड़बड़, गोलमाल
१५. सज्जन, भलामानुस
१७. काल, अवसर
१९. यतीम
२१. एक तरह की चपाती जिसे तेल आदि में तलकर या आग में भूनकर खाया जाता है
२२. कन्नी काटना
२४. ख्यातिप्राप्त करना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:-**

१. शक्तिशाली
२. सहयात्री
३. बुद्धिमान
४. गाज, बिजली
५. मध्य भारत की एक नदी
९. चांदी का बना हुआ
११. निर्धन, कंगाल
१२. जंगल, वन
१३. चमकना, व्यक्त होना, प्रणय क्रीड़ा, आनंद
१४. कम होना, वृतांत, वाकिया
१५. भर पाने या चुकता हो जाने का भाव
१६. कस कर बांधना,
१८. शराब
१९. ज्यादा, बहुत
२०. अत्यधिक श्रम से शरीर शिथिल होना
२३. स्त्री, महिला

### वर्ग पहेली-6949



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408


**दौरा** प्रधानमंत्री मोदी का बिहार दौरा आज

# बिहार को करोड़ों की 22 विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात

**पटना, (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 जून को बिहार के दौरे पर आ रहे हैं। वह सीवान जिले के पचरुखी प्रखंड के जसौली खर्ग में एक जनसभा को संबोधित करेंगे और राज्य को कई करोड़ों की परियोजनाओं की सौगात देंगे। इस कार्यक्रम की तैयारियों में भाजपा और जिला प्रशासन पूरी तरह से जुटे हुए हैं।**

शुक्रवार को सिवान की धरती से बिहार को 5736 करोड रुपए की कुल 22 विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही राज्य को एक और वंदे भारत ट्रेन मिलेगी, जो पाटलिपुत्र जंक्शन और गोरखपुर के बीच चलेगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास मॉडल के प्रति प्रधानमंत्री के विश्वास का फल है कि राज्य को करोड़ों रुपए की परियोजनाओं का लाभ मिल रहा है। केंद्र सरकार ने बिहार के लिए खजाना खोल दिया है। उन्होंने कहा कि 20 दिन बाद दूसरी बार और इस वर्ष पांचवीं बार प्रधानमंत्री का बिहार आना इस राज्य के विकास को नई ऊंचाई पर ले जाएगा। चौधरी ने कहा कि कल प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 53,666 लाभुकों के खाते में योजना राशि की पहली किस्त के रूप में 51 हजार करोड़ रुपए भेजे जाएँगे। इसके साथ ही 6684 गरीबों को मकान की चाबी सौंप कर गृह प्रवेश कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार जाति-धर्म पूछे बिना गरीबों को पक्का मकान देती है, मुफ्त में गैस कनेक्शन और सस्ता सिलेंडर उपलब्ध कराती है, 30 करोड़ जन-धन खाते खोलवाती है और मुफ्त राशन भी देती है, इसलिए गरीबों के नाम पर स्वार्थ की राजनीति करने वालों की छाती फट रही है। सम्राट चौधरी चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री की यात्रा का स्वागत करने के बजाय उस पर ओछी टिप्पणी करना विपक्ष की हताशा का संकेत है। उन्होंने कहा कि प्रथम मंत्री मोदी अमृत भारत की 11 और नमामि गंगे की 4 परियोजनाओं का शिलान्यस करेंगे ।



■ राज्य को एक और वंदे भारत ट्रेन की मिलेगी सौगात

# खेल जगत

## ब्रिस्बेन हीट के लिए खेलेंगी जेमिमाह रॉड्रिग्स

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम की स्टार बल्लेबाज जेमिमाह रॉड्रिग्स महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 2025 में हिट ब्रिस्बेन के लिए खेलेंगी। डब्ल्यूबीबीएल के गुरुवार को हुए ड्राफ्ट के दौरान रॉड्रिग्स को मेलबर्न स्टार्स ने अपनी पहली पसंद के रूप में चुना था, लेकिन ब्रिस्बेन हीट ने उन्हें रिटेन कर अपनी टीम में बनाये रखा। पिछले वर्ष हीट के लिए खेलते हुए रॉड्रिग्स ने 10 पारियों में 33 की औसत और 139 के स्ट्राइक रेट से एक अर्धशतक सहित कुल 267 रन बनाए थे। रॉड्रिग्स ने रिटेन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर लिखा, मैं अपने परिवार के साथ वापस जुड़ गई हूं और टीम से जुड़ने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती। यह रॉड्रिग्स का चौथा डब्ल्यूबीबीएल सत्र होगा। इससे पहले वह 2021-22 में रेनगेड्स और 2022-23 में स्टार्स की ओर से खेल चुकी हैं।




# यशस्वी व केएल राहुल की मजबूत शुरुआत के बाद भारत ने दो विकेट गंवा लाभ गंवाया

## इंग्लैंड ने लंच से पहले दो ओवर में दो विकेट खो की वापसी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 20 जून (देशबन्धु)। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की सलामी जोड़ी ने इंग्लैंड द्वारा टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की दावत दिए जाने पर एजबेस्टन, लीडस में पहले क्रिकेट टेस्ट में भारत ने संभल कर आगाज कर 91 रन जोड़ने के बाद लंच से पहले दो ओवर में दो विकेट गंवा पहली पारी में दो विकेट खोकर 92 रन बना बढ़िया आगाज का लाभ कुछ हद तक गंवा दिया। भारत का इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की तेंडुलकर एंडरसन ट्रॉफी और यह नई वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 -27 साइकिल का पहला टेस्ट है। तब यशस्वी जायसवाल 74 गेंद खेल कर आठ चौकों की मदद से 42 रन बना कर क्रीज पर टिके थे। केएल राहुल यदि लंच से इंग्लैंड ने पहले तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स की गेंद को ड्राइव करने से बचते तो भारत लंच तक बिना कोई विकेट खोए लंच तक मैदान से लौटता। पांच महीने के बार अपना पहला टेस्ट मैच खेल रही भारतीय क्रिकेट टीम को इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स द्वारा टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की दावत दिए जाने पर यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की जोड़ी ने जिस सकारात्मक अंदाज में बल्लेबाजी कर अपनी टीम को जैसी मजबूत शुरुआत दी उसके लिए इन दोनों की जरूर तारीफ की जानी चाहिए। यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड की धरती पर अपना पहला



टेस्ट मैच खेलते हुए कुछ गेंदों पर परास्त होने के बावजूद सकारात्मक अंदाज दिखाया और ढीली गेंदों पर प्रहार कर अपने और भारतीय टीम के लिए केएल राहुल के साथ रन जोड़े। यशस्वी व केएल राहुल की सलामी जोड़ी ने भारत की पहली पारी का आगाज कर 15ओवर में पहले घंटे मे 52 रन जोड़े। भारत ने लंच से छह मिनट पहले पारी के 25 वें ओवर की अंतिम पूर्व गेंद पर केएल राहुल (42 रन, 78 गेंद, आठ चौके) के रूप में पहला विकेट 91 रन खोया। केएल राहुल ने कार्स की देर से मूव होती गेंद को ड्राइव करने की कोशिश की लेकिन गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर पहली स्लिप में उनका कैच लपक आउट कर पैवेलियन लौटाया।

## भारत के लिए दोबारा टेस्ट क्रिकेट खेलने की भूख ने मुझे आगे बढ़ाया : नायर

**लीड्स।** भारतीय टीम में वापसी करने वाले करुण नायर शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन करने को बेताब हैं। आठ साल के अंतराल के बाद भारतीय टेस्ट टीम में वापसी करते हुए, नायर ने खुलासा किया कि देश के लिए फिर से खेलने के उनके दृढ़ निश्चय ने उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बीसीसीआई की ओर से शेयर किए गए वीडियो में नायर ने कहा कि जब मैं उठा तो मेरा पहला विचार यह था कि मैं टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं, मैं फिर से भारत के लिए खेलना चाहता हूं। शायद यही बात मुझे आगे बढ़ने और भूख बनाए रखने में मदद करती रही। यह हर दिन प्रशिक्षण के लिए जाने और हर दिन अभ्यास करने के लिए प्रेरित करती रही। उस विश्वास को कभी न खोना और उस लक्ष्य को प्राप्त करना कुछ ऐसा था जिसने मेरी मदद की। इस जर्सी को पहनकर और अपने देश का प्रतिनिधित्व करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

## अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि काली पट्टी बांध कर मैदान में उतरे खिलाड़ी

एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी



**लीड्स,** 20 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मारे गए लोगों के सम्मान में हेडिंग्ले में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट के पहले दिन भारत और इंग्लैंड टेस्ट टीम के खिलाड़ी काली पट्टी बांधकर मैदान में उतरे। दोनों टीम के बीच सीरीज का पहला मुकाबला शुरू होने से पहले खिलाड़ियों ने स्टेडियम में मौन भी रखा। दोनों टीमों ने पिछले सप्ताह अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए लोगों की याद में टेस्ट मैच के पहले दिन काली पट्टियां बांधी।

ईसीबी ने कहा कि दोनों देशों के राष्ट्रगान से पहले एक मिनट का मौन रखा गया। हमारी संवेदनाएं पिछले सप्ताह अहमदाबाद में हुई भयानक घटनाओं से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। विमान हादसे में 200 से अधिक लोगों की मौत हुई। इसमें भारतीयों के साथ ब्रिटिश नागरिक थे।

> अहमदाबाद विमान हादसे के कारण माहौल गमगीन हो गया है। इस सीरीज में खिलाड़ी देश को फिर से खुश करने का तरीका ढूंढेंगे : **ऋषभ पंत, उपकप्तान,**

भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान ऋषभ पंत ने सीरीज से पहले प्रेस कांफ्रेंस में बताया था कि अहमदाबाद विमान हादसे के कारण माहौल गमगीन हो गया है। इस सीरीज में खिलाड़ी देश को फिर से खुश करने का तरीका ढूंढेंगे। उन्होंने कहा, ''विमान हादसे में जो कुछ हुआ, मुझे लगता है कि पूरा भारत इससे निराश है। लेकिन हमारी तरफ से एकमात्र बात यह है कि हम उनके साथ हैं और हम देशवासियों को फिर से कैसे खुश कर सकते हैं। हम इस पर काम जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि आप भारत को हर समय खुश रखना चाहते हैं, लेकिन एक क्रिकेटर के तौर पर यह हर समय संभव नहीं है। लेकिन मैं अपनी तरफ से यह वादा कर सकता हूं कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और अपना 200 प्रतिशत देंगे। बता दें कि भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में मेजबान इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी के लिए मैदान पर बुलाया है। इस टेस्ट के साथ दोनों टीमों के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नए चक्र की भी शुरुआत हो चुकी है।

## ड्रॉ की तरफ बढ़ रहा श्रीलंका-बांग्लादेश गॉल टेस्ट

**गॉल,** 20 जून (एजेंसियां)। श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में खेला जा रहा टेस्ट चौथे दिन की समाप्ति के बाद ड्रॉ की तरफ बढ़ता दिख रहा है। स्टंप्स के समय बांग्लादेश ने दूसरी पारी में तीन विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाकर कुल बढ़त 187 रन की कर ली थी। कप्तान नजमूल हसन शांतो 56 और मुशफिकुर रहीम 22 रन पर नाबाद हैं। बांग्लादेश को दूसरी पारी में पहला झटका सिर्फ 24 के स्कोर पर लगा जब अनामुल हक 4 रन बनाकर आउट हो गए। लेकिन, शादमान इस्लाम ने एक छोड़ संभालकर रखा। टीम का स्कोर जब 128 था, तब वह 76 रन बनाकर तीसरे विकेट के रूप में आउट हुए। मोमिनुल हक 14 रन बनाकर दूसरे विकेट के रूप में आउट हुए थे। नजमुल हसन शांतो 56 और मुशफिकुर रहीम 22 रन पर नाबाद हैं। दोनों चौथे विकेट के लिए अब तक नाबाद 49 रन जोड़ चुके हैं। इन दोनों बल्लेबाजों ने पिछली पारी में भी शतक लगाए थे। शांतो ने 148 और रहीम ने 163 रन की पारी खेली थी। गॉल टेस्ट के पांचवें दिन अगर श्रीलंकाई स्पिनर्स का जादू चला और बांग्लादेश ने दिन के शुरुआती घंटे में विकेट गंवाए तो यह मैच रोमांचक हो सकता है और नतीजे की अपेक्षा की जा सकती है, अन्यथा टेस्ट ड्रॉ की तरफ बढ़ रहा है। श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में 485 रन बनाए थे और बांग्लादेश से 10 रन से पिछड़ गई थी। श्रीलंका के लिए पाथुम निसांका ने 187, कामिंदु मेंडिस ने 87 और दिनेश चांदीमल ने 54 रन की पारी खेली थी। बांग्लादेश के लिए नईम हसन ने पांच विकेट लिए थे, जबकि हसन महमूद ने तीन विकेट चटकाए। बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 495 रन बनाए थे।




■ कप्तान नजमूल हसन शांतो 56 और मुशफिकुर रहीम 22 रन पर नाबाद हैं।

## कैरेबियन टेस्ट सीरीज में नंबर चार पर बल्लेबाजी कर सकते हैं जोश इंग्लिश : एडम

**मेलबर्न,** 20 जून (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज एडम वोग्स ने जोश इंग्लिश को आगामी कैरेबियन टेस्ट सीरीज में नंबर चार पर बल्लेबाजी के लिए समर्थन दिया है। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के कोच वोग्स का मानना है कि विकेटकीपर-बल्लेबाज टेस्ट स्तर पर शीर्ष चार में शानदार प्रदर्शन कर सकता है, भले ही उनका प्रथम श्रेणी क्रिकेट में इस स्थान पर अनुभव कम हो।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा मार्नस लाबुशेन को टीम से बाहर करने के ऐलान के बाद इंग्लिश को वेस्टइंडीज के खिलाफ बारबाडोस में होने वाले पहले टेस्ट के लिए शामिल किया गया है। चयनकर्ताओं ने यह भी पुष्टि की है कि स्टीव स्मिथ चोट के कारण बाहर रहेंगे। इंग्लिश और सैम कोंस्टस को सीधे रिप्लेसमेंट के रूप में शामिल किया गया है। हालांकि, प्लेइंग इलेवन और बल्लेबाजी क्रम अभी तय नहीं है। सैम कोंस्टस के उस्मान ख्वाजा के साथ ओपनिंग करने की उम्मीद है, क्योंकि



चयनकर्ता वेस्टइंडीज दौरे और एशेज के लिए एक स्थिर सलामी जोड़ी बनाना चाहते हैं, जो 12 टेस्ट मैचों में पांच अलग-अलग संयोजनों के साथ खेला जाएगा। स्मिथ के ग्रेनाडा में होने वाले दूसरे टेस्ट में वापस आने की उम्मीद है। इसलिए संभावना है कि कैमरून ग्रीन हाल ही में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में विफल होने के बावजूद तीसरे नंबर पर ही रहेंगे। इससे इंग्लिश को नंबर 4 पर जगह मिल सकती है, ताकि स्मिथ की वापसी पर ज्यादा बदलाव न करना पड़े। ट्रेविस हेड पांचवें नंबर पर मजबूती से टिके हुए हैं। ईएसपीएनक्रिकइन्फो ने वोग्स के हवाले से कहा कि विकेटकीपर होने के कारण आमतौर पर नीचे बल्लेबाजी करनी पड़ती है। हमने कुछ साल पहले जोश को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग के लिए आजमाया था, जो हमेशा मुश्किल होता है। उन्होंने कहा कि हमने ऐसा इसलिए किया, क्योंकि हमें लगा कि तकनीकी रूप से वह इस भूमिका को निभाने में सक्षम हैं। मुझे लगता है कि बिना विकेटकीपिंग के बोझ के, वह इस भूमिका को भर सकते हैं और अगर आप एशेज सीजन के दौरान टेस्ट टीम की संरचना की बात करें, तो मुझे लगता है कि ये तीन टेस्ट कई खिलाड़ियों के लिए और खास तौर पर जोश के लिए इस भूमिका में अपनी दावेदारी पेश करने का शानदार मौका हैं। 30 साल की उम्र में इंग्लिश इस साल सभी प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने श्रीलंका में अपने टेस्ट डेब्यू पर नंबर पांच पर बल्लेबाजी करते हुए शतक बनाया था, यह उस पोजीशन पर उनका पहला शतक था। नंबर तीन और नंबर चार पर उनका अनुभव और भी कम है।

### सार संक्षेप

#### क्रिकेट पर सट्टेबाजी कर रहे दो आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा।** राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के सदर थाना क्षेत्र में पुलिस ने लाखों रुपए के ऑनलाइन सट्टेबाजी के कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को रात में ईरास 100 फुट रोड पर तमिलनाडु क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते हुए विनोद जाट को गिरफ्तार किया। जांच के बाद तीन और नाम सामने आए जिनमें मनीष, फजल और दीपक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक अन्य कार्रवाई के तहत पुलिस ने ईरास रोड पर गोपी सिंधी को ऑनलाइन सट्टे के आरोप में पकड़ा है। गोपी ने यह काम आजाद नगर स्थित एक कारोबारी के लिए करना बताया है। पुलिस इन मामलों की जांच कर रही है।

#### बुब्लिक ने सिनर को हराकर हाले ओपन में किया उलटफेर

**बर्लिन।** कजाकिस्तान के टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक ने हाले ओपन में बड़ा उलटफेर करते हुए इटली के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर को हराकर टूर्नामेंट अगले दौर में जगह बना ली है। गत चैंपियन सिनर गुरुवार को कजाकिस्तान के बुब्लिक से 3-6, 6-3, 6-4 से हार गए। अगस्त 2023 के बाद रैकिंग के हिसाब से सिनर की यह बहुत बड़ी हार है। अगस्त 2024 के बाद से यह पहली बार है जब सिनर दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के अलावा किसी अन्य खिलाड़ी से हारे हैं। फ्रेंच ओपन चैंपियन कोको गॉफ को भी ग्रास-कोर्ट सीजन के अपने पहले मैच में आश्चर्यजनक हार का सामना करना पड़ा, बर्लिन ओपन में उन्हें चीन की वांग जिन्यू से 6-3, 6-3 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया की 48वें नंबर की खिलाड़ी वांग ने रोलांड गैरोस में जीत के 12 दिन बाद गॉफ को हराकर उनके सात मैचों की जीत का सिलसिला खत्म कर दिया। बर्लिन में खेले जा रहे हाले ओपन में ही दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने दो दिनों तक चले मैच में स्विस रेबेका मासरोवा को 6-2, 7-6 (8-6) से हराया।



## चोटिल स्मिथ, लाबुशेन बाहर, कोंस्टास और इंग्लिस की हुई पहले टेस्ट मैच में वापसी

**सिडनी,** 20 जून (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले सप्ताह से शुरु होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए जहां ऑस्ट्रेलिया की टीम में सैम कोंस्टास और जॉश इंग्लिस की वापसी हुई है वहीं चोटिल बल्लेबाज स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन वेस्टइंडीज के खिलाफ बारबाडोस में होने वाले पहले टेस्ट मैच से बाहर रखा गया है। ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति ने बुधवार से शुरु होने वाले पहले टेस्ट से लगभग एक सप्ताह पहले सैम कोंस्टास और जॉश इंग्लिस की टीम में वापसी की घोषणा की है। स्मिथ को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में स्लिप पर क्षेत्ररक्षण के दौरान चोट लगी थी। समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने शुक्रवार सुबह जारी एक बयान में कहा कि अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर लाबुशेन इस टीम का एक बहुत ही महत्वपूर्ण सदस्य हो सकता है। उसे पता है कि उसका प्रदर्शन उस स्तर पर नहीं रहा है जिसकी हम या वह उम्मीद करते हैं। हम उसके खेल के उन क्षेत्रों पर उसके साथ काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि हमने स्टीव और लाबुशेन की जगह जोश और सैम को मौका देने का फैसला किया है। हम उन्हें अपने नवोदित टेस्ट करियर को आगे बढ़ाने का मौका मिलने पर उत्साहित हैं।



## सीपीएल 2025 से पहले ट्रिनबागो नाइट राइडर्स ने ब्रावो को मुख्य कोच नियुक्त किया

**त्रिनिदाद एंड टोबैगो,** 20 जून (एजेंसियां)। ट्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) ने कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2025 के आगामी सीजन के लिए वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो को अपना नया हेड कोच नियुक्त किया है। ब्रावो के नेतृत्व में टीकेआर 17 अगस्त से ऐतिहासिक 5वें सीपीएल खिताब की तलाश में अपनी यात्रा शुरू करेगी। फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा कि मैच जिताने वाले प्रदर्शनों और चैंपियनशिप क्षणों से भरे एक शानदार खेल करियर के बाद, ब्रावो अब एक नई भूमिका में बागडोर संभालेंगे, और डगआउट से नाइट्स की अगली पीढ़ी को प्रेरित और प्रशिक्षित करने के लिए तैयार हैं।ब्रावो ने 2013 से 2024 के बीच सीपीएल में 107 मैच खेले। उन्होंने 11 में से नौ सीजन में टीकेआर का प्रतिनिधित्व किया और पांच बार खिताब अपने नाम किया। जिसमें 2021 भी शामिल है, जब उन्होंने सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स का नेतृत्व किया था। 129 सीपीएल विकेट और 1,155 रन के साथ, ब्रावो सीपीएल इतिहास के सबसे सफल क्रिकेटरों में से एक हैं। ब्रावो ने कहा कि टीकेआर का मुख्य कोच बनने का अवसर मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है।



■ ब्रावो के नेतृत्व में टीकेआर 17 अगस्त से ऐतिहासिक 5वें सीपीएल खिताब की तलाश में अपनी यात्रा शुरू करेगी

## पंजाब, हरियाणा ने महिला वर्ग में, महाराष्ट्र और ओडिशा ने जीते पुरुष वर्ग के मुकाबले

**चेन्नई,** 19 जून (एजेंसियां)। प्रथम हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 के दूसरे दिन महिला वर्ग में पंजाब और हरियाणा ने अपने-अपने मैच जीते, जबकि पुरुष वर्ग में महाराष्ट्र और ओडिशा ने जीत दर्ज की। आज यहां खेले गये पहले मुकाबले में पंजाब ने महिला वर्ग में ओडिशा को 3-1 से हराया। पंजाब के लिए संगीता मिंज ने (तीसरे) मिनट, कैप्टन अमनदीप कौर ने (पांचवें) मिनट और नीति ने (26वें) मिनट में गोल किए, जबकि रंजीता बेक ने (50वें) हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा के लिए एकमात्र सांत्वना गोल ही कर सकीं। दूसरे मैच में हरियाणा ने महिला वर्ग में तमिलनाडु को 8-4 से हराया। तमिलनाडु के लिए सुरेश रसना बाबू ने (दूसरे, 20वें) मिनट में गोल किए, जबकि क्रिस्टी एलेना एडवर्ड ने (40वें) और सौम्या ने (56वें) मिनट में एक-एक गोल किया। दूसरी ओर, चिंगशुबाम संगाई इबेमहाल ने (तीसरे, 10वें, 13वें) मिनट और सोनिका यादव ने (32वें, 49वें, 51वें) मिनट में गोलकर हैट्रिक बनाकर मैच को अपने प्रतिद्वंद्वी से दूर कर दिया। सुमन लता चुम्बक ने (26वें) और नीतू कुमारी (44वें) मिनट में एक-एक गोल करके टूर्नामेंट में पहली जीत सुनिश्चित की।



## टिम पेन को ऑस्ट्रेलिया 'ए' पुरुष टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया

**मेलबर्न,** 20 जून (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ए पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। इस सीरीज की शुरुआत 4 जुलाई से डार्विन में श्रीलंका ए के खिलाफ सीरीज से होगी। डार्विन में श्रीलंका ए के खिलाफ सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ए के कोचिंग समूह में टिम पेन के साथ राष्ट्रीय तेज गेंदबाजी कोच एडम ग्रिफिथ, ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम के सहायक कोच स्कॉट प्रेस्टिज, और नॉर्दर्न टेरिटरी क्रिकेट के पाथवे और डेवलपमेंट कोच ट्रेंट कीप शामिल होंगे। राष्ट्रीय टीमों के सीए कार्यकारी महाप्रबंधक बेन ओलिवर ने टिम पेन के ऑस्ट्रेलिया ए के मुख्य कोच के रूप में नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि टिम पिछले दो वर्षों से राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं और अब इस भूमिका में भविष्य के ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों को निखारने के लिए अपने पैशन और आधुनिक कोचिंग अनुभव का उपयोग करेंगे। टिम का समृद्ध खेल और कोचिंग अनुभव उभरते खिलाड़ियों को अगले स्तर तक ले जाने में महत्वपूर्ण होगा। पेन ने 2009 और 2021 के बीच राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया था। वह ऑस्ट्रेलिया ए और एडिलेड स्ट्राइकर्स के लिए अपनी कोचिंग प्रतिबद्धताओं के अलावा आगामी सत्र में ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम को कोचिंग सहायता प्रदान करना जारी रखेंगे। उन्होंने पिछले दो वर्षों के दौरान ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम और ऑस्ट्रेलिया ए पुरुष कार्यक्रम के साथ सहायक क्षमता में काम किया है और गत दिसंबर में भारत के खिलाफ पीएम इलेवन को कोचिंग दी थी। इस बीच, गैर-अनुबंधित बाएं हाथ के स्पिनर जेडेन जेह को भी डार्विन में श्रीलंका के खिलाफ मल्टी-फॉर्मेट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ए की टीम में शामिल किया गया है। जेह ने पिछले सीजन



> पिछले दो वर्षों से राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं और अब इस भूमिका में भविष्य के ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों को निखारने के लिए अपने पैशन और आधुनिक कोचिंग अनुभव का उपयोग करेंगे : **टिम टिम पेन**

## जिंबाब्वे टेस्ट सीरीज बावुमा बाहर, केशव महाराज करेंगे कप्तानी

**जोहान्सबर्ग,** 20 जून (एजेंसियां।) हाल ही में साउथ अफ्रीका को अपनी कप्तानी में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब दिलाने वाले टेंबा बावुमा जिंबाब्वे के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह स्पिन गेंदबाज केशव महाराज कप्तानी करेंगे। टेंबा बावुमा बाएं टखने में खिंचाव की वजह से जिंबाब्वे के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हुए हैं। यह इंजरी उन्हें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दौरान ही हुई थी, हालांकि तब उन्होंने इंजरी के साथ बैटिंग की थी और दूसरी पारी में 66 रन बनाकर टीम को चैंपियन बनाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, कि दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के कप्तान टेंबा बावुमा बाएं पैर में हैमस्ट्रिंग खिंचाव के कारण जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। बावुमा को लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी के दौरान बल्लेबाजी करते समय चोट लगी थी। चोट की गंभीरता का



■ टेंबा बावुमा बाएं टखने में खिंचाव की वजह से जिंबाब्वे के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हुए है

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com



# 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025

*'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग'*
*'Yoga for One Earth-One Health'*



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## "योग संगम"

सामूहिक योग अभ्यास कार्यक्रम

प्रधानमंत्री
**नरेन्द्र मोदी**
द्वारा उद्‌बोधन (वर्चुअल माध्यम से)

प्रातः 6:00 बजे | अटल पथ, तात्या टोपे नगर, भोपाल

खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परम्परा पर
**राष्ट्रीय मंथन कार्यशाला**

वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला के
**आधुनिक तारामंडल का लोकार्पण**

दोपहर 12:00 बजे | डोंगला, उज्जैन

गरिमामयी उपस्थिति
**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**21 जून, 2025**





"भारत की प्राचीनतम विद्या 'योग' निरोगी शरीर, उत्तम स्वास्थ्य और ऊर्जा प्राप्ति का अक्षय स्रोत है। हम भारत के प्राचीन ज्ञान की विरासत, जिसने भारत को हजारों वर्षों से समृद्ध बनाये रखा है, उसे न केवल संरक्षित करने बल्कि उसके वैज्ञानिक पक्ष को आधुनिक दृष्टिकोण से परिभाषित किये जाने के प्रतिबद्ध प्रयास कर रहे हैं।"

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

मध्यप्रदेश सरकार की अनूठी पहल के तहत अपनी तरह की पहली कार्यशाला में 200 से अधिक विद्वान ज्योतिषाचार्य सम्मिलित होकर करेंगे खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परम्परा पर मंथन

डोंगला स्थित वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला में बनकर तैयार हुए आधुनिक तारामंडल में सौर मंडल के दृश्यों का अवलोकन किया जा सकेगा

इस तारामंडल के माध्यम से खगोलीय घटनाओं की जानकारी का रुचिकर प्रदर्शन लोगों को खगोल विषय के ज्ञान से परिचित करायेगा

योग शिविर, शून्य छाया अवलोकन, साइंस शो, स्टेम वर्कशॉप का आयोजन

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhypradesh @jansamparkMP JansamparkMP

D-11049/25

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2025

# जबलपुर, बालाघाट समेत अन्य जिलों में बारिश



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर और बालाघाट, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, नरसिंहपुर में शुक्रवार को मानसून की बारिश हुई। इस बीच जबलपुर में तो कई बार बारिश की फुहार हो रही थी, इससे लोगों को उमस वाली गर्मी से राहत मिली। 20 जून को होने वाली बारिश की फुहारों को देखकर लोग कह रहे थे कि अब लग रहा है कि मानसून की बारिश हुई है। इससे तापमान सामान्य से 7 डिग्री पहुंच गया है। इसके पहले सुबह से आसमान में काले घने बादल छाये हुये थे। इससे लग रहा था कि कभी भी बारिश शुरू हो सकती है, हालाकि ऐंसा मौसम बीते दिवस से ही बन गया था।

FOR PRIVATE SCREENING CALL +917999968989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888, 4069889
समदड़िया सिनेमा
BOOK YOUR TICKET & FOOD NO WHATSAPP SAMDAREEYA CINEMA +917999968989
SITAARE ZAMEEN PAR 11:15AM 02:00PM 03:30PM 05:00PM 06:30PM 08:00PM 09:30PM 10:45PM
HOUEFULL-5 10:00AM 12:30PM 03:00PM 06:30PM 08:00PM 10:45PM
ELIO 3D(HINDI) 09:30AM 06:00PM
KUBERA 03:15PM 10:00PM
28 YEAR LATER 12:45PM
BHOOL CHUK MAAF 01:00PM

# असफल साबित हुई नंदन फलोद्यान योजना

## स्व सहायता समूहों के मत्थे मढ़ने चल रही तैयारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले के साथ ही समूचे प्रदेश में ग्रामीण विकास विभाग की नंदन फलोद्यान योजना पूरी तरह असफल साबित हुई हैं। विभाग के अदूरदर्शी अधिकारियों की वजह से असफल रही योजना को अब स्व-सहायता समूहों के मत्थे मढने् की तैयारी की जा रही हैं। इसके लिए राज्य आजीविका मिशन का सहयोग लिया जा रहा है। जो पहले ही घोटालों व अवैध नियुक्तियों को लेकर बदनाम है। बताया जा रहा हैं कि मनरेगा की फेल हो चुकी उप योजना नंदन फलोद्यान को मिशन के स्व-सहायता समूहों से जोडने् का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया हैं। मंजूरी मिली तो स्व-रोजगार में जुटी समूह की महिलाएं अब नंदन फलोद्यान भी तैयार करेंगी लेकिन प्रस्ताव की मंजूरी से पहले ही इस पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**आजीविका मिशन का रहा विवादों से नाता**

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन पहले ही घोटालों व अवैध नियुक्तियों को लेकर बदनाम है। इसके पूर्व सीईओ के खिलाफ तो ईओडब्ल्यू में एफआईआर दर्ज हो चुकी है। इसके बाद भी मिशन में नवाचार के नाम पर नौकरशाह मलाई काट रहे हैं।

### घाटे का सौदा होने से किसानों ने खींचे हाथ

दरअसल,समूहों से जुड़ी महिलाएं बीपीएल श्रेणी,भूमिहीन व सीमांत किसान परिवारों से हैं। बड़ा सवाल यही,कि जब महिलाओं के पास जमीन ही नहीं तो वे उद्यान कहां तैयार करेंगी? दरअसल,जिम्मेदार अधिकारी बुरी तरह फेल रही इस योजना को समूहों के मत्थे मढ़कर,अपनी साख बनाए रखने की कवायद कर रहे हैं।

मनरेगा की इस तीन वर्षीय उप योजना में उद्यान तैयार करने सिर्फ चार लाख रुपए दिए जाते हैं। इसमें फलदार वृक्षों के पौध रोपण से लेकर,सिंचाई व्यवस्था,रखरखाव आदि शामिल हैं। घाटे का सौदा होने से किसानों ने इसमें रुचि नहीं दिखाई। बताया जाता कि पिछली केंद्रीय समीक्षा बैठक के दौरान योजना क्रियान्वयन में फिसड्डी रहने पर प्रदेश के अधिकारियों की खासी खिंचाई भी हुई।

# सड़क हादसे में मादा तेंदुए की मौत

## अज्ञात वाहन से टक्कर की आशंका



**पांढुर्णा, देशबन्धु।** गुरुवार रात करीब 9 बजे नेशनल हाइवे 47 पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में मादा तेंदुए की मौत हो गई। यह हादसा पांढुर्णा के मोहि घाटी स्थित मोहि जलाशय के पास हुआ, जहां ग्रामीणों ने सड़क किनारे तेंदुए का शव देखा और तत्काल वन विभाग को सूचना दी।

पांढुर्णा के रेंजर प्रभुराम ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि किसी अज्ञात तेज़ रफ्तार वाहन की टक्कर से इस मादा तेंदुए की मौत हुई है। घटना स्थल हाईवे पर होने के कारण यह क्षेत्र वन्यजीवों के आवागमन की दृष्टि से संवेदनशील माना जाता है। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

पशु चिकित्सकों की टीम से पोस्टमार्टम कराया जाएगा ताकि मौत का सही कारण स्पष्ट हो सके। इस घटना से वन्यजीव संरक्षण पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं और यह ज़रूरत महसूस की जा रही है कि ऐसे इलाकों में वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संकेतक और गति नियंत्रण के उपाय किए जाएं।

# रेत माफियाओं में वर्चस्व की जंग, धांय-धांय चली गोलियां, हाईवा फूंका

## नर्मदा नदी में कूदकर लोगों ने बचाई जान

**जबलपुर, देशबन्धु।** बेलखेड़ा और शहपुरा क्षेत्र में जब तब रेत माफियाओं के बीच बर्चस्व की जंग छिड़ती रहीं है। विगत दिनों ऐसा ही एक मामला नवीन चरगवां घाट में सामने आया। जहां दो कारों से पहुंचे बदमाशों ने रेत परिवहन करने वाले कर्मियों पर दनादन फायरिंग कर दी, जिससे उन्हें नर्मदा नदी में कूदकर अपनी जान बचानी पड़ी।

इसके बाद आरोपियों ने रेत परिवहन कर रहे हाईवा को पेट्रोल डालकर फूंक दिया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि नीमखेड़ा निवासी 32 वर्षीय वीरेन्द्र पटेल रेत गिट्टी का परिवहन करता है। जिसने वर्ष 2027 में हाईवा क्रमांक एमपी 20 एचबी-5899 खरीदा था, जिससे वह शहपुरा नीमखेड़ा खदान से रेत का काम करता था। रज्जू लोधी और हरनाम सिंह पटेल के कहने पर उसने अपना हाईवा 29 मई 2025 को नवीन चरगवां घाट पर रेत के परिवहन पर लगाया था और 4 जून से रेत का काम शुरु कर दिया था। पीड़ित ने बताया कि विगत दिनों वह अपने साथी लखन मल्लाह, रोहित मल्लाह व हाईवा के ड्राईवर लक्ष्मण बर्मन चारों नवीन घाट के पास थे। घटना के बाद क्षेत्र में डर का माहौल है।

TAKSHSHILA
Group of Institutions, Jabalpur (M.P.)
World Class Infrastructure, Placement, Facilities, Industrial Exposure
@AFFORDABLE FEES
B.TECH. DIPLOMA M.TECH. ITI MBA
Our Recruiters
Facilities • LIBRARY • MESS • BUS SERVICE • CANTEEN • HOSTEL • SPORTS/NCC
Website www.takshshila.org
Takshshila Hills, Sharda Mandir Road, Madan Mahal, Jabalpur - 482001 (M.P.)
HELPLINE 8461811104 9229237692

जबलपुर आई केयर
डॉ. पूजा मिश्रा (एम.बी.बी.एस., एम.एस., नेत्र सर्जन)
प्रत्येक शुक्रवार निःशुल्क नेत्र परीक्षण
समय-सुबह 11 से 2 बजे तक
पता- खुशी प्लाजा कॉम्पलेक्स, भंवरताल गार्डन, जबलपुर
रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें- 9009101571, 0761-4003010, 8103157419

नेशनल हॉस्पिटल
स्थान- 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612
C.G.H.S., C.S.M.A., E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त
सुपर स्पेशिलिटी विभाग
• हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) • न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) • यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगों का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेजर द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) • शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतों में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) • हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) • छाती रोग • नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) • स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) • नेत्र रोग • शिशु रोग
28 वर्षों से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान

सोनू पोल्ट्री

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 96 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 106 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 114 |

मो.- 9039925999




J.B.F.A
जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 118 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 110 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 100 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 100 |

मो.-9039925000, 9425800409

